राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

जागरण मोर्चा अब बरेली में मात्र 5/- में

# जागरण मोर्चा

सफलता के 5 वर्ष

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद में प्रसारित   www.jagranmorcha.com   जन-जन की आवाज

लखनऊ वर्ष : 05 अंक : 33   सोमवार 16 मार्च 2026   चैत्र कृष्ण एकादशी विक्रम संवत 2082   पृष्ठ : 12 मूल्य : 05 रूपया

# निर्वाचन आयोग ने बंगाल समेत 5 राज्यों के विधानसभा चुनाव का किया ऐलान

एजेंसी समाचार

**नई दिल्ली।** निर्वाचन आयोग ने रविवार को पश्चिम बंगाल, केरल, असम, तमिलनाडु और पुडुचेरी में विधानसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा की। सभी राज्यों में मतगणना चार मई को होगी। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने बताया कि पश्चिम बंगाल विधानसभा के लिए दो चरण में 23 और 29 अप्रैल को मतदान होगा। उन्होंने संवाददाता सम्मेलन में बताया कि तमिलनाडु की 234 सदस्यीय विधानसभा के लिए 23 अप्रैल को मतदान होगा।




कुमार ने बताया कि केरल, असम और पुडुचेरी के लिए नौ अप्रैल को एक चरण में मतदान होगा। उन्होंने बताया कि चारों राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए मतगणना चार मई को होगी। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने कहा, "शुद्ध मतदाता सूची हमारे लोकतंत्र की आधारशिला है; किसी भी पात्र मतदाता को हटाया नहीं जाना चाहिए और किसी भी अपात्र मतदाता को शामिल नहीं किया जाना चाहिए।"

उन्होंने बताया कि पांच राज्य विधानसभाओं के 824 निर्वाचन क्षेत्रों के चुनावों में कुल 17.4 करोड़ मतदाता मतदान के पात्र हैं। उन्होंने बताया कि चार राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश में 2.19 लाख मतदान केंद्रों पर मतदान होगा, जहां 25 लाख चुनाव अधिकारी ड्यूटी पर तैनात रहेंगे। कुमार ने बताया कि असम, केरल, पुडुचेरी, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में प्रति मतदान केंद्र पर मतदाताओं की औसत संख्या 750-900 है।

**मुख्य चुनावी तारीखें:**

केरल, असम और पुडुचेरी: एक ही चरण में 9 अप्रैल 2026 को मतदान।

तमिलनाडु: एक चरण में 23 अप्रैल 2026 को मतदान।

पश्चिम बंगाल: दो चरणों में मतदान - 23 अप्रैल 2026 और 29 अप्रैल 2026।

परिणाम घोषणा: सभी जगहों पर 4 मई 2026 को मतगणना और नतीजे।

चुनाव कार्यक्रम की घोषणा के साथ ही इन सभी राज्यों व केंद्र शासित प्रदेश पंडुचेरी में आदर्श आचार संहिता तुरंत लागू हो गई है।

# शराब नीति मामले में अरविन्द केजरीवाल पहुंचे सुप्रीम कोर्ट

## सीबीआई की अपील दूसरी बेंच में भेजने की मांग

एजेंसी समाचार

**नई दिल्ली।** दिल्ली की रद्द की गई आबकारी नीति मामले को लेकर आम आदमी पार्टी के नेता अरविंद केजरीवाल ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है। उन्होंने अदालत से मांग की है कि उनके खिलाफ सीबीआई की अपील को दिल्ली हाई कोर्ट की मौजूदा बेंच से हटाकर किसी दूसरी बेंच में स्थानांतरित किया जाए। इस मामले में पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने भी अलग याचिका दायर की है। दोनों नेताओं ने हाई कोर्ट की ओर से जारी समन को भी सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है।

यह मामला उस समय फिर चर्चा में आया जब 27 फरवरी को ट्रायल कोर्ट ने आबकारी नीति से जुड़े मामले में अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया और 21 अन्य आरोपियों को आरोपों से मुक्त कर दिया था। अदालत ने सीबीआई की चार्जशीट पर कड़ी टिप्पणी करते हुए कहा था कि यह न्यायिक जांच में टिक नहीं सकी। इसके बाद सीबीआई ने इस फैसले को चुनौती देते हुए दिल्ली हाई कोर्ट में अपील दायर कर दी। यह मामला फिलहाल जस्टिस स्वरना कांत शर्मा की बेंच के सामने सूचीबद्ध है।

अरविंद केजरीवाल ने सुप्रीम कोर्ट में दायर याचिका में कहा है कि सीबीआई की अपील की सुनवाई किसी दूसरी बेंच के सामने कराई जाए। उनका कहना है कि उन्हें यह आशंका है कि मौजूदा बेंच में मामले की सुनवाई पूरी तरह निष्पक्ष तरीके से नहीं हो पाएगी। केजरीवाल ने कहा कि यह मांग किसी व्यक्ति विशेष के खिलाफ नहीं है, बल्कि न्यायिक प्रक्रिया में निष्पक्षता बनाए रखने के लिए की गई है।

याचिका में कहा गया है कि जब सीबीआई की याचिका पर सुनवाई शुरू हुई, तब जस्टिस स्वरना कांत शर्मा ने शुरूआती चरण में ही ट्रायल कोर्ट के फैसले को पहली नजर में गलत बताया था। केजरीवाल का कहना है कि यह टिप्पणी उस समय की गई जब दूसरी पक्ष की दलीलें अभी सुनी नहीं गई थीं। इससे उन्हें निष्पक्ष सुनवाई को लेकर गंभीर आशंका हुई।

याचिका में यह भी कहा गया है कि जस्टिस शर्मा पहले भी इस मामले से जुड़े कई मामलों की सुनवाई कर चुकी हैं। इनमें अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ याचिका, आम आदमी पार्टी के नेताओं की जमानत याचिकाएं और अन्य आरोपियों से जुड़े मामले शामिल हैं। इनमें तेलंगाना जागृति की अध्यक्ष के कविता से जुड़ा मामला भी रहा है।



नौ मार्च को जस्टिस शर्मा की बेंच ने ट्रायल कोर्ट की उस सिफारिश पर रोक लगा दी थी, जिसमें जांच अधिकारी के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की बात कही गई थी। साथ ही बेंच ने सीबीआई की अपील पर सभी 23 आरोपियों को नोटिस जारी किया था। अदालत ने कहा था कि ट्रायल कोर्ट के कुछ निष्कर्ष पहली नजर में गलत प्रतीत होते हैं और उनकी आगे जांच जरूरी है।

# ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची का बड़ा बयान

## स्ट्रेट ऑफ होर्मुज सिर्फ अमेरिका और इजरायल के जहाजों के लिए बंद

एजेंसी समाचार




**तेहरान।** मध्य पूर्व में तेज होते संघर्ष के बीच ईरान ने होर्मुज स्ट्रेट को लेकर स्पष्ट रुख अपनाया है। ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने एक इंटरव्यू में कहा कि स्ट्रेट ऑफ होर्मुज पूरी तरह बंद नहीं है, बल्कि यह केवल "दुश्मन देशों" के जहाजों और टैंकरों के लिए प्रतिबंधित है। उन्होंने स्पष्ट रूप से अमेरिका और इजरायल को निशाना बनाते हुए कहा कि इन देशों के जहाजों को इस महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग से गुजरने की अनुमति नहीं होगी। अराघची ने कहा, "होर्मुज जलडमरूमध्य वास्तव में खुला हुआ है। यह सिर्फ हमारे दुश्मनों, हमारे और हमारे सहयोगियों पर हमला करने वालों के टैंकरों और जहाजों के लिए बंद है। बाकी सभी देशों के लिए कोई पाबंदी नहीं है।" यह बयान ऐसे समय में आया है जब अमेरिका और इजरायल द्वारा ईरान पर लगातार हमले हो रहे हैं, और ईरान भी जवाबी कार्रवाई कर रहा है। मंत्री ने जोर देकर कहा कि कई टैंकर अभी भी इस मार्ग से गुजर रहे हैं, लेकिन सुरक्षा चिंताओं के कारण कुछ जहाज खुद ही इससे बच रहे हैं—यह ईरान की वजह से नहीं है।

**रूस-चीन के साथ मजबूत रिश्ते**

इंटरव्यू में अराघची ने रूस और चीन को ईरान के रणनीतिक साझेदार बताया। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के साथ सैन्य और खुफिया सहयोग पहले से चल रहा है और यह जारी रहेगा। यह बयान वैश्विक ऊर्जा बाजार के लिए अहम है, क्योंकि होर्मुज स्ट्रेट से दुनिया का लगभग 20% तेल गुजरता है। ईरान का यह रुख साफ करता है कि वह पूरे विश्व व्यापार को बाधित नहीं करना चाहता, बल्कि सिर्फ अपने विरोधियों पर दबाव बनाना चाहता है। क्या यह बयान तनाव को और बढ़ाएगा या स्थिति को नियंत्रित करने की कोशिश है? मध्य पूर्व की यह आग अब वैश्विक अर्थव्यवस्था को भी प्रभावित कर सकती है।

## सदैव अमर रहेगी सनातन संस्कृति की मयार्दा... चित्तौड़गढ़ में सीएम योगी बोले- भारत को कमजोर कर रही जातिवाद की राजनीति

एजेंसी समाचार

**चित्तौड़गढ़/लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जातिवाद की राजनीति देश की नींव को कमजोर कर रही है और समाज को बांटने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि जिन्हें कुछ नहीं करना है, वे समाज को जाति के आधार पर विभाजित करने की कोशिश कर रहे हैं, जिससे भारत की एकता और शक्ति पर असर पड़ता है। रविवार को चित्तौड़गढ़ में जौहर स्मृति संस्थान द्वारा आयोजित 'जौहर श्रद्धांजलि समारोह' में जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर की पंक्तियां उद्धृत करते हुए कहा कि वीरों का सम्मान उनके पराक्रम और तपोबल से होता है, जबकि कायर लोग जाति के नाम पर समाज में विभाजन करते हैं।

# एम्स में इच्छामृत्यु की प्रक्रिया शुरू

## हरीश के दो लाइफ सपोर्ट के प्रमुख पाइप हटाए गए, डॉक्टरों ने बनाई नजर

एजेंसी समाचार

**नई दिल्ली।** देश में पहली बार इच्छामृत्यु की प्रक्रिया के तहत एम्स में भर्ती हरीश राणा के लाइफ सपोर्ट सिस्टम को धीरे-धीरे हटाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। सूत्रों के अनुसार, एम्स के इंस्टीट्यूट रोटरी कैंसर अस्पताल की पैलिएटिव केयर यूनिट में भर्ती हरीश राणा के लाइफ सपोर्ट से जुड़े दो प्रमुख पाइप हटा दिए गए हैं।

जानकारी के मुताबिक, डॉक्टरों की निगरानी में यह प्रक्रिया बेहद सावधानी के साथ चरणबद्ध तरीके से की जा रही है। विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम लगातार उनकी हालत पर नजर बनाए हुए है। बताया जा रहा है कि यह पूरी प्रक्रिया मेडिकल प्रोटोकॉल और कानूनी दिशा-निदेशों के तहत ही आगे बढ़ाई जा रही है।



सूत्रों का कहना है कि लाइफ सपोर्ट के कुछ उपकरण हटाए जाने के बाद अब आगे की स्थिति हरीश राणा के शरीर की प्रतिक्रिया और चिकित्सकीय स्थिति पर निर्भर करेगी। डॉक्टरों का मानना है कि निष्क्रिय इच्छामृत्यु की यह प्रक्रिया जल्द ही पूरी हो सकती है, हालांकि इसके लिए कोई निश्चित समयसीमा तय नहीं की गई है।

गौरतलब है कि निष्क्रिय इच्छामृत्यु के तहत मरीज को जीवनरक्षक उपकरणों पर कृत्रिम रूप से जिंदा रखने वाली चिकित्सा सहायता धीरे-धीरे हटाई जाती है। सुप्रीम कोर्ट ने कुछ सख्त शर्तों के साथ इस प्रक्रिया को कानूनी मंजूरी दी हुई है, जिसके तहत मरीज की स्थिति, परिवार की सहमति और मेडिकल बोर्ड की अनुमति अनिवार्य होती है।

एम्स में चल रही यह प्रक्रिया देश में निष्क्रिय इच्छामृत्यु के मामलों को लेकर एक महत्वपूर्ण मिसाल के तौर पर देखी जा रही है। अस्पताल प्रशासन और चिकित्सकीय टीम पूरे मामले को संवेदनशीलता और सावधानी के साथ संभाल रही है।

## ट्रंप का ईरान पर तीखा वार: 'सरेंडर करो, नहीं तो होगी और बबार्दी', सुप्रीम लीडर मुज्तबा की मौत की अफवाहों को हवा दी

एजेंसी समाचार




**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान को सीधे सरेंडर करने की चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि ईरान के नए सुप्रीम लीडर मुज्तबा खामेनेई शायद जिंदा ही नहीं हैं। मध्य पूर्व में जारी हिंसा को लेकर ट्रंप ने तुरंत युद्ध रोकने की किसी भी संभावना से इनकार कर दिया। एक टेलीफोन इंटरव्यू में ट्रंप ने खुलकर कहा कि तेहरान भले ही दुश्मनी खत्म करने की कोशिश कर रहा हो, लेकिन वो अभी की शर्तों से खुश नहीं हैं। उन्होंने जोर दिया कि कोई भी डील "पक्की और मजबूत" होनी चाहिए, वरना बात नहीं बनेगी। ट्रंप ने हाल ही में अयातुल्लाह अली खामेनेई की मौत के बाद पद संभालने वाले मुज्तबा की हालत पर गंभीर सवाल उठाए। मुज्तबा के सार्वजनिक तौर पर नजर न आने पर ट्रंप बोले, "मुझे नहीं पता वो जिंदा हैं भी या नहीं। अभी तक किसी ने उन्हें देखा तक नहीं।" उन्होंने आगे कहा कि अफवाहें हैं कि मुज्तबा अब इस दुनिया में नहीं हैं, और अगर वो जिंदा हैं तो उन्हें देश हित में समझदारी दिखानी चाहिए—यानी सरेंडर। बता दें कि पीट हेगसेथ ने शुक्रवार को दावा किया था कि हाल के हमलों में मुज्तबा बुरी तरह घायल हो गए हैं और शायद विकृत भी। हेगसेथ के मुताबिक, ईरानी लीडर "डरे हुए, चोटिल और बिना वैधता के" हैं।

# 'आप सदैव संसद की मूल प्रकृति में रखते हैं गहरा विश्वास'

## पीएम मोदी के पत्र पर ओम बिरला ने जताया आभार

एजेंसी समाचार

**नई दिल्ली।** संसद के बजट सत्र के प्रथम चरण के दौरान लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के खिलाफ विपक्ष की तरफ से उन्हें इस पद से हटाए जाने का प्रस्ताव लाया गया था। जो बजट सत्र के दूसरे चरण में सदन में ध्वनिमत से खारिज हो गया। वहीं इससे पहले पीएम मोदी ने राजस्थान के कोटा में वहां के सांसद और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला की जमकर तारीफ की और उन्हें शानदार सांसद और बेहतरीन लोकसभा अध्यक्ष बताया था। इसके बाद प्रधानमंत्री की तरफ से लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पत्र भी लिखा गया था।



वहीं, अब लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला की तरफ से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का उनके पत्र के लिए आभार जताया गया है। सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में ओम बिरला ने लिखा- माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी, आपका पत्र प्राप्त हुआ। भारत के संसदीय लोकतंत्र के नियमों, प्रक्रियाओं और परंपराओं के प्रति आपका हमेशा अटूट विश्वास रहा है। आपका पत्र लोक सेवा के उन उच्चतम नैतिक मूल्यों को व्यक्त करता है, जिन्हें आपने अपने दीर्घ सार्वजनिक जीवन में जिया है; वर्तमान में भारत के प्रधानमंत्री के रूप में तथा इससे पूर्व गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में। आप सदैव संसद की मूल प्रकृति - संवाद, तर्क और विचार-विमर्श में गहरा विश्वास रखते हैं। आप संसद में उठने वाली प्रत्येक आवाज को लाखों भारतीय नागरिकों की आवाज के रूप में सम्मान देते हैं। आप हमेशा संसदीय कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हैं और संसद में उठाए गए प्रत्येक मुद्दे का समाधान निकालने का प्रयास करते हैं। आपका यह संदेश दलगत सीमाओं से ऊपर उठकर संसद, राज्य विधानमंडल तथा स्थानीय निकायों के सभी जनप्रतिनिधियों को प्रेरित करेगा और हमारे स्वतंत्रता सेनानियों तथा संविधान सभा के सदस्यों द्वारा स्थापित लोकतंत्र के सशक्त नैतिक आधार को और सुदृढ़ करेगा। आपके प्रेरणादायी शब्दों के लिए हार्दिक आभार।

बता दें कि, विपक्ष ने कहा था कि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सदन की कार्यवाही के दौरान पक्षपातपूर्ण रवैया अपनाया और कांग्रेस के सांसदों को लेकर कुछ गलत दावे भी किए। इसी वजह से कई विपक्षी दलों के नेताओं ने उन्हें हटाने का प्रस्ताव दिया था। नियमों के अनुसार, प्रस्ताव दिए जाने के बाद ओम बिरला ने खुद को कार्यवाही से अलग कर लिया है और कहा था कि प्रस्ताव पर फैसला होने के बाद ही वह फिर से सदन की कार्यवाही संभालेंगे।

## नोएडा स्पोर्ट्स सिटी परियोजना पर सुप्रीम कोर्ट सख्त, कहा-

# देरी स्वीकार नहीं; दिया आखिरी मौका

एजेंसी समाचार

**नई दिल्ली।** नोएडा की लंबे समय से अटकी स्पोर्ट्स सिटी परियोजना को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने सख्त रुख अपनाया है। अदालत ने नोएडा प्राधिकरण को अंतिम मौका देते हुए कहा है कि वह पहले दिए गए आदेशों का पालन करे। कोर्ट ने साफ किया कि परियोजना से जुड़े मामलों में अब और देरी स्वीकार नहीं की जाएगी। यह मामला हजारों घर खरीदारों से भी जुड़ा है, जो कई वर्षों से अपने घर मिलने का इंतजार कर रहे हैं।

सुप्रीम कोर्ट की पीठ ने कहा कि 24 नवंबर 2025 और 15 जनवरी 2026 को दिए गए आदेशों का पालन करना जरूरी है। अदालत ने कहा कि नोएडा प्राधिकरण को इन निर्देशों को लागू करना होगा। यह आदेश जस्टिस एम एम सुंदरश और जस्टिस एन कोटिस्वर सिंह की पीठ ने दिया। अदालत ने पहले ही इस परियोजना को फिर से शुरू करने के लिए एक संरचित योजना को मंजूरी दी थी।

नोएडा के सेक्टर-150 में प्रस्तावित स्पोर्ट्स सिटी परियोजना उत्तर प्रदेश की सबसे बड़ी मिश्रित विकास योजनाओं में से एक मानी जाती है। इस परियोजना में खेल सुविधाओं के साथ-साथ आवासीय और व्यावसायिक ढांचा विकसित किया जाना था। इसमें स्पोर्ट्स अकादमी, प्रशिक्षण केंद्र और अन्य आधुनिक सुविधाएं बनाने की योजना थी। इस परियोजना में हजारों लोगों ने निवेश किया था।

इस परियोजना पर जनवरी 2021 में रोक लगा दी गई थी।



नोएडा प्राधिकरण की 201वीं बोर्ड बैठक में यह फैसला लिया गया था। इसके बाद नोएडा की चार स्पोर्ट्स सिटी परियोजनाओं पर काम रुक गया था।

नियामकीय कार्रवाई के

# सपा कार्यालय में मनाई गई मान्यवर कांशीराम की जयंती

जागरण मोर्चा कार्यालय




**बरेली/बहेड़ी।** समाजवादी पार्टी कार्यालय बहेड़ी में बहुजन नायक के रूप में प्रसिद्ध मान्यवर कांशीराम की जयंती रविवार को मनाई गई। इस दौरान पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और उनके विचारों को याद किया।

कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य डॉ. ब्रहमस्वरूप सागर ने कहा कि मान्यवर कांशीराम ने अपना पूरा जीवन समाज के दबे-कुचले, शोषित और वंचित वर्गों को अधिकार दिलाने के लिए समर्पित कर दिया। उन्होंने कहा कि कांशीराम का मानना था कि राजनीतिक शक्ति ही सामाजिक परिवर्तन की सबसे बड़ी ताकत होती है। जब तक समाज के लोग संगठित नहीं होंगे, तब तक उन्हें उनका हक नहीं मिल पाएगा।

इस मौके पर विधानसभा अध्यक्ष नासिर रजा खां ने भी कांशीराम के जीवन और संघर्ष पर प्रकाश डाला। उन्होंने उनके पांच प्रमुख नारों का उल्लेख करते हुए कहा कि उनके विचार आज भी समाज को दिशा देने का काम कर रहे हैं।

कार्यक्रम में नगर अध्यक्ष लईक अहमद चांदनी, एससी प्रकोष्ठ के विधानसभा अध्यक्ष डॉ. जय सिंह सागर, बाबा साहब वाहिनी के विधानसभा अध्यक्ष हरीश सागर समेत अन्य वक्ताओं ने भी मान्यवर कांशीराम के जीवन और उनके सामाजिक संघर्षों पर अपने विचार रखे। इस अवसर पर जगदीश रस्तोगी, उमेश गंगवार, इरशाद अली नेताजी, नगर मीडिया प्रभारी फरीद अंसारी, राम अवतार श्रीवास्तव, तसलीम अंसारी, लईक उस्मानी, इम्तियाज कस्सार, इरशाद अहमद अंसारी सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. ब्रहमस्वरूप सागर ने की, जबकि संचालन कोषाध्यक्ष हरस्वरूप मौर्य ने किया।

# रंग, खुशबू और खूबसूरती का मेला, पुष्प प्रदर्शनी में उमड़े लोग हुए मंत्रमुग्ध

- तीन दिन तक सजी पुष्प प्रदर्शनी

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** शहर के प्रतिष्ठित और करीब 150 वर्ष पुराने बरेली क्लब में आयोजित वार्षिक पुष्प प्रदर्शनी-2026 ने तीन दिनों तक प्रकृति की अद्भुत छटा बिखेरी। 13 से 15 मार्च तक क्लब के हरित और भव्य अग्रिम लॉन में लगे इस पुष्प महोत्सव में शहर के गणमान्य लोगों, रक्षा सेवाओं के अधिकारियों, क्लब सदस्यों और पुष्प प्रेमियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। रंग-बिरंगे फूलों की मनमोहक सज्जा और आकर्षक प्रस्तुति ने पूरे परिसर को फूलों की खुशबू से महका दिया।

पुष्प प्रदर्शनी में विभिन्न प्रजातियों के फूलों की सुंदर झांकियां प्रस्तुत की गईं। प्रतिभागियों ने अपने सृजनात्मक कौशल से फूलों को आकर्षक ढंग से सजाया, जिसमें रंगों की विविधता, आकार-प्रकार और कलात्मक संरचना देखने लायक रही। क्लब के सदस्य, स्थानीय संस्थाएं, रक्षा सेवाओं से जुड़े अधिकारी और पुष्प प्रेमियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर आयोजन को भव्य रूप दिया। तीन दिवसीय इस आयोजन में बड़ी संख्या में शहरवासी अपने परिवार और बच्चों के साथ प्रदर्शनी देखने पहुंचे। फूलों की अनोखी सजावट और अलग-अलग प्रजातियों के पौधों को देखकर लोग मंत्रमुग्ध हो गए। बच्चों और युवाओं में भी बागवानी के प्रति खासा उत्साह दिखाई दिया।

प्रदर्शनी में प्रस्तुत प्रविष्टियों का दो दिनों तक निर्णायक मंडल ने निष्पक्ष मूल्यांकन किया। निर्णायक मंडल में सुभाश्री सागरिका साहू, रीनू सिंह, सनी चावला और राम गुप्ता शामिल रहे। विभिन्न श्रेणियों में विजेताओं का चयन कर उन्हें अंक प्रदान किए गए। प्रतियोगिता में जे.एल.ए. ने 301 अंक प्राप्त कर पहला स्थान हासिल किया, जबकि जे.आर.सी. 200 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहा। हेडक्वार्टर 6 माउंटेन डिवीजन को 135 अंक मिले। वहीं फूल वाली कोठी के रजत खंडेलवाल (फ्लोरा गार्डन) सहित कई प्रतिभागियों ने अलग-अलग श्रेणियों में पुरस्कार हासिल किए। अंतिम दिन सुबह हुई हल्की पूर्व-मानसून वर्षा ने आयोजन में अलग ही ताजगी घोल दी। ठंडी हवा और बारिश से धुले ताजे फूलों की सुगंध ने पूरे वातावरण को और भी आनंदमय बना दिया। बारिश के बावजूद दर्शकों का उत्साह कम नहीं हुआ और लोग देर तक प्रदर्शनी का आनंद लेते रहे।

समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में लेफ्टिनेंट जनरल जी.डी. मिश्रा, एवीएसएम, संरक्षक-इन-चीफ, बरेली क्लब लिमिटेड, अपनी पत्नी मिसेज मिनी मिश्रा के साथ मौजूद रहे। उन्होंने विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए और पुष्प प्रदर्शनों की सराहना की। कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्रिगेडियर एच.पी.पी. सिंह, वीएसएम, अध्यक्ष निदेशक मंडल, बरेली क्लब लिमिटेड एवं कमांडेंट जाट रेजिमेंट ने की। इस अवसर पर क्लब के निदेशक राजा चावला, अनंत बीर सिंह, सौरभ मेहरोत्रा, विपिन अग्रवाल और मनीष सहगल भी उपस्थित रहे। क्लब के सचिव लेफ्टिनेंट कर्नल कंवलजीत सिंह ने आयोजन की व्यवस्थाओं में सक्रिय भूमिका निभाई, जबकि कार्यक्रम का संचालन अनंत बीर सिंह ने मास्टर ऑफ सेरेमनीज के रूप में प्रभावशाली ढंग से किया।

# हर्षित मिश्रा हत्याकांड: पूरनपुर कूच से पहले कांग्रेसी नेता हाउस अरेस्ट

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** बदायूं के हिंदुस्तान पेट्रोलियम प्लांट में हुए सनसनीखेज डबल मर्डर के बाद राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। पीलीभीत के पूरनपुर निवासी और एचपीसीएल के असिस्टेंट मैनेजर हर्षित मिश्रा की हत्या के मामले में वस्तुस्थिति जानने और पीड़ित परिवार से मिलने जा रहे कांग्रेस नेताओं को पुलिस ने रास्ते में ही रोक दिया। बरेली में उत्तर प्रदेश कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता व पूर्व महापौर प्रत्याशी डॉ. के.बी. त्रिपाठी 'गुरुजी' को पुलिस ने सुबह उनके घर पर ही हाउस अरेस्ट कर लिया।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष व पूर्व मंत्री अजय राय के निर्देश पर एक प्रतिनिधिमंडल पूरनपुर जाकर मृतक हर्षित मिश्रा के परिजनों से मिलने और घटना की जानकारी लेने वाला था। जैसे ही इसकी सूचना पुलिस प्रशासन को मिली, सुरक्षा के नाम पर कई नेताओं को उनके घरों पर ही रोक दिया गया।

शनिवार सुबह कोतवाली पुलिस अचानक डॉ. के.बी. त्रिपाठी के आवास पर पहुंच गई और उन्हें बाहर जाने से रोक दिया। काफी देर तक पुलिस और नेताओं के बीच कहासुनी भी हुई, लेकिन प्रशासन ने उन्हें पूरनपुर जाने की अनुमति नहीं दी।

कांग्रेस नेताओं का आरोप है कि सरकार विपक्ष की आवाज दबाने के लिए इस तरह की कार्रवाई कर रही है।

डॉ. के.बी. त्रिपाठी ने कहा कि उत्तर प्रदेश में लगातार हत्या, लूट, डकैती और दुष्कर्म जैसी घटनाएं बढ़ रही हैं और अपराधी खुलेआम घूम रहे हैं। उन्होंने कहा कि बदायूं में हिंदुस्तान पेट्रोलियम के मैनेजर हर्षित मिश्रा और उनके साथी की संस्थान के अंदर ही हत्या कर दी गई, जबकि कुछ दिन पहले ही हर्षित मिश्रा ने संभावित खतरे की सूचना पुलिस को दी थी। इसके बावजूद सुरक्षा नहीं दी गई।

त्रिपाठी ने आरोप लगाया कि जब कांग्रेस का प्रतिनिधिमंडल पीड़ित परिवार से मिलने जा रहा था तो सरकार ने नेताओं को घरों में ही रोक दिया। उन्होंने इस कार्रवाई की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि इस हत्याकांड की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए, पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा दिया जाए और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई हो।

### कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल को अलग-अलग जगह रोका

कांग्रेस का कहना है कि इस प्रतिनिधिमंडल में कई वरिष्ठ नेता और पूर्व विधायक शामिल थे। इनमें पूर्व विधायक संजय कपूर, पूर्व विधायक धीरेंद्र प्रसाद, पूर्व प्रदेश महासचिव कुमुद गंगवार, जिला अध्यक्ष पीलीभीत हरजीत सिंह चब्बा, महानगर अध्यक्ष पीलीभीत कृष्णा गंगवार, पूर्व प्रदेश सचिव अनूप वर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष जाहिद खान, जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष संदीप गंगवार, एनएसयूआई जिला अध्यक्ष राजेश वर्मा सहित कई पदाधिकारी शामिल थे। कांग्रेस नेताओं का दावा है कि पुलिस ने सभी को उनके-अपने स्थानों पर रोक दिया, जिससे वे पूरनपुर नहीं पहुंच सके।

# स्मार्ट चौपाल विवाद पर कंपनी को नोटिस जारी, पीआर मैनेजर होगा बर्खास्त

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** संजयनगर में हुए स्मार्ट चौपाल विवाद के बाद बिजली विभाग में खलबली मच गई है। वन मंत्री डॉ. अरुण कुमार के कार्यक्रम स्थल से बिना उद्घाटन लौटने के बाद विभाग ने पूरे मामले में सख्त रुख अपनाया है। जांच में सामने आया कि स्मार्ट मीटर कंपनी के पीआर मैनेजर ने बिना विभाग को बताए ही कार्यक्रम आयोजित कर दिया और मंत्री को भी आमंत्रित कर दिया। मामले को गंभीर मानते हुए मुख्य अभियंता ने कंपनी को नोटिस जारी कर दिया है।

संजयनगर के एक बैंक्वेट हॉल में शनिवार को स्मार्ट मीटर से जुड़ी समस्याएं सुनने के लिए स्मार्ट चौपाल का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में वन मंत्री डॉ. अरुण कुमार को बुलाया गया था। लेकिन जब मंत्री कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे तो बिजली विभाग का कोई भी जिम्मेदार अधिकारी वहां मौजूद नहीं था। इससे नाराज मंत्री बिना उद्घाटन किए ही कार्यक्रम स्थल से लौट गए। इस घटना के बाद पूरे मामले ने तूल पकड़ लिया।


जांच में सामने आया कि स्मार्ट मीटर लगाने वाली कंपनी इन्टेली स्मार्ट के पीआर मैनेजर अनुराग सिंह ने 14 मार्च को संजयनगर में स्मार्ट चौपाल की तारीख खुद तय कर दी थी। बताया गया कि कार्यक्रम की जानकारी न तो लिखित रूप से और न ही मौखिक रूप से बिजली विभाग के अधिकारियों को दी गई थी। इसके बावजूद कार्यक्रम आयोजित कर दिया गया और मंत्री को भी बुला लिया गया।

मामले में यह भी सामने आया कि अनुराग सिंह ने कार्यक्रम के दौरान अपना परिचय मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के जनसंपर्क अधिकारी (पीआरओ) के रूप में दिया, जबकि विभाग में इस नाम का कोई अधिकारी उस पद पर तैनात नहीं है। विभाग ने इसे प्रोटोकॉल का गंभीर उल्लंघन बताते हुए कहा कि इस तरह के कृत्य से विभाग की छवि धूमिल हुई है।

पूरे प्रकरण के बाद मुख्य अभियंता ज्ञान प्रकाश ने कंपनी के प्रोजेक्ट हेड को नोटिस जारी कर दिया है। नोटिस में स्पष्ट कहा गया है कि भविष्य में किसी भी प्रकार का कार्यक्रम आयोजित करने से पहले विभाग को लिखित रूप से अवगत कराना और अनुमति लेना अनिवार्य होता है। साथ ही कंपनी को चेतावनी दी गई है कि इस तरह की लापरवाही दोबारा सामने आई तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# नकली खोया बेचने पर अजंता स्वीट्स हाउस पर चार लाख का जुर्माना

जागरण मोर्चा कार्यालय




**बरेली।** शहर में मिठाइयों की आड़ में अधोमानक खोया बेचने का मामला सामने आने पर प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। दोहरा रोड स्थित अजंता स्वीट्स हाउस के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए अदालत ने चार लाख रुपये का भारी जुर्माना ठोक दिया। अपर जिलाधिकारी (नगर) एवं न्याय निर्णायक अधिकारी सौरभ दुबे की अदालत ने यह फैसला सुनाया और कंपनी को 30 दिन के भीतर जुर्माना जमा करने का आदेश दिया है। समय सीमा में राशि जमा न करने पर इसकी वसूली भू-राजस्व की तरह की जाएगी।

खाद्य सुरक्षा विभाग की रिपोर्ट के मुताबिक एक मई 2025 को खाद्य सुरक्षा अधिकारी अनिल प्रताप सिंह ने दोहरा रोड स्थित रिंगालिया गार्डन परिसर, मेफेयर लॉन में छापेमारी कर निरीक्षण किया। उस दौरान परिसर में बिक्री के लिए करीब 90 किलोग्राम खोया रखा मिला। मौके पर मौजूद जनरल मैनेजर हरप्रीत सिंह से पूछताछ भी की गई। खोया की गुणवत्ता संदिग्ध लगने पर अधिकारी ने नियमानुसार एक किलो खोया 300 रुपये देकर खरीदा और उसका नमूना जांच के लिए खाद्य विश्लेषक प्रयोगशाला झांसी भेज दिया।

15 मई 2025 को आई जांच रिपोर्ट में खोया अधोमानक पाया गया। जांच में सामने आया कि नमूने में दूध वसा (मिल्क फैट) की मात्रा निर्धारित न्यूनतम 30 प्रतिशत से भी कम थी। साफ हो गया कि बेचा जा रहा खोया खाद्य सुरक्षा मानकों के अनुरूप नहीं था और उपभोक्ताओं की सेहत से खिलवाड़ किया जा रहा था।

मामले में अदालत की ओर से कंपनी को नोटिस जारी किया गया, लेकिन न तो कोई आपत्ति दाखिल की गई और न ही सुनवाई के दौरान कोई ठोस साक्ष्य पेश किया गया।

### चार ओवरलोड गाड़ियां सीज



**बरेली।** अवैध खनन और ओवरलोडिंग के खिलाफ प्रशासन ने शनिवार देर रात कार्रवाई की। डीएम के निर्देश पर सदर तहसील की टीम ने भोजीपुरा टोल प्लाजा के पास वाहनों की चेकिंग की। इस दौरान उत्तराखंड की ओर से आ रही चार गाड़ियां ओवरलोड पाई गईं। टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए चारों वाहनों को सीज कर भोजीपुरा थाने में खड़ा करा दिया। अधिकारियों ने बताया कि मामले की सूचना जिला खनन अधिकारी (डीएमओ) और आरटीओ को भेज दी गई है। आगे की कार्रवाई संबंधित विभाग करेगा। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि ओवरलोडिंग और अवैध खनन के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा।

# ऑनलाइन सट्टे में डूबा कारोबारी लापता

- गोदाम से मिला सुसाइड नोट

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** शहर में मेंथा तेल के ऑनलाइन सट्टे से जुड़े एक कारोबारी के अचानक लापता होने से सनसनी फैल गई है। प्रेमनगर क्षेत्र के सांई धाम कॉलोनी निवासी तेल कारोबारी गौतम कुमार घर से रहस्यमय ढंग से गायब हो गए हैं। उनके बेटे प्रणव कुमार सैनी ने प्रेमनगर थाने में पिता की गुमशुदगी दर्ज कराई है। पुलिस ने गोदाम की तलाशी के दौरान एक डायरी बरामद की है, जिसमें सुसाइड नोट लिखा मिला है। नोट में कर्ज से परेशान होकर गंगा में कूदकर आत्महत्या करने की बात लिखी गई है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है और कारोबारी की तलाश की जा रही है।

पुलिस के मुताबिक, गौतम कुमार के लापता होने की सूचना मिलने पर प्रेमनगर थाना पुलिस ने उनके गोदाम का ताला खुलवाकर जांच की। जांच के दौरान एक डायरी बरामद हुई, जिसमें हाथ से लिखा सुसाइड नोट मिला। नोट में कारोबारी ने लिखा है कि व्यापार में भारी घाटे के कारण वह मानसिक रूप से बेहद परेशान है और अब जीवन से निराश होकर आत्महत्या जैसा कदम उठाने जा रहा है। गौतम कुमार के बेटे प्रणव कुमार सैनी ने सीओ प्रथम आशुतोष शिवम को बताया कि उनके पिता सांई धाम कॉलोनी स्थित गोदाम और घर में अकेले रहते थे, जबकि वह खुद नोएडा में नौकरी करते हैं। सुसाइड नोट में लिखा है कि अधिकतर लोग उनसे एमसीएक्स के जरिए मेंथा तेल का ऑनलाइन सट्टा लगवाते थे। इस कारोबार में उन्हें लगातार भारी नुकसान हो रहा था। नोट में उल्लेख है कि रोजाना करीब दो लाख रुपये तक का घाटा हो रहा था, जो महीने में लगभग 50 लाख रुपये तक पहुंच जाता था।

सुसाइड नोट में कारोबारी ने यह भी लिखा है कि रोजाना करीब 200 से 250 फोन कॉल आते थे, जिनमें लोग सट्टे के लेन-देन और पैसों की मांग को लेकर लगातार दबाव बनाते थे। इन कॉलों से वह मानसिक रूप से और ज्यादा परेशान हो गए थे। नोट में यह भी लिखा गया है कि इस धंधे में कई लोग रोज लाखों रुपये कमा रहे हैं, जबकि वह लगातार घाटे में जा रहे हैं, जिससे वह पूरी तरह टूट चुके हैं। सुसाइड नोट में कुछ लोगों के नाम भी दर्ज हैं। पुलिस अब उन लोगों की पहचान कर उनसे पूछताछ कर रही है। वहीं गोदाम की तलाशी के दौरान कई ड्रमों में केवल कुछ लीटर मेंथा ऑयल ही मिला, जिससे व्यापार में भारी नुकसान और आर्थिक संकट की आशंका भी जताई जा रही है। प्रेमनगर थाना प्रभारी सुरेंद्र सिंह ने बताया कि मामले की सभी पहलुओं से जांच की जा रही है। कारोबारी की तलाश के लिए आसपास के इलाकों और संभावित स्थानों पर पुलिस टीम भेजी गई है। अभी तक गौतम कुमार का कोई सुराग नहीं मिला है। पुलिस सुसाइड नोट और डायरी में दर्ज नामों के आधार पर भी जांच आगे बढ़ा रही है।

# कुर्मी क्षत्रिय सभा ने मनाया होली मिलन समारोह

जागरण मोर्चा कार्यालय




**बरेली।** ब्रह्मपुरा स्थित सरदार पटेल स्मारक कुर्मी क्षत्रिय छात्रावास में रविवार को कुर्मी क्षत्रिय सभा की ओर से भव्य होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। समारोह में समाज के लोगों ने फूलों की होली खेलकर एक-दूसरे को शुभकामनाएं दीं और आपसी प्रेम, भाईचारे तथा एकता का संदेश दिया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाज के लोगों की मौजूदगी से पूरा परिसर उत्साह और उल्लास से सराबोर नजर आया।

सुबह करीब 11 बजे कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक चौपाइयों के गान से हुई। इसके बाद उपस्थित लोगों ने एक-दूसरे पर फूल बरसाकर होली खेली। पूरे छात्रावास परिसर में रंग-बिरंगे फूलों और खुशियों का माहौल छा गया। लोगों ने गले मिलकर होली की बधाई दी और समाज में भाईचारे को मजबूत करने का संकल्प लिया।

समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे बरेली सांसद छत्रपाल सिंह गंगवार ने कहा कि होली केवल रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि दिलों को जोड़ने वाला पर्व है। उन्होंने कहा कि जब समाज एकजुट होकर आगे बढ़ता है तो उसकी ताकत कई गुना बढ़ जाती है। ऐसे कार्यक्रम समाज के लोगों को करीब लाने और नई दिशा देने का काम करते हैं।

जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल ने कहा कि होली जैसे त्योहार समाज के लोगों को एक मंच पर लाने का अवसर देते हैं। इससे बड़े-बुजुर्गों से मिलने और आपसी सम्मान बढ़ाने का मौका मिलता है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन सामाजिक संबंधों को और मजबूत बनाते हैं। वहीं कुर्मी क्षत्रिय सभा के जिला अध्यक्ष एडवोकेट के.पी. सेन गंगवार ने कहा कि समाज की तरक्की आपसी सहयोग और मजबूत संगठन से ही संभव है। उन्होंने कहा कि होली मिलन समारोह जैसे आयोजन समाज के लोगों को जोड़ने और सामाजिक पहचान को मजबूत करने का कार्य करते हैं।

समारोह में सांसद छत्रपाल सिंह गंगवार, जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल, अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड की अध्यक्ष श्रुति गंगवार, पूर्व विधायक छोटे लाल गंगवार, नगर पंचायत गुलड़िया के चेयरमैन के पति सुरेश चंद्र सिंह राठौर, प्रवेश राठौर, कर्नल पुरुषोत्तम सिंह और कुर्मी महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सी.एल. गंगवार सहित समाज के कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। इसके अलावा उपाध्यक्ष रघुवीर सिंह गंगवार, प्रेम शंकर गंगवार, आर.सी. लाल, मूलचंद गंगवार, कोषाध्यक्ष आलोक गंगवार, ऑडीटर एडवोकेट मनोज बाबू गंगवार, मीडिया प्रभारी देश दीपक गंगवार, अरविंद पटेल, एडवोकेट मुनेन्द्र गंगवार, डॉ. उग्रसेन गंगवार, युधिष्ठर प्रसाद गंगवार, कृष्ण पाल सिंह, खेमेन्द्र पाल सिंह, वीरेश कुमार गंगवार, तेजपाल गंगवार, प्रमोद कुमार सिंह और भद्र पाल गंगवार सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित रहे।

# बरेली में 'ना जाने कौन आ गया' की स्पेशल स्क्रीनिंग

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** शहर के फीनिक्स मॉल स्थित आईनॉक्स पीवीआर में रविवार को हिंदी फिल्म 'ना जाने कौन आ गया' की स्पेशल स्क्रीनिंग आयोजित की गई। कार्यक्रम में फिल्म के कलाकारों और मेकर्स के साथ शहर की कई जानी-मानी हस्तियां मौजूद रहीं। बरेली के मेयर डॉ. उमेश गौतम मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उनके साथ सोनल गौतम भी कार्यक्रम में उपस्थित रहीं।

स्पेशल स्क्रीनिंग के दौरान फिल्म के मुख्य कलाकार जतिन सरना और मधुरिमा रॉय, निर्देशक विकास अरोड़ा तथा निर्माता पूजा अरोड़ा ने दर्शकों और मीडिया से बातचीत की। उन्होंने फिल्म की कहानी, किरदारों और निर्माण प्रक्रिया से जुड़े अनुभव साझा किए। कलाकारों ने बताया कि यह फिल्म रिश्तों और मानवीय भावनाओं को एक अलग और यथार्थवादी नजरिए से पेश करती है, जिससे दर्शक खुद को जुड़ा हुआ महसूस करेंगे।

फिल्म के निर्देशक विकास अरोड़ा ने कहा कि अपने ही शहर बरेली में फिल्म की स्पेशल स्क्रीनिंग होना उनके लिए बेहद खास पल है। उन्होंने बताया कि फिल्म की पूरी टीम ने पूरी ईमानदारी के साथ एक ऐसी कहानी को पर्दे पर उतारने की कोशिश की है, जो आज के बदलते रिश्तों की सच्चाई को सामने लाती है।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे मेयर डॉ. उमेश गौतम ने फिल्म की टीम को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बरेली के युवा फिल्ममेकर का राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाना शहर के लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि स्थानीय प्रतिभाओं को ऐसे ही प्रोत्साहन मिलता रहना चाहिए।

स्पेशल स्क्रीनिंग के दौरान दर्शकों ने फिल्म को सराहा और कलाकारों के साथ संवाद कर इस आयोजन को यादगार बना दिया।

### हल्की बूंदाबांदी से बदला मौसम

**बरेली।** मौसम ने अचानक करवट ले ली है। रविवार सुबह शहर के कई इलाकों में हल्की बूंदाबांदी के साथ तापमान में गिरावट दर्ज की गई, जिससे मौसम सुहावना हो गया। सुबह बारिश के बाद कुछ देर धूप निकली, लेकिन दोपहर तक फिर आसमान में बादल छा गए और ठंडी हवाएं चलने लगीं।

मौसम विभाग के अनुसार बरेली के साथ-साथ बदायूं, पीलीभीत और आसपास के जिलों में अगले 48 घंटे तक मौसम का मिजाज बदला रह सकता है। विभाग ने आंधी के साथ हल्की बारिश और बादल गरजने की संभावना जताते हुए अलर्ट जारी किया है। विशेषज्ञों का कहना है कि पश्चिमी विक्षोभ के असर से मौसम में यह बदलाव देखने को मिल रहा है। प्रशासन ने लोगों को खुले स्थानों और पेड़ों के नीचे खड़े होने से बचने तथा मौसम खराब होने पर सावधानी बरतने की सलाह दी है। अचानक बदले मौसम से लोगों को गर्मी से कुछ राहत जरूर मिली है।

पूरे भारत में सबसे कम फीस में अपने Business का रजिस्ट्रेशन कराएं घर बैठे
REGISTRATION INDIA™©
हजारों संतुष्ट ग्राहक
ITR फाइलिंग मात्र ₹999/-
We Provide all consultancy related Services to NGO, Trust, Society, Private Limited Company, GST Registration, ITR Filing, TDS, FSSAI, Income tax
अपना काम Expert CA और Expert Advocate से ही करायें और भविष्य में होने वाली परेशानियों से बचें।
• MSME ₹ 499 • NGO Registration ₹12999
• 12 A ₹4999 • Niti Ayog (NGO Darpan) ₹999
• 80G ₹4999 • E- Anudan ₹999
• Trade Mark ₹7999 • Private Company Registration ₹11999
अपने संस्थान की किसी भी प्रकार की वेबसाइट बनवायें।
ISO Registration ₹4999
Contact: 7500223290 7500277920
T&C Apply
एल.आई.सी. रोड, सिविल लाइन्स, रामपुर 244901 (यू.पी.) Email: teamindia5050@gmail.com

## आवश्यकता

उत्तर प्रदेश का तेजी से बढ़ता अखबार जागरण मोर्चा 9 मार्च से आपके के बीच आ रहा है। जिसमें जागरण मोर्चा को मुरादाबाद मंडल और जिला रामपुर में रिपोर्टरों और एजेंसी के लिए लोगों की आवश्यकता है। इसके अतिरिक्त विज्ञापन के लिए संपर्क करें।

**मोबाइल नंबर**
7906815587, 9758444242

## एक नजर

### शाहबाद ईदगाह में 8 बजे होगी ईद उल फितर की नमाज़

**शाहबाद।** ईद की नमाज और तैयारियों को लेकर शहर की जामा मस्जिद में ईदगाह कमेटी की महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया। बैठक रविवार को जौहर की नमाज के बाद आयोजित की गई। बैठक में ईद उल फितर की नमाज के समय को लेकर चर्चा की गई। बैठक में ईदगाह कमेटी के सदस्य लायक अली ने ईद की नमाज के लिए सुबह 8 बजे के समय का प्रस्ताव रखा। जिस पर सभी पदाधिकारियों और सदस्यों ने अपनी सहमति जताई। प्रस्ताव पर अंतिम मोहर शहर इमाम सलमान साहब ने लगाई। शहर इमाम ने बताया कि ईद की नमाज 8 बजे ईदगाह में होगी, उससे पहले साढ़े सात बजे उनका बयान होगा। बैठक में सैयद साजिद मियां, सैय्यद इंतखाब अली, अंफाल मियां, सिफत मियां, लायक अली आदि रहे।

# पेड़ पर लटका मिला युवक का शव, फैली सनसनी

## अजीमनगर थाना क्षेत्र का मामला, पुलिस कर रही जांच

जागरण मोर्चा कार्यालय

**सैदनगर।** अजीम नगर थाना क्षेत्र में एक युवक का शव आम के बाग में फंदे पर लटका मिला। मृतक की पहचान नगलिया आकिल गांव निवासी 30 वर्षीय ओमप्रकाश के रूप में हुई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले की जांच शुरू कर दी है। मौके पर काफी देर तक लोगों की भीड़ एकत्रित रही।

घटना रविवार सुबह करीब 10 बजे अजीमनगर थाना क्षेत्र के नगलिया आकिल में हुई। बताया जा रहा है कि कुछ ग्रामीण आम के बाग से होकर खेतों की ओर जा रहे थे, तभी उनकी नजर पेड़ पर लटके युवक के शव पर पड़ी। देखते ही देखते घटनास्थल पर लोगों की भीड़ लग गई। सूचना मिलते ही अजीमनगर पुलिस भी पहुंची। शव को फंदे से नीचे


ओमप्रकाश का फाइल फोटो।

उतारा।

मृतक की पहचान नगलिया आकिल निवासी ओमप्रकाश पुत्र रूपचंद के रूप मे हुई है। सूचना पर परिजन भी रोते बिलखते घटनास्थल पर पहुंच गए। परिजनों के मुताबिक ओमप्रकाश मानसिक रूप से अस्वस्थ था।

बताया कि ओमप्रकाश सुबह खाना खाकर घर से निकला था। जिसका शव करीब एक घंटे बाद आम के बाग में फंदे पर लटका मिला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना के बाद मौके पर काफी देर तक लोगों की भीड़ एकत्रित रहती थी।

### एक महीने में दो भाईयों की हुई मौत

मृतक के पिता रूपचंद ने बताया कि यह एक महीने में दूसरी ऐसी घटना है। इससे पहले 16 फरवरी 2026 को भी उनके बड़े बेटे जिंदल का शव पास के ही आम के बाग में पेड़ से लटका मिला था। परिजनों ने दोनों मामलों में हत्या की आशंका से इंकार किया है। मां के गुजर जेने के बाद यह परिवार पूरी तरह से बिखर गया है। एक ही परिवार में तीन भाई हाफ मेंटल बताए जाते हैं। युवक की मौत के बाद घर पर गांव के लोगों का तांता लगा रहा था। शव के आने का परिजन इंतजार करते रहे थे।

## किशोरी के अपहरण में चार नामजद पर मुकदमा

**जागरण मोर्चा कार्यालय, सैफनी।** क्षेत्र के एक गांव से गायब हुई किशोरी के मामले में पुलिस ने चार नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। गांव निवासी पीड़ित भाई ने बताया किउसकी सोलह वर्षीय छोटी बहन 14 मार्च की सुबह करीब चार बजे घर से अचानक गायब हो गई।

पीड़ित भाई ने आरोप लगाया है कि ग्राम उमरी जिला मुरादाबाद निवासी राजू पुत्र ब्रजलाल तथा गांव निवासी किशनलाल, कालू और खेमपाल पुत्र रामप्रसाद उसे बहला-फुसलाकर कहीं ले गए हैं।

पीड़ित के अनुसार घटना के बाद परिजनों ने किशोरी की काफी तलाश की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लग सका। पीड़ित भाई ने पुलिस से बहन की बरामदगी और आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

पुलिस ने चारों नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी।

# भाजपा के राज में देश की सीमाएं सुरक्षित समृद्ध हो रहा भारत: आकाश सक्सेना

## सिविल लाइंस मंडल के प्रशिक्षण शिविर में बोले शहर विधायक

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** शहर विधायक आकाश सक्सेना ने कहा कि भाजपा के राज में देश की सीमाएं सुरक्षित हैं। भारत आर्थिक रूप से भी समृद्ध हो रहा है। इसके पीछे हमारे नेताओं और पदाधिकारियों के साथ ही बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं की अथक मेहनत छिपी है। यही कारण है जो आज भाजपा विश्व की सबसे बड़ी राजनैतिक पार्टी बन सकी है।

नगर विधानसभा क्षेत्र के सिविल लाइंस मंडल के प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ शहर विधायक आकाश सक्सेना, पूर्व जिलाध्यक्ष सुभाष भटनागर, जागेश्वर दयाल दीक्षित ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इसके बाद पंडित दीन दयाल उपाध्याय के चित्र के समक्ष माल्यार्पण किया। इस अवसर पर शहर विधायक आकाश सक्सेना ने कहा कि भाजपा की ताकत उसके समर्पित कार्यकर्ता हैं, जो जनता के बीच रहकर पार्टी की नीतियों और विचारधारा को मजबूती से आगे बढ़ाते हैं। कहा कि भाजपा की कार्यप्रणाली अन्य दलों से


कार्यक्रम को संबोधित करते विधायक आकाश सक्सेना। -जागरण मोर्चा

अलग है, क्योंकि यहां संगठन और सिद्धांतों को सर्वोपरि माना जाता है। पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा और ईमानदारी से करता है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता ही संगठन की असली शक्ति होते हैं और उनकी सक्रियता से ही पार्टी का विस्तार संभव होता है। उन्होंने कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों को उनके संगठनात्मक दायित्वों की विस्तार से जानकारी दी। साथ ही बताया कि किस प्रकार बूथ स्तर से लेकर शीर्ष नेतृत्व तक सभी मिलकर संगठन को मजबूत बनाने का कार्य करते हैं। प्रशिक्षण वर्ग में मंडल अध्यक्ष अन्नू सक्सेना, अतर सिंह लोधी, प्रमोद कुमार, हिमांशु सक्सेना, गोपाल कश्यप आदि उपस्थित रहे।

# पिता-पुत्र पर फरसे से जानलेवा हमला करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहबाद।** थाना क्षेत्र के जगेसर गांव निवासी विनोद कुमार ने थाने पर तहरीर देकर उसके और उसके बेटे पर फरसे से जानलेवा हमला करने के मामले में चार लोगों के विरुद्ध केस दर्ज कराया था।

विनोद कुमार की तहरीर के अनुसार धर्मेन्द्र,राजेश, मुनेन्द्र,व रामवीर निवासीगण ग्राम नवीगंज जदीद थाना शाहबाद द्वारा प्लाट में ईंटे उतारने को मना करने पर विनोद कुमार व उनके बेटे राजीव के साथ गाली गलौज कर मारपीट करना व जान से मारने की नीयत से फरसा मारकर घायल कर दिया था। पुलिस ने इस संबंध में थाना शाहबाद पर बीएनएस की संबंधित धाराओं में केस दर्ज करते हुए


शाहबाद में पिता पुत्र पर जानलेवा हमला करने के आरोपी। -जागरण मोर्चा

आगे की कार्यवाही शुरू कर दी। मुकदमे की विवेचना उपनिरीक्षक दिलीप कुमार द्वारा सम्पादित की जा रही है।

पुलिस अधीक्षक रामपुर द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में पुलिस ने आरोपी मुनेन्द्र और राजेश निवासी ग्राम नवीगंज जदीद को तालकाबाद टांडा रोड पर ग्राम ईशाखेडा के आगे मंदिर के पास से गिरफ्तार किया। आरोपी की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त फरसा बरामद कर कार्यवाही की।गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक दिलीप कुमार,प्रधान आरक्षी कपिल कुमार, प्रधान आरक्षी शहरोज अली, प्रधान आरक्षी संजय कुमार शामिल रहे।

# पूर्व ग्राम प्रधान अचानक से लापता, दी गुमशुदगी दर्ज

जागरण मोर्चा कार्यालय

**मिलक।** तहसील क्षेत्र के ग्राम रास डांडिया निवासी पूर्व ग्राम प्रधान रामदास बुधवार शाम से संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गए हैं। परिजनों ने काफी तलाश के बाद भी उनका कोई सुराग न मिलने पर थाना केमरी में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

पूर्व प्रधान की पत्नी सुषमा ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि रामदास बुधवार शाम करीब छह बजे घर से निकले थे, लेकिन देर रात तक वापस नहीं लौटे। इसके बाद परिवार के लोगों ने आसपास के गांवों, खेतों और संभावित स्थानों पर उनकी तलाश की। परिजनों ने रिश्तेदारों और परिचितों से भी संपर्क कर जानकारी जुटाने का प्रयास किया, लेकिन तीन




दिन बीत जाने के बाद भी उनका कोई पता नहीं चल सका। लापता रामदास क्षेत्र के ग्राम हल्दुआ के पूर्व प्रधान भी रह चुके हैं।शनिवार को परिजनों ने केमरी थाने पहुंचकर तहरीर दी, जिसके आधार पर पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर ली है। पुलिस का कहना है कि रामदास की तलाश के लिए टीम गठित कर दी गई है। आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है और मोबाइल लोकेशन के आधार पर भी जांच की जा रही है।

# भाजपा मंडल प्रशिक्षण वर्ग का समापन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**सैफनी।** भारतीय जनता पार्टी के पंडित दीनदयाल उपाध्याय मंडल प्रशिक्षण वर्ग 2026 का समापन रविवार को एसपीएस इंटर कॉलेज रूपपुर में हुआ। दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में शक्ति केंद्र से लेकर मंडल, जिला व प्रदेश स्तर के नगर मंडल शाहाबाद क्षेत्र में निवास करने वाले भाजपा कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।


भाजपा के पंडित दीनदयाल उपाध्याय मंडल प्रशिक्षण वर्ग में मौजूद भाजपा कार्यकर्ता।

कार्यक्रम को सात चरणों में संपन्न कराया। प्रशिक्षण वर्ग के प्रभारी वरिष्ठ भाजपा नेता सुरेश बाबू गुप्ता, कार्यक्रम प्रमुख पूर्व नगर महामंत्री राजकुमार गुप्ता तथा सभी सत्रों का संचालन भाजपा मंडल अध्यक्ष नरेंद्र ठाकुर ने किया। कार्यकर्ताओं के पंजीकरण की जिम्मेदारी एडवोकेट रोहित कुमार और एडवोकेट विमल जोशी ने संभाली, जबकि कार्यक्रम संयोजक परमाल सिंह यादव रहे। समापन के अवसर पर जिला संयोजक सुभाष भटनागर, भाजपा जिला उपाध्यक्ष संजय चौधरी, जिला महामंत्री अशोक विनय, नरेश शर्मा, सुमित भटनागर, अमित चंद्रवंशी, अनुभव शर्मा, प्रवीण जोशी, राजीव रस्तोगी, राजीव चौधरी, अमर सिंह यादव, अजय पाल, ज्ञान सिंह, वसीम अहमद अंसारी, हरप्रसाद लोधी, राजवीर यादव, मनवीर यादव, भगवान स्वरूप सैनी, अभिलाष शर्मा, उमेश दिवाकर, प्रदीप प्रजापति, अन्नू यादव, ओमवीर लोधी, वेदप्रकाश चंद्रवंशी, महेश चंद्रवंशी, मनोज भारद्वाज, मनीष शर्मा, रेनू श्रीवास्तव, विजेंद्र लोधी, धर्मपाल लोधी, धर्मपाल यादव, प्रमोद सैनी, राजकुमार श्रीवास्तव, विष्णु कश्यप, अजय कुमार गुप्ता समेत बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### इंस्टाग्राम पर आपत्तिजनक पोस्ट करने में आरोपी धरा, जेल

**धमोरा :** शहजादनगर थाना पुलिस ने सोशल मीडिया पर विवादित पोस्ट करने वाले युवक की धरपकड़ कर कार्यवाही करते हुए जेल भेज दिया है।मामला शहजादनगर थाना क्षेत्र के पैगंबरपुर गांव से जुड़ा है। गांव निवासी फरमान ने दो दिन पूर्व सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एक आपत्तिजनक विवादित पोस्ट अपने इंस्टाग्राम हैंडल से पोस्ट कर दी थी। बताया जा रहा है। कि इंस्टाग्राम पर की गई पोस्ट से धार्मिक भावनाओं को आहत करने वाली पोस्ट की सूचना थाना पुलिस को एक्स के माध्यम से प्राप्त हुई। जिसके बाद थाना पुलिस ने मामले को संज्ञान लेते हुए मामले को दर्ज करते हुए कार्यवाही शुरू कर दी थी। इस दौरान बीते रविवार को आरोपी फरमान की पुलिस ने धरपकड़ कर कार्यवाही करते हुए जेल भेज दिया है।

### चारा काटने वाली मशीन से कटा 5 वर्षीय मासूम का हाथ

**मिलक।** चारा काटने वाली मशीन की चपेट में आने से 5 वर्षीय मासूम की उंगली कट गई। गंभीर हालत में मासूम को नगर के अस्पताल ले जाया गया।जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। क्षेत्र के पीपला शिवनगर गांव निवासी दिनेश का पांच वर्षीय पुत्र दिव्यांश शनिवार शाम घर के आंगन में खेल रहा था। खेलते समय उसका बायां हाथ पास में रखी चारा काटने की मशीन में आ गया। जिससे उसके बाएं हाथ की उंगली कटकर अलग हो गई। गंभीर हालत में बच्चे को डॉक्टरों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### राशन लेने गई महिला को पीटा,रिपोर्ट

**रामपुर :** राशन लेने गई महिला को ग्रामीण ने पीटकर घायल कर दिया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।कोतवाली थाना क्षेत्र के मोहल्ला मठ वाला कब्रिस्तान निवासी जमना देवी का कहना है कि वह दो सालों से मकान बनाकर रह रही है। 13 मार्च को वह 11 बजे राशन लेने गई थी। इस दौरान वहां पर लालमन भी आ गया था।जहां उसने महिला को देखकर उसके साथ गाली गलौज कर दी थी। विरोध करने पर महिला को पीटकर घायल कर दिया था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# सुविधा शुल्क प्रकरण में नोटिस तक सिमटी कार्रवाई

## प्रसव होने पर तीमारदारों से मांगी थी मिठाई

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** प्रसव होने पर तीमारदारों ने स्टॉफ नर्स ने मिठाई के नाम पर 1500 रुपये मांगे जाने का मामला ठंडे बस्ते में डाल गया है। जिम्मेदार सिर्फ नर्स को नोटिस देकर प्रकरण को रफा-दफा करने के कोशिश में लगे हुए है।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्वार में पिछले दिनों फरीदपुर अजीमनगर निवासी राबिया और जालफनगला की नजराना ने आरोप लगाया है कि प्रसव के बाद उन्हें सुबह का नाश्ता तक उपलब्ध नहीं कराया गया। इतनी ही नहीं अस्पताल में दवाएं भी बाहर से मंगवाई जा रही है। प्रसूता महिलाओं से मिठाई के नाम पर 1500-1500 रुपये का सुविधा शुल्क लिया जा रहा है। सुविधा शुल्क के मामला सामने आने



सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्वार। -जागरण मोर्चा

पर स्वास्थ्य कर्मियों में खलबली मच गई। समाचार प्रकाशित होने पर अगले दिन सीएचसी प्रभारी डॉ. राजीव चंदेल ने स्टॉफ नर्स शशिबाला को नोटिस देकर जवाब मांगा। नोटिस दिए हुए सप्ताह भर का समय गुजर चुका है। लेकिन उसके बाद अभी तक विभागीय कार्रवाई अमल में नहीं लाई गई है। बल्कि मामले को ठंडे बस्ते में डालने की कोशिश जिम्मेदार कर रहे हैं। इसको लेकर सीएचसी प्रभारी ने बताया कि मैं अवकाश पर हूं। सुबह सीएचसी जाउंगा। तो इस मामले की जानकारी स्टाफ नर्स से की जाएगी।

## मौसम ने बदली करवट, बारिश से मिली राहत

**जागरण मोर्चा कार्यालय, रामपुर।** रविवार को मौसम ने करवट ले ली। बादलों की लुका-छिपी के बीच सुबह से ही बादल छाए रहे। कई जगह बारिश शुरू हो गई। इससे उमस भरी गर्मी से लोगों को राहत मिली है। मौसम विभाग ने कल ही आंधी के साथ बारिश के आसार जता दिए थे। इस दौरान लोगों को सर्दी का एहसास हुआ।

बारिश होने से शहर के कई मोहल्लों में जलभराव की स्थिति उत्पन्न रही। जिससे लोगों को आने-जाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ा। थाना सिविल लाइंस, शाहबाद गेट, आंबेडकर पार्क, हाथीखाना, पुराना गंज, पक्का बाग, बिलासपुर गेट, घेर तोगा, डिग्री कॉलेज रोड, जेल रोड में जलभराव होने से लोगों को आने-जाने में दिक्कत हुई।

## बाजारों में जाकर महिलाओं को किया जागरूक

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** मिशन शक्ति पांच अभियान के तहत महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए जनपद के सभी थाना क्षेत्रों में मिशन शक्ति केंद्र की टीमों एवं जनपद स्तरीय टीम द्वारा व्यापक जागरूकता अभियान चलाया।थाना-स्तरीय टीमों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्र में बाजारों, शॉपिंग मॉल, पार्क एवं सार्वजनिक स्थलों पर जाकर महिलाओं एवं बालिकाओं को सुरक्षा से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर जागरूक किया।

जिसमें जागरूकता कार्यक्रम के मुख्य बिंदु महिला सुरक्षा एवं आत्मरक्षा से जुड़े आवश्यक उपाय, कानूनी अधिकार, नारी सम्मान से संबंधित प्रावधान एवं हेल्पलाइन सेवाओं 1090 महिला शक्ति हेल्पलाइन, 181 महिला हेल्पलाइन, 112 आपातकालीन सेवा, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन


महिलाओं को जागरूक करती महिला पुलिस कर्मी। -जागरण मोर्चा

की कार्यप्रणाली एवं उपयोगिता तथा घरेलू हिंसा, छेड़छाड़, ऑनलाइन उत्पीड़न तथा इनके विरुद्ध त्वरित कार्रवाई की प्रक्रिया के बारे में बताया। मिशन शक्ति टीम द्वारा महिलाओं,बालिकाओं को पंपलेट, कॉमिक्स एवं जागरूकता सामग्री वितरित की।ताकि वे अपने अधिकारों एवं सुरक्षा उपायों को आसानी से समझ सकें और आवश्यकता पड़ने पर उनका प्रभावी उपयोग कर सकें।

## एक नजर

### मसवासी में ट्रैक्टर-ट्रॉलियों से कथित अवैध वसूली, डीएम से शिकायत

**मसवासी :** नगर पंचायत मसवासी के मुख्य चौराहे पर ईंटों से भरी ट्रैक्टर–ट्रॉलियों और अन्य भारी वाहनों से कथित रूप से अवैध वसूली किए जाने का मामला सामने आया है। इस संबंध में नगर पंचायत के सभासद अनिल कुमार, मोहम्मद इरशाद अंसारी और जितेंद्र चंद्रा साहिब नूर कुलदीप कुमार मोहम्मद ओवैस ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र सौंपकर त्वरित कार्रवाई की मांग की है। शिकायतकर्ताओं का आरोप है कि मसवासी चौराहे पर प्रतिदिन भारी वाहनों के खड़े होने का फायदा उठाकर कुछ दबंग लोग जबरन वसूली करते हैं। यदि कोई वाहन चालक या मालिक पैसे देने से इंकार करता है, तो उसके साथ अभद्र व्यवहार किया जाता है।दबाव बनाकर भुगतान करवा लिया जाता है। इस स्थिति से वाहन चालकों, व्यापारियों और आम लोगों में रोष फैल गया है। एसडीएम अमन देओल ने बताया कि मामले की जांच चल रही है। दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उधर चौकी इंचार्ज अजय कुमार शुक्ला ने बताया की अवैध वसूली करने वाले युवक की पहचान की जा रही है शीघ्र ही जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# दूसरे दिन भी कड़ी सुरक्षा में 3788 अभ्यार्थियों ने दी एसआई की परीक्षा

## परीक्षा केंद्रों का जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक ने किया निरीक्षण

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** दूसरे दिन भी दोनों पालियों में 3788 अभ्यर्थियों ने एसआई भर्ती की परीक्षा दी। उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा की शुचिता बनाए रखने को डीएम-एसपी ने कमान संभाली। साथ ही परीक्षा केंद्रों का भी निरीक्षण किया।

यूपी पुलिस की दरोगा भर्ती प्रवेश परीक्षा रविवार को 11 केंद्रों पर हुई।परीक्षा में 5280 परीक्षार्थी पंजीकृत है। परीक्षा दो पालियों में हुई। पहली पाली में 2640 के सापेक्ष 1878 ने परीक्षा दी। यानि 762 गैरहाजिर रहे। दूसरी पाली में 2640 के सापेक्ष 1910 ने परीक्षा दी। इसमें भी 730 अनुपस्थित रहे। यानि दोनों पालियों में 1492 अभ्यर्थी गैरहाजिर रहे। उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा आयोजित उप निरीक्षक नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती की लिखित परीक्षा


राजकीय पालिटेक्निक कालेज में बने परीक्षा केंद्र का निरीक्षण करते जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक। –जागरण मोर्चा


रजा राजकीय इंटर कॉलेज में कंट्रोल रूम में जानकारी लेते जिलाधिकारी।

के दृष्टिगत जनपद में बनाए परीक्षा केंद्रों का दूसरे दिन भी जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी, पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्र ने संयुक्त रूप से निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने केंद्र व्यवस्थापकों एवं संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि परीक्षा को पूर्णतः निष्पक्ष, पारदर्शी एवं नकल-विहीन वातावरण में संपन्न कराया जाए। उन्होंने कहा कि परीक्षा की शुचिता बनाए रखना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा किसी भी स्तर पर लापरवाही पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। रजा राजकीय इंटर कॉलेज में पहुंच कर बनाए गए स्थापित कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया। जनपद स्तर पर बनाए गए सभी परीक्षा केंद्रों की सीसीटीवी के माध्यम से की जा रही लाइव निगरानी व्यवस्था को बारीकी से देखा।

# मनकरा की मस्जिद में कुरान मुकम्मल


मनकरा की मस्जिद में हाफिजों की गुलपोशी करते प्रधान संगठन के जिला महासचिव काशिफ खां।

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** ग्राम मनकरा स्थित मस्जिद में रमजान के पवित्र महीने में तरावीह की नमाज के दौरान कुरान मुकम्मल हो गया। हाफिज जीशान खां और हाफिज मोहम्मद रेहान ने कुरान सुनाया, जबकि इमाम हाफिज अब्दुल कदीर ने समाअत के फराइज निभाए, जिसके बाद विशेष दुआ का आयोजन किया गया।

हाफिज अब्दुल कदीर ने मस्जिद में लोगों को खिताब करते हुए कहा कि रमजान के पवित्र महीने में गुनाहों से बचने के लिए अपनी जुबान, नजर और कानों को हराम चीजों से पाक रखें। नमाज, कुरान की तिलावत और नेक कामों में खुद को व्यस्त रखें, इस्तगफार मांगें और बुरी सोहबत से दूर रहें। ताकि इबादत में मन लगे। गुनाहों से हिफाजत हो। उन्होंने कहा कि आपस में इत्तेफाक और इत्तेहाद से रहें।अल्लाह की नाराजगी का सबब बनने वाले कामों से बचें। इस मौके पर राष्ट्रीय पंचायती राज ग्राम प्रधान संगठन के जिला महासचिव काशिफ खां समेत काफी लोगों ने हाफिजों की गुलपोशी की।

# पूर्व विधायक और जिलाध्यक्ष को किया नजरबंद

## देर रात आवास पर भारी पुलिस बल रहा तैनात

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय महासचिव, पूर्व विधायक जिलाध्यक्ष प्रमिल कुमार निक्कू पंडित को संजय कपूर के आवास पर नजर बंद कर दिया। शनिवार रात आठ बजे सिविल लाइंस स्थित गांधी समाधि पर पुलिस पहुंची। जहां उन्होंने बाहर जाने से रोक दिया। पूर्व विधायक के घर के बाहर भारी पुलिस बल तैनात रहा।

जिलाध्यक्ष प्रमिल कुमार निक्कू पंडित ने बताया कि उन्हें पीलीभीत के पूरनपुर जाना था। वह पार्टी प्रतिनिधिमंडल के साथ एक पीड़ित परिवार से मिलने जा रहे थे। दो दिन पहले बदायूं जिले के दातागंज क्षेत्र में एचपी प्लांट से असिस्टेंट मैनेजर हर्षित मिश्रा के उनके एक साथी


गांधी समाधि स्थित पूर्व विधायक के आवास में बैठे संजय कपूर, प्रमिल कुमार निक्कू साथ में सिविल लाइंस इंस्पेक्टर, एलआईयू इंस्पेक्टर। –जागरण मोर्चा

की कार्यालय में घुसकर अंधाधुंध फायरिंग कर हत्या कर दी थी। कहा कि उन्हें जाने से क्यों रोका गया। आरोप लगाया कि सरकार सच्चाई से डरती है और किसी न किसी बात को दबाने की कोशिश कर रही है। एक तरफ सरकार जीरो टॉलरेंस की बात करती है लेकिन हकीकत में अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं हो रही है। सरकार विपक्ष की आवाज को दबाने का प्रयास कर रही है।

# ईदगाह का चेयरमैन ने किया निरीक्षण


माला रोड स्थित ईदगाह का निरीक्षण करतीं पालिकाध्यक्ष। –जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** आगामी त्यौहार को लेकर चेयरमैन ने ईदगाह का सना मामून ने निरीक्षण किया। जहां उन्होंने साफ-सफाई, पेयजल, बिजली और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। नमाजियों की सुविधा के लिए अधिकारियों को विशेष दिशा-निर्देश दिए गए हैं, जिसमें अतिरिक्त सफाई कर्मी तैनात करना, स्ट्रीट लाइट ठीक करना और पानी के टैंकरों की व्यवस्था कराने के लिए मुख्य सफाई निरीक्षक दिलशाद हसन को निर्देशित किया। जिससे कि नमाज शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हो सके।

# बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने टांडा बाजपुर मार्ग के किनारे पड़े कचरे का किया विरोध

जागरण मोर्चा कार्यालय

**मसवासी:** टांडा बाजपुर मार्ग के किनारे नरपत नगर दूंदावाला नगर पंचायत का कूड़ा पड़ा होने से भड़के बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने किया हंगामा।मार्ग के किनारे कूड़ा फेंकने वाली नगर पंचायत नरपत नगर और मसवासी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

रविवार को बजरंग दल के जिला सहसंयोजक अर्जुन कुमार गुप्ता अपने कार्यकर्ताओं के साथ टांडा बाजपुर मार्ग शेखूपुर के निकट पहुंचे। मार्ग के किनारे नगर पंचायत नरपत नगर का कूड़ा कचरा पड़ा होने पर भड़क गए। उन्होंने नगर पंचायत के खिलाफ हंगामा कर प्रशासन से नगर पंचायत नरपत नगर और मसवासी नगर पंचायत के खिलाफ कार्यवाही की मांग की।


हंगामा करते बजरंग दल के कार्यकर्ता। –जागरण मोर्चा

बजरंग दल के कार्यकर्ताओं का कहना था कि इस मार्ग से पर्यटक और चार धाम जाने वाले तमाम श्रद्धालु नैनीताल समेत अन्य शहरों को गुजरते हैं जिससे उन्हें गंदगी का सामना करना पड़ता है। नगर पंचायत नरपत नगर और मसवासी सड़कों के किनारे कूड़ा फेंक कर वातावरण को दूषित कर रही हैं। जिससे इस मार्ग से गुजरने वाले तमाम पर्यटक और श्रद्धालु काफी दिनों से परेशान है। उन्हें इस रास्ते से गुजरने के दौरान दुर्गंध का सामना करना पड़ता है। उन्होंने जिला प्रशासन से मार्ग के किनारे कूड़ा फेंकने वाली नगर पंचायत और संबंधित लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

# बसपा के संस्थापक का जन्मदिन मनाया

जागरण मोर्चा कार्यालय

**टांडा:** रविवार को क्षेत्र के गांव अब्बास नगर में स्थित सिया सानवी मैरिज हॉल में बहुजन समाज पार्टी के संस्थापक कांशीराम की जयंती मनाई। उनके जीवन पर प्रकाश डाला गया। बहुजन समाज पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा अब्बासनगर में आयोजित कार्यक्रम में सर्वप्रथम काशीराम जी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर समाजसेवी सतीश गौतम ने कहा कि काशीराम ने अथक मेहनत कर बहुजनों को एकजुट कर उनके हकूक की लड़ाई लड़ी। बहन को मुख्यमंत्री बनाकर दलितों,शोषितों और पिछड़ों के उत्थान का काम किया। बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश की चार बार मुख्यमंत्री एवं बहुजन समाज की आयरन लेडी बहन कुमारी मायावती को 2027


बसपा के संस्थापक के चित्र पर पुष्प चढ़ाते पदाधिकारी। –जागरण मोर्चा

विधानसभा चुनाव में पूर्ण बहुमत की सरकार बनाकर पांचवीं बार मुख्यमंत्री बनाना है। इसके लिए सभी लोग अभी से तैयारी शुरू कर दें। 2027 में बहुजन समाज पार्टी की सरकार बनाने का संकल्प लें। इस मौके पर उपस्थित समाज सेवी सतीश गौतम, अजय सागर, राजीव सिंह, रोहतास सिंह, धर्मेंद्र सिंह, मनोज कुमार, डॉक्टर नेतराम, बलवंत सिंह, सुनील कुमार और वेदराम सिंह आदि मौजूद रहे।

# 70 केंद्रों पर ब्लॉक चमरौआ के 401 असाक्षरों ने दी साक्षरता परीक्षा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** निदेशक साक्षरता एवं वैकल्पिक शिक्षा उर्दू एवं प्राच्य भाषाएं के आदेशानुसार जिले में उल्लास- नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत वित्तीय वर्ष 2025-26 में चिन्हित 15+ वय वर्ग के असाक्षरों की मूल्यांकन परीक्षा सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक यू-डायस पोर्टल पर पंजीकृत विद्यालयों में ऑफलाइन मोड के माध्यम से करवाई गई।

खंड शिक्षा अधिकारी चमरौआ द्वारा बताया कि विकास खंड के 70 परीक्षा केंद्रों पर 401 असाक्षरों की परीक्षा की व्यवस्था की गई। सभी केंद्रों के प्रधान अध्यापक को निर्देशित किया कि सारे स्टाफ की उपस्थिति में प्राथमिकता के आधार पर भारत सरकार द्वारा दिए निर्देशों के अनुक्रम में योजनान्तर्गत आयोजित होने वाली सर्वे ऐप के


नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत परीक्षा देते असाक्षर। –जागरण मोर्चा

माध्यम से चिन्हित 15+ वय वर्ग के असाक्षरों का मूल्यांकन कराने तथा पूर्व की परीक्षाओं में असफल असाक्षर प्रतिभागियों की साक्षरता परीक्षा करवाए।प्रतिभाग करवाए जाने वाले प्रतिभागियों का एनआईओएस प्रपत्र पर पंजीकरण कराते हुए परीक्षा प्रपत्र अपने विद्यालय पर सुरक्षित रखते हुए प्रपत्रों की संकलित पीडीएफ 22 मार्च तक अनिवार्य रूप से उपलब्ध करवाएं। इस संबंध में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कल्पना देवी द्वारा निर्देश जारी किए गए एवं प्रत्येक विकास खंड के लिए पर्यवेक्षक, निरीक्षक एवं नोडल अधिकारी नियुक्त किये थे।साक्षरता केंद्रों का निरीक्षण,पर्यवेक्षण किए जाने के लिए सभी एआरपी को निरीक्षक,पर्यवेक्षक बनाया। एवं प्रत्येक विकास खंड के खंड शिक्षा अधिकारी को नोडल अधिकारी बनाया था। सभी को आदेशित किया था। गया कि अपने-अपने आवंटित विकास खण्ड के परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण करतें हुए परीक्षा का आयोजन करवाएं।

## प्राथमिक विद्यालय लालपुर कला में नवभारत साक्षरता परीक्षा संपन्न

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** सभी विकास खंडों में शिक्षा विभाग द्वारा संचालित विद्यालयों में नवभारत साक्षरता परीक्षा का आयोजन किया। सैदनगर ब्लॉक के तहत आने वाले सभी परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई।

प्राथमिक विद्यालय लालपुर कला में भी नवभारत साक्षरता परीक्षा आयोजित की। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका शबनम आरा ने जानकारी देते हुए बताया कि उनके केंद्र पर कुल 07 परीक्षार्थी पंजीकृत थे और सभी परीक्षार्थी परीक्षा में उपस्थित रहे।परीक्षा कुल 150 अंकों की थी, जिसमें पढ़ने, लिखने तथा संख्यात्मक क्षमता से संबंधित प्रश्न शामिल थे। परीक्षार्थियों को इन प्रश्नों को



प्राथमिक विद्यालय लालपुर कला स्कूल में परीक्षा देते असाक्षर। –जागरण मोर्चा

हल कर उत्तीर्ण होना है।

सैदनगर ब्लॉक के नोडल अधिकारी खंड शिक्षा अधिकारी सुनील कुमार सक्सेना ने बताया कि परीक्षा के सफल संचालन के लिए सभी संकुल शिक्षकों को परीक्षा केंद्रों का प्रभारी बनाया गया था। इसके साथ ही अन्य शिक्षकों की भी ड्यूटी लगाई गई थी, जिनके सहयोग से परीक्षा का सफलतापूर्वक संचालन कराया गया।परीक्षा सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित की गई। परीक्षा से पहले सर्वे कराकर प्रतिभागियों का पंजीकरण उल्लास पोर्टल पर कराया गया था। परीक्षा समाप्त होने के बाद उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन उसी दिन कर बीआरसी पर जमा कराया गया तथा उसका विवरण भी उल्लास पोर्टल पर अपलोड किया गया।इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाध्यापिका शबनम आरा सहित स्टाफ सदस्य रीना, निदा खान, बुशरा फिरदौस और आराधना सक्सेना उपस्थित रहीं।

# वरिष्ठ लिपिक के पुत्र का डीआरडीओ चयन होने पर पालिकाध्यक्ष ने दी मुबारकबाद

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** नगर पालिका परिषद के वरिष्ठ लिपिक विपिन कुमार के बेटे मनीष गुप्ता का रक्षा मंत्रालय भारत सरकार के अंतर्गत एयरोनॉटिकल डेवलपमेंट एजेंसी में प्रोजेक्ट साइंटिस्ट कंप्यूटर साइंस के पद पर चयन हुआ। चयन होने पर पालिकाध्यक्ष सना मामून ने मनीष गुप्ता के परिवार को मुबारकबाद दी।

वरिष्ठ लिपिक विपिन कुमार गुप्ता ने बताया कि एडीए डीआरडीओ के अंतर्गत वह संस्थान है। जो तेजस जैसे लड़ाके विमानों के अनुसंधान विकास और निर्माण में अग्रणी भूमिका निभाता है। उनके बेटे मनीष गुप्ता ने साधारण निम्न मध्यवर्गीय परिवार से आने वाले मनीष गुप्ता


राधा रोड स्थित वर्कशाप में मनीष के परिवार के संग खड़ी पालिकाध्यक्ष।

ने ग्रीनवुड स्कूल से प्रारंभिक शिक्षा और टीएमयू मुरादाबाद से इंजीनियरिंग की पढ़ाई पूरी की। इस अवसर पर समाजसेवी मामून शाह खां, शैजी खां, मुख्य सफाई निरीक्षक दिलशाद, मनीष गुप्ता की पत्नी महिमा गर्ग, माता वंदना गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# जन आरोग्य मेले में उमड़ी मरीजों की भीड़

जागरण मोर्चा कार्यालय

- 349 लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाकर उन्हें योजना से जोड़ने की प्रक्रिया पूरी की

**रामपुर।** जिले में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में आयोजित जन आरोग्य मेले में बड़ी संख्या में मरीजों ने पहुंचकर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। मेले में 444 पुरुष, 427 महिलाएं और 145 बच्चों को जांच के बाद दवा दी गई।

चिकित्सकों ने मरीजों की जांच के बाद उन्हें मुफ्त दवाएं वितरित की। स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक परामर्श भी दिया। जन आरोग्य मेले में 1016 मरीजों को जांच के बाद दवा दी गई। इसके अलावा स्वास्थ्य मेले में 349 लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाकर उन्हें योजना से जोड़ने की प्रक्रिया पूरी की गई, जिससे उन्हें भविष्य में गंभीर बीमारियों के इलाज में आर्थिक सहायता मिल सके। सीएमओ डॉ.दीपा सिंह ने बताया कि मेले में आने वाले अधिकांश मरीज वायरल बुखार, खांसी और जुकाम से पीड़ित पाए गए।

मौसम में बदलाव के कारण इस तरह की बीमारियों के मरीजों की संख्या अधिक रही है।मेले में 444 पुरुष, 427 महिलाएं और 145 बच्चों को जांच के बाद दवा दी गई। सुबह से ही मरीजों का जन आरोग्य मेले में पहुंचना शुरू हो गया था।

# इमरजेंसी वार्ड से ओटी तक आवारा कुत्तों का जमघट

## मरीज-तीमारदार और स्टाफ परेशान, हो रही दिक्कत

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** जिला अस्पताल की इमरजेंसी वार्ड और ऑपरेशन थिएटर तक आवारा कुत्ते पहुंच रहे हैं। आवारा कुत्तों का आतंक मरीजों और उनके तीमारदारों के लिए बड़ी परेशानी बन रहा है। अस्पताल परिसर में कुत्तों के झुंड खुलेआम घूमते नजर आ रहे हैं। जिससे इलाज कराने आए लोगों में डर का माहौल बना हुआ है।

मरीजों और तीमारदारों का कहना है कि सुबह से लेकर रात तक कुत्तों का जमावड़ा लगा रहता है। रात में कुत्तों के लगातार भौंकने से मरीजों की नींद में खलल पड़ रहा है। कुत्तों का आंतक इमरजेंसी वार्ड के आसपास सबसे अधिक देखने


जिला अस्पताल के आइसोलेशन वार्ड के बाहर बैठे आवारा कुत्ते। –जागरण मोर्चा

को मिलता है। आपरेशन थिएटर के बाहर भी कई बार कुत्तें आराम घूमते और फिरते हैं। इसके अलावा सीढ़ियों के रास्ते में पहली, दूसरी मंजिल तक आसानी से पहुंच जाते हैं। इन कुत्तों के झुंड देखकर लोगों अपने आपको असुरक्षित महसूस कर रहे हैं।

मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ.बीसी सक्सेना ने बताया कि नगर पालिका को कई बार पत्र लिखे है। कई बार तो वह स्वयं आवारा कुत्तों को पकड़वाकर अस्पताल से बाहर करवा चुके है। लेकिन अस्पताल का परिसर खुला होने की वजह से कुत्ते दोबारा अंदर आ जाते हैं।

**एक नजर**



## शाहबाद के बंगाली तिराहे पर भिड़े सांड, मची अफरा तफरी

**शाहबाद।** रविवार को शाहबाद के बंगाली तिराहे पर दो सांड आपस में भिड़ गए। जिसके चलते तिराहे पर अफरा–तफरी मच गई, लोग अपने अपने वाहन लेकर इधर उधर भागे। लोग सांड की लड़ाई का लड़ाई का वीडियो अपने अपने मोबाइल में कैद करते रहे। करीब दस मिनट तक चली सांडो की लड़ाई में कई मोटरसाइकिल भी क्षतिग्रस्त हो गई। दुकानदारों और आसपास के लोगों ने सांड पर बोतलों से पानी डालकर अलग किया। इसके बाद दोनों सांड एक दूसरे के पीछे रामलीला मैदान की तरफ भागे।

## ग्रामीण को पीटा

**रामपुर :** गंज थाना क्षेत्र के गांव काशीपुर निवासी बाबर का कहना है कि वह 14 मार्च को किसी काम से बिलासपुर की बाजार जा रहा था कि रास्ते में रोककर गाली गलौज करते हुए पीट दिया था। इस मामले में अजीमनगर पुलिस ने तहरीर के आधार पर पुलिस ने हमजा, नौशाद, हनीफ, मुनीर, अफ्फान, रफिया बादशाह, अरकान एक अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# कहीं पहाड़ी से दे न दे धक्का... इसी डर में हनीमून पर नहीं गए

## संस्कृति एवं विकास मंच के तत्वाधान में ज्वाला नगर के लोहिया पार्क में हुआ अखिल भारतीय हास्य कवि सम्मेलन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** संस्कृति एवं विकास मंच के तत्वाधान में होली एवं नव संवत्सर के अवसर पर प्रतिवर्ष आयोजित होने वाला अखिल भारतीय हास्य कवि सम्मेलन शनिवार रात ज्वाला नगर के लोहिया पार्क में संपन्न हुआ। देर रात तक चलने वाले इस कवि सम्मेलन में देश के नामचीन कवियों ने श्रोताओं को काव्य रस के अलग अलग रंगों में सराबोर किया।

कवि सम्मेलन का शुभारंभ पूर्व मंत्री शिव बहादुर सक्सेना, जिला पंचायत अध्यक्ष ख्याली राम लोधी ने किया।विकास बौखल के संचालन में प्रारम्भ हुए कवि सम्मेलन का प्रारंभ नेहा शर्मा नमन की सरस्वती वंदना से हुआ।उसके बाद लखनऊ से आए हास्य व्यंग के कवि सौरभ जायसवाल ने रिश्तों पर चुटकी लेते हुए कहा कि दोस्ती के जुनून पर , नहीं गए,जमीं पर रहे, मून पर नहीं गए, कहीं पहाड़ी से, दे न दे धक्का इसी डर में हनीमून पर नहीं गए। सामाजिक मूल्यों को अपने गीतों में स्थान देने वाले भोपाल से पधारे प्रसिद्ध गीतकार डॉ. संजय सिंह "बाबू जी" के गीतों ने सारे सदन में सन्नाटा भर दिया । सारे सदन की आंखे नम हो गयीं जब उन्होंने सुनाया कि सच बात पूछती हूं,बताना ना बाबू जी छुपाना न बाबू जी, क्या याद मेरी आती नहीं। एक और गीत में डॉ. संजय सिंह ने कहा बाबू जी दहेज मत देना रे जमाई को, बेच मत देना घर की, बछिया कसाई को।

हास्य के बड़े हस्ताक्षर कवि इंदौर मध्य प्रदेश के जॉनी बैरागी अपने चुटीले अंदाज में देर रात तक श्रोताओं को हंसाते गुदगुदाते रहे। उनसे पहले संचालन कर रहे बाराबंकी के हास्य कवि विकास बौखल ने कहा कि किसी खंजर से ना तलवार से जोड़ा जाए,सारी दुनिया को चलो प्यार से जोड़ा जाए। ये किसी शख्स को दोबारा ना मिलने पाए। प्यार के रोग को आधार से जोड़ा जाए। दिल्ली की ओज व वीर रस की कवयित्री नेहा नमन शर्मा ने अपनी रचनाओं में व्यवस्था और परिवेश पर तीखे प्रहार किए। सारा माहौल उत्साह से भर गया। राम को समर्पित उनका गीत सराहा गया। राम तन, राम मन, राम जी है धन हर घड़ी, हर पल,राम को नमन,राम से विमुख होकर मर जाएगा,राम जी का नाम लेकर तर जाएगा।



अखिल भारतीय हास्य कवि सम्मेलन का आरंभ करते पूर्व मंत्री। –जागरण मोर्चा



कार्यक्रम में मौजूद लोग। –जागरण मोर्चा



लकी ड्रा में नाम आने पर पुरस्कार लेती पूजा सक्सेना। –जागरण मोर्चा

### लक्की ड्रा भी निकाले गए

इस अवसर पर तीन रचनाकारों रवि प्रकाश अग्रवाल , शिव कुमार शर्मा चंदन, डॉ. चंद्र प्रकाश शर्मा को साहित्य भूषण एवं तीन रचनाकारों ओम कार सिंह विवेक, सुरेंद्र अश्क रामपुरी और राम किशोर वर्मा को साहित्य श्री उपाधि से सम्मानित किया। साथ ही पूजा सक्सेना,आशु गुप्ता, अंजीत राय, पीयूष, राजीव लोचन सहित पांच के लकी ड्रा भी निकले। कार्यक्रम में कमल किंग ने भी अपनी प्रस्तुति से सबका मनमोहा। इस अवसर पर भारत भूषण गुप्ता, कृष्ण अवतार लोधी, पंकज अग्रवाल, अनिल सक्सैना, सुभाष सक्सेना, नरेंद्र सक्सेना, विक्की सक्सेना, स्वेता सक्सेना, पारुल अग्रवाल, राजीव मांगलिक, प्रमोद, अन्नू सक्सेना, दिनेश सक्सेना, देवेश गुप्ता, मुकेश सक्सेना, आशीष जौहरी, मुकेश पाल सिंह, राजेश लोधी, आशु गुप्ता आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### सम्मेलन में इन कवियों ने की शिरकत

सम्मेलन को लेकर पिछले कई दिनों से तैयारियां चल रही थी।रविवार को कवि सम्मेलन में कवि जॉनी बैरागी, नेहा शर्मा, सौरभ जायसवाल, संजय सिंह, विकास बौखल पहुंचे। जबकि कार्यक्रम के सह संयोजक अंजुम सक्सेना, आशीष जौहरी, प्रेमपाल यादव, विशाल शर्मा, रविंद्र सिंह तोमर, आशु गुप्ता के अलावा स्वागत कर्ता शकुंतला लोधी, श्वेता शर्मा,लक्ष्मी शर्मा, सीमा प्रजापति, दिनेश कश्यप, विनोद कश्यप,रानी गुप्ता, प्रीति शर्मा रही। देर रात तक कार्यक्रम का आयोजन हुआ।

# शाहबाद में 25वीं तरावीह पर कुरान-ए-पाक मुकम्मल

## इलाही मस्जिद में तरक्की और अमन-चैन के लिए दुआ

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहबादः** मोहल्ला वेदान स्थित इलाही मस्जिद में शनिवार रात 25 वीं तरावीह की नमाज के दौरान कुरान-ए-पाक मुकम्मल किया।रमजान के पवित्र महीने में यह विशेष आयोजन हुआ, जिसके बाद तरक्की, खुशहाली और अमन-चैन के लिए विशेष दुआएं मांगी गईं।

इस अवसर पर नारौली से आए हाफिज सलमान ने कुरान-ए-पाक सुनाया, जिसे मस्जिद के इमाम साजिद रज़ा ने सुना।मुफ्ती निजामुद्दीन ने कुरान की अहमियत पर तकरीर करते हुए कहा कि हदीस शरीफ के अनुसार, जो मुसलमान रमजानुल मुबारक के रोजे रखता है।अल्लाह की रजा के लिए तरावीह की नमाज अदा करता है, उसके गुनाह माफ कर दिए जाते हैं। उन्होंने बताया कि रमजान सब्र का महीना है। इसका इनाम जन्नत है।मुफ्ती निजामुद्दीन ने आगे कहा कि रोजा रखने वालों की जिस्मानी और रूहानी सभी बुराइयां खत्म हो जाती हैं। उन्होंने सभी मुसलमान मर्द व औरतों से रमजानुल मुबारक के रोजे रखकर अपने रब को राजी करने और ज्यादा से ज्यादा वक्त तिलावत-ए-कलाम-ए-इलाही में गुजारने की अपील की कार्यक्रम के अंत में दुआ कराई। इस मौके पर इमाम साजिद रजा, हाफ़िज सलमान, हाफिज इस्लाम, हाफिज आसिम, वसीम अली, शान, जहीर खान,माहिर खान,ओसामा, वसीम कामिल मियां शब्बन मियां अजीम अहमद नहीम खान और रिजवान खा सहित कई लोग मौजूद रहे।



शाहबाद की इलाही मस्जिद में कुरान मुकम्मल के मौके पर मौजूद इमाम और नमाज़ी।

# 200 छात्राओं ने देखी द केरला स्टोरी 2




बरेली रोड स्थित सिनेपोलिस मोदी के बाहर खड़ी छात्राएं। –जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** सनातन धर्म को जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें 200 हिन्दू छात्राओं को लव जिहाद पर आधारित फिल्म केरला स्टोरी -2 पर दिखाई गई। मूवी सिनेपोलिस मोदी माल में दिखाई गई।

कार्यक्रम के आयोजक प्रतीक फूल कुमार सक्सेना ने कहा हिंदू धर्म की लड़कियों में जागरूकता फैलाना। हिंदू लड़कियों को सही जानकारी देना बहुत आवश्यक है।इसी उद्देश्य से पहल की गई। ताकि युवा पीढ़ी सामाजिक परिस्थितियों को समझ सके और सतर्क रह सके। यह भी बताया कि आगे भी इस प्रकार के समाजिक जागरूकता से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस अवसर पर राजू शर्मा, कपिल गुप्ता, अरूण सिंह, शलभ सक्सेना, विनीत शर्मा, अभिषेक साकेत सक्सेना, नमन जैन आदि मौजूद रहे।

# करीम पुर मस्जिद में कुरान मुकम्मल

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** सैदनगर क्षेत्र के करीम पुर गांव स्थित मस्जिद में माहे रमजान में नमाजे तरावीह के दौरान कुरान मुकम्मल हो गया। इमाम मौलाना अब्दुल बासित नूरी ने कुरान सुनाया, जबकि हाफिज मो. अयान ने समाअत के फराइज अंजाम दिए और जिला पंचायत सदस्य मुस्तफा हुसैन ने उलेमाओं की गुलपोशी कर मुबारकबाद दी।

कुरान मुकम्मल होने के बाद इमाम मौलाना अब्दुल बासित नूरी ने देश और कौम की तरक्की, भाईचारे और अमन-चैन तथा खुशहाली के लिए दुआ मांगी गई।करीमपुर जामा मस्जिद के इमाम मौलाना अब्दुल कदीर रजा ने मस्जिद में उपस्थित नमाजियों से नमाज, कुरान की तिलावत करने और नेक रास्ते पर चलने को कहा और बुरी सोहबत से दूर रहने की सलाह दी, ताकि गुनाहों से हिफाजत हो सके। इस मौके पर हकीम शमशाद रज़ा ने रमजान और कुरान की फजीलत पर प्रकाश डालते हुए कहा कि रमजान का महीना रहमतों और बरकतों का महीना है। उन्होंने बताया कि इस महीने में मुसलमान ज्यादा से ज्यादा इबादत, तिलावत और नेक कामों में हिस्सा लेते हैं।इस अवसर पर मौलाना फारूक ए आजम, मौलाना रुखसार, मौलाना नाजिम, हाफिज मोहम्मद नवेद, मौलाना शाकिर अली, मौलाना नौशाद रजा, हाफिज वसीम रज़ा, अफसर हाजी, छोटे मिस्त्री, अख्तर अली मुल्ला, इस्तेकार अली, जर्रार प्रधान, मुदस्सिर पाशा, अकबर अली, रईस अहमद, शोएब पाशा सहित बड़ी संख्या में अकीदतमंदों ने शिरकत की।



सैदनगर क्षेत्र के गांव करीमपुर जामा मस्जिद में कुरान मुकम्मल, हाफिजों की गुलपोशी करते हुए जिला पंचायत सदस्य मुस्तफा हुसैन। –जागरण मोर्चा

# पालिका के जर्जर सभागार का मरम्मत कार्य शुरू

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** नगर पालिका परिषद के जर्जर सभागार का मरम्मत कार्य शुरू हो गया है। जोकि रविवार को भी जारी रहा। सभागार की स्थिति इतनी भयंकर है कि सभागार में जगह-जगह का प्लास्टर गिर रहा है। ऐसे में कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। इसलिए पालिका के सभागार की मेंटीनेंस कार्य शुरु करा दिया गया है।

शुक्रवार को पालिका के सभागार में वर्ष 2026-27 के मूल बजट की बैठक हुई थी। बैठक में 2 अरब और 23 करोड़ रुपये का बजट पारित हुआ था। बैठक के दौरान सभासद श्वेता शर्मा समेत अन्य सभासदों ने कहा था कि शहर में इतने अरबो-खरबों का विकास कार्य हो रहा है। लेकिन पालिका के सभागार की स्थिति इतनी काफी जर्जर है जगह-जगह की सीलिंग टूट गई है जिसमें बरसात का पानी आ रहा है। जोकि वह पानी सीधे सभागार में रखी कुर्सियों पर गिर रहा है। इससे कुर्सियों भी खराब हो रही है। इसलिए पालिका के सभागार में मरम्मत कार्य शुरु करा दिया गया है। अधिशासी अधिकारी दुर्गेश्वर त्रिपाठी ने बताया कि पालिका के सभागार में मरम्मत कार्य हो रहा है।



पालिका के सभागार में निर्माणाधीन कार्य। –जागरण मोर्चा

# किसान अपने हक की लड़ाई लड़ने के लिए तैयार रहे: हनीफ

## भारतीय किसान यूनियन अंबावता की पंचायत ग्राम सनकरा में हुई

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** भारतीय किसान यूनियन अंबावता की पंचायत ग्राम सनकरा में संपन्न हुई। पंचायत में आंधी,तूफान से गेहूं की फसल को नुकसान पर चिंता जताई।

संबोधित करते हुए प्रमुख राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मोहम्मद हनीफ वारसी ने कहा कि किसान मायूस ना हो अपने हक की लड़ाई लड़ने के लिए तैयार रहे। जिन फसलों में नुकसान हुआ है। अपनी फसलों के लिए तहसील से संपर्क करें।भारतीय किसान यूनियन अंबावता पूरी तरह से नजर बनाए हैं। अबकी बार सरकारी गेहूं के क्रेंदों पर मारामारी होगी। यह हम समझ रहे हैं इसलिए शासन प्रशासन से अपील की जाती है कि पिछले वर्ष जितने गेहूं के लिए केंद्र खोले गए थे जनपद रामपुर में उसे चार गुना किया जाए। ताकि किसान अपना गेहूं सरकारी दामों में भेज सके।

समय से सरकार द्वारा एमएसपी पर खरीद की जाने का लक्ष्य जो दिया जाता है,लेकिन अबकी बार सभी किसान इंतजार में है क्योंकि हमारे भारत सरकार ने अमेरिका से जो समझौता किया उसकी वजह से गेहूं के किसान मायूस हैं। मार्केट में गेहूं सस्ता है,सीड प्लांट वाले भी अबकी बार भारत अमेरिका के समझौते से टूट गए हैं। किसानों को अपने आप और अपने परिवार को बचाने के लिए एकजुट होकर किसान विरोधी ताकते से लड़ना होगा।पंचायत की अध्यक्षता फरहत अली खान ने की। संचालन सैयद जमाल आरिफ मियां ने किया। वक्ताओं में शाहनवाज खान, शराफत अली, श्याम मोहन पांडे, सूरजपाल, जमुना प्रसाद अली फरजान अली, इलियास अहमद, नन्हे, रामचरण, करीमुद्दीन, रोशन लाल, नूर हसन, महफूज अली आदि शामिल रहे।



पंचायत को संबोधित करते हनीफ वारसी। –जागरण मोर्चा

# बाम्बे कॉलोनी में कुरआन ए करीम तकमील



बिलासपुर गेट स्थित मस्जिद फैज उल उलूम में कुरआन मुकम्मल होने पर हाफिज, सामा के संग खड़े लोग। –जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** बिलासपुर गेट स्थित बाम्बे कॉलोनी मस्जिद फैज उल उलूम में कुरआन करीम मुकम्मल हुआ। जिसमें हाफिज मोहम्मद अली ने सुनाया। जबकि मोहम्मद रजी और हाफिज मोहम्मद उजैर ने सामा के फराइज अदा किए।

इस मौके पर मौलाना उबैद उल्लाह ने रमजान की फजीलत बयान की। उन्होंने कहा कि कुरआन अल्लाह की भेजी हुई ऐसी किताब है जो हाफिजों के सीने में रोज ए कयामत तक महफूज रहेगी। इसमें दुनिया और आखिरत की कामयाबी है इसलिए समझ कर पढ़ने और अमल करने की जरूरत है। रमजान गरीबों कमजोरों की खास मदद का महीना है। इसके बाद हाफिज, सामा की लोगों ने गुलपोशी की। आखिरी में मुल्क में अमल शांति और भाईचारे के लिए दुआ कराई। इस मौके पर हाफिज तालिब, हाफिज नदीम, मोहम्मद रेहान एडवोकेट, तनवीर अहमद, मेंहदी हसन, मोहम्मद अहमद, फैसल कमाल खान आदि मौजूद रहे।

# तेज हवाओं के बीच हाई टेंशन लाइन में फिर हुआ ब्रेकडाउन, 8 घंटे ठप रही विद्युत आपूर्ति

जागरण मोर्चा कार्यालय

**मसवासी।** मामूली बूंदाबांदी और तेज हवाओं के बीच हाईटेंशन लाइन में फिर ब्रेकडाउन हो गया। जिससे मसवासी नगर समेत 32 गांव की बिजली आपूर्ति 8 घंटे बाधित रही। जिससे क्षेत्रवासियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

रविवार को सुबह से ही आसमान पर काले बादल छाए रहे। मामूली बूंदाबांदी और तेज हवाओं के बीच दढ़ियाल मसवासी के बीच हाईटेंशन लाइन में ब्रेकडाउन हो गया। जिससे मसवासी नगर समेत चाउपुरा, भूबरा, बिजारखाता, रहमतगंज, सीतारामपुर, कुंदनपुर, अलीगंज, खुशहालपुर, मानपुर, मंसूरपुर, सेमरा लाडपुर, करीमपुर मिलक, नौखरीद, हसनपुर उत्तरी,पट्टीकला, घोसीपुरा, धर्मपुर उत्तरी, किशनपुर, मौलागढ़, शिकारपुर, शिवनगर बब्बरपुरी, लोहार इनायतगंज, खानपुर उत्तरी, मोतीपुरा, गागन नगली, नरपत नगर समेत आसपास के गांव की बिजली आपूर्ति सुबह 8 बजे से शाम 4 बजे तक बाधित रही। जिससे क्षेत्रवासियों को बिजली किल्लत का सामना करना पड़ा। साथ ही रोजेदारो को भी परेशानी का सामना करना पड़ा। ब्रेकडाउन दूर करने के लिए बिजली कर्मियों ने हाई टेंशन लाइन पर पेट्रोलिंग की। दढ़ियाल के निकट एचडी खंबे पर फाल्ट को सही किया। अवर अभियंता श्याम सिंह ने बताया की एचडी लाइन के खंभे से फॉल्ट दुरुस्त कर दिया गया है बिजली आपूर्ति शीघ्र ही चालू कर दी जाएगी।



मसवासी के दढियाल मार्ग पर एचटी लाइन के खंभे पर फॉल्ट दूर करता बिजली कर्मचारी।

# मस्जिद उमर में भी कुरआन मुकम्मल



बरेली गेट स्थित मस्जिद उमर में कुरआन मुकम्मल होने पर खड़े लोग। –जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** बरेली गेट स्थित मस्जिद उमर में नमाज ए तरावीह में कुरआन ए करीम मुकम्मल हुआ। जिसमें कारी सैफ उल्लाह अत्तारी ने सुनाया। जबकि सामा के फराइज हाफिज आकिब रजा ने अदा किए।

इस मौके पर मौलाना अब्दुस सत्तार ने कहा कि कुरआन को तजवीद के साथ ही पढ़े। मुल्क में अमन शांति के लिए दुआ कराई गई। इस मौके पर शारिक खां, मजहर अजहरी, गुड्डू, सलमान मुजद्दी आदि मौजूद रहे।

# टीईटी के विरोध में शिक्षकों ने लिखे पोस्टकार्ड

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुरः** अखिल भारतीय संयुक्त शिक्षक महासंघ के आह्वान पर बेसिक शिक्षकों ने टीईटी थोपे जाने के विरोध में रविवार को भी पोस्टकार्ड अभियान चलाया। नव साक्षरता परीक्षा के कारण रविवार को विद्यालय खुले होने से शिक्षकों ने वहीं से पोस्टकार्ड लिखकर अपनी आपत्ति दर्ज कराई।

शिक्षकों का कहना है कि 1 सितंबर को सुप्रीम कोर्ट ने सभी कार्यरत शिक्षकों को दो वर्ष के भीतर टीईटी उत्तीर्ण करने का आदेश दिया है। उनका आरोप है कि यह आदेश केंद्र सरकार द्वारा अक्टूबर 2017 में बनाए गए ऐसे नियम के आधार पर दिया गया है, जिसे उस समय सार्वजनिक नहीं किया गया था। शिक्षकों का कहना है कि उनकी नियुक्ति जिस समय के नियमों के तहत हुई थी, वही नियम उन पर लागू होने चाहिए। पूर्व प्रभाव (बैक डेट) से नियम लागू करना उनके साथ अन्याय है।

इसी के विरोध में शिक्षकों ने चरणबद्ध आंदोलन का निर्णय लिया है।महासंघ के संयोजक दिगपाल गंगवार ने बताया कि रविवार को पोस्टकार्ड अभियान के प्रथम चरण का अंतिम दिन था। रविवार को लिखे गए पोस्टकार्ड सोमवार को डाक के माध्यम से भेजे जाएंगे।



पोस्टकार्ड दिखाते शिक्षक। –जागरण मोर्चा



भारतीय हिंदू नववर्ष को लेकर बैठक करते व्यापारी। -जागरण मोर्चा

## 19 मार्च को भारतीय हिंदू नववर्ष मनाएं

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की एक बैठक कैंप कार्यालय जवाहर रोड पर संपन्न हुई। जिसमें कार्यकर्ताओं ने 19 मार्च को भारतीय हिंदू नव वर्ष मनाने की घोषणा की गई।

बैठक में वक्ताओं ने कहा कि विक्रम संवत 2083 के प्रथम दिन जोश के साथ मनाएंगे, क्योंकि इस दिन से भारतीय हिंदू नववर्ष प्रारंभ होकर पेड़ों से पतझड़ समाप्त होने के साथ नया मौसम गर्मी का प्रारंभ होता है और भारत में नई शक्ति का संचार होता है। जिससे व्यापारी उन्नति कथा व्यापार वृद्धि होती है। इसलिए निर्णय लिया गया है इस दिन को भी भारतीय हिंदू नव वर्ष की शुभकामनाएं के साथ न्यू ईयर की खुशियां मनाएं। इस दौरान जिला अध्यक्ष प्रेम ग्रोवर, उमेश चंद्र वार्ष्णेय, रमेश ग्रेवाल, शाह आलम मंसूरी, विपुल, चिंटू शर्मा, पहलाद लोधी, उपेंद्र कुमार मौजूद रहे।

# श्री अक्रूरजी महाराज के जन्मोत्सव पर अवकाश के लिए राज्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** श्री वार्ष्णेय यूथ संगठन के काफी कार्यकर्ता रविवार को राज्यमंत्री के आवास पर पहुंचे और उन्होंने मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन सौंपकर श्री अक्रुरजी महाराज की जयंती पर अवकाश घोषित करने की मांग की।

ज्ञापन में कार्यकर्ताओं ने कहा कि वार्ष्णेय समाज के कुलप्रवर्तक श्री अक्रूरजी महाराज के जन्मोत्सव पर्व के उपलक्ष्य में 11 अप्रैल को पूरे प्रदेश में एक दिन का अवकाश घोषित किया जाए और नगर के रामबाग रोड पर उनके नाम से एक द्वार बनाया जाए। संगठन के अध्यक्ष अनुज वार्ष्णेय अन्नू ने कहा कि वार्ष्णेय समाज प्राचीन वृष्णि वंश से संबंधित एक समृद्ध भारतीय वैश्य समुदाय है, जो भगवान श्रीकृष्ण को अपना आराध्य और श्री अक्रूरजी को वंश-प्रवर्तक मानता है। प्रभात कृष्णा ने कहा कि युवा पीढ़ी को अपने गौरवशाली इतिहास से जोड़ने के लिए समय-समय पर गोष्ठियों का आयोजन किया जाएगा।



माध्यमिक शिक्षा राज्यमंत्री गुलाब देवी को ज्ञापन सौंपते श्री वार्ष्णेय यूथ संगठन के पदाधिकारी। -जागरण मोर्चा

इन गोष्ठियों में कुल प्रवर्तक श्री अक्रूरजी महाराज के जीवन चरित्र और उनके आदर्शों से समाज को अवगत कराया जाएगा। इसके साथ प्रतिवर्ष भांति इस वर्ष भी भव्य शोभायात्रा निकालने का प्रस्ताव भी पारित किया गया है। इस दौरान मंतेश वार्ष्णेय, देवेन्द्र मोनू, लकी वार्ष्णेय, मयंक वार्ष्णेय, चिराग वार्ष्णेय, ब्रजेश वार्ष्णेय, रजत वार्ष्णेय, निक्कू वार्ष्णेय, अमित चौधरी, अमित केएस आदि मौजूद रहे।



महिला दिवस के कार्यक्रम में मौजूद महिला पदाधिकारी। -जागरण मोर्चा

## महिला दिवस पर पदाधिकारियों को किया सम्मानित

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** श्री गीता सत्संग भवन में श्री गीता सत्संग युवा महिला मंडल की ओर से महिला दिवस व चैत्र नवरात्र का आयोजन किया गया। जिसमें महिलाओं को उपहार देकर सम्मानित किया गया।

सीता रोड स्थित श्री गीता सत्संग भवन में श्री गीता सत्संग युवा महिला मंडल की ओर से महिला दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महिला दिवस के उपलक्ष्य में सभी महिलाओं को उपहार दिए गए। साथ ही चैत्र नवरात्र के अवसर पर महिलाओं के बीच हाउसी सहित अन्य गेम्स कराए गए। जिसमें महिलाओं ने उत्साह से प्रतिभाग किया। बताया गया कि चैत्र नवरात्र के प्रथम दिन हिंदु नववर्ष आरंभ होता है। सभी पदाधिकारियों ने एक-दूसरे को हिंदू नववर्ष की बधाई दी। इस अवसर पर अध्यक्ष प्रज्ञा अग्रवाल, संयोजिका इंदु अग्रवाल मानसी अग्रवाल, शिवानी अग्रवाल, निमिषा अग्रवाल, सुप्रिया अग्रवाल आदि पदाधिकारी मौजूद रहीं।

## तहसील में आज होगी महापंचायत, तैयारियां पूरी

### 27 मार्च को बिचेटा चौराहों पर राष्ट्रीय प्रवक्ता की महापंचायत होगी आयोजित

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** भारतीय किसान यूनिटन टिकैत की पंचायत का आयोजन गांव जहांगीरपुर में किया गया। जिसमें सोमवार को तहसील में होने वाली महापंचायत की तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया। साथ ही 27 मार्च को बिचेटा चौराहे पर राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत की किसान मजदूर संवाद महापंचायत को लेकर रणनीति बनाई गई।

पंचायत को संबोधित करते हुए भाकियू टिकैत के पश्चिमी उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष विजेंद्र सिंह यादव ने कहा कि सोमवार को तहसील में किसानों की कई समस्याओं को महापंचायत में रखा जाएगा। कहा कि तहसील



पंचायत में बोलते विजेंद्र सिंह यादव। -जागरण मोर्चा

में किसानों की समस्याओं की अनदेखी हो रही हैं, जिससे किसानों में आक्रोश है और 27 मार्च कि बिचेटा चौराहे पर राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत की किसान मजदूर संवाद महापंचायत को सफल बनाने के लिए अलग-अलग कमेटियां का गठन किया गया। कहा कि जिसको लेकर किसानों में भारी उत्साह है। उक्त महापंचायत में हजारों की संख्या में किसान भाग लेंगे। जनपद के किसानों की समस्याओं को राष्ट्रीय प्रवक्ता के सामने रखा जाएगा। इस अवसर पर रामवीर सिंह यादव, अतर सिंह, रामवीर प्रधान, ऋषिपाल सिंह, डबलू यादव, कर्ण सिंह, भगवान दास, पान सिंह, राजू यादव, वीरेश, जमना सिंह, रामदास, हरपाल, महावीर सिंह यादव, राजेश मौर्य आदि मौजूद रहे।

## कुढ़फतेहगढ़ के युवक की बदायूं में मौत पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** कुढ़फतेहगढ़ थाना क्षेत्र के युवक की जनपद बदायूं में ट्रैक्टर-ट्राली की चपेट में आने से मौत हो गई। घटना से परिवार में कोहराम मच गया। परिजन घटनास्थल की रवाना हो गए।

थाना कुढ़फतेहगढ़ फैजुल्लापुर निवासी नागेंद्र उर्फ विनोद 35 वर्ष पुत्र नेत्रपाल रविवार की सुबह गांव के कुछ लोगों ने साथ आलू की बीनने जनपद बदायूं के थाना बिसौली क्षेत्र के गांव परासिया गया था। रविवार की दोपहर आलू बीनकर वह सभी के साथ वापस आ रहा था। जब रास्ते पर आसफपुर पुल के पास मेला देखने को सभी लोग रुक गए। मगर विनोद पुल के पास खड़ा हो गया। मनु नगर चौराहे पर आलू से भरी



मृतक नागेंद्र उर्फ विनोद।

आ रही ट्रैक्टर-ट्राली की चपेट में आ गया और उसकी घटनास्थल पर मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर परिजनों में कोहराम मच गया। परिजन मौके पर रवाना हो गए। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। घटना के बाद चालक फरार हो गया। मृतक अपने पीछे पत्नी आरती व 5 बच्चों को छोड़ गया है।

## तकदीर उनकी भी होती है जिनके हाथ नहीं होते

### समिति ने होली मिलन पर किया काव्य गोष्ठी का आयोजन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** भारतीय मानव कल्याण समिति का होली मिलन समारोह पर काव्य गोष्ठी का आयोजन विनायक मार्ग स्थित कार्यालय पर हुआ। कार्यक्रम का आरंभ भगवान गणेश व मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके किया गया।

समिति प्रबंधक डा. टीएस पाल ने कहा कि होली रंगों, उमंग और खुशियों का महापर्व है। यह त्योहार हमें संदेश देता है कि जैसे होली के रंग मिलकर एक नया रंग बनाते हैं, वैसे ही हम सभी मतभेद भुलाकर समाज में प्रेम और एकता का रंग घोले। काव्य गोष्ठी में उन्होंने सुनाया कि जिंदगी वनडे मैच की तरह है, जिसमें रन तो बढ़ते हैं, लेकिन ओवर घटते हैं। इसलिए पुण्य के चौके और छक्के लगाते रहें ताकि ऊपर बैठा



समिति की काव्य गोष्ठी में बोलते वक्ता। -जागरण मोर्चा

हुआ अंपायर मोक्ष की ट्राफी दे सके। दिनेश पाल सिंह ने सुनायाकि हम संघ पथिक, निराले, भारत गौरव गांएगे। त्याग, तपस्या की ज्योति जन-जन में फैलाएगे। विपिन बालाजी ने सुनाया कि जरा घूमने को मेहंदीपुर चलिए, वहां रहते बालाजी महाराज है। डा. जयशंकर दुबे ने सुनाया कि दुनिया की उत्तम उपहार है बेटी, देखो कैसे पहुंची हिमालय की चोटी। शैलेंद्र वार्ष्णेय ने गाया कि भूसा विकास हमें लाये दियो लटकन। कुलदीप वार्ष्णेय ने कहा कि तकदीर के खेल के सभी निराश नहीं होते, तुम हाथों की लकीरों पर मत करना विश्वास, तकदीर उनकी भी होती है जिनके हाथ नहीं होते। सभी ने एक-दूसरे के गले मिलकर होली की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर नवकांत देव शर्मा, दिनेश चंद्र गुप्ता, सुनील कुमार, दारा सिंह, आकाश कुमार, मुकेश वार्ष्णेय, रोशन लाल, कृष्ण मोहन गुप्ता, ओम प्रकाश गुप्ता, विपिन वार्ष्णेय, रतन वार्ष्णेय, श्याम सुंदर दुबे, राजेश पाल, संजय सैनी आदि मौजूद रहे।

## बूंदाबादी से हुआ ठंड का एहसास, मौसम हुआ सुहावना

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** अचानक बदले मौसम के मिजाज ने एक बार फिर से ठंड का एहसास करा दिया। हल्दी बूंदा-बादी होने से कई दिन से पड़ रही गर्मी से लोगों ने कुछ राहत महसूस की। फिलहाल बारिश होने की संभावना बनी हुई है।

रविवार की सुबह 5 बजे से आसमान में काले बादल छाने व बिजली कड़कने लगी। सबको लगा कि भीषण बारिश होने वाली है। सुबह 6.30 बजे बूंदाबादी शुरू हुई और आधा घंटे के बाद समाप्त हो गई। इसके बाद दोपहर एक बजे एक बार फिर मौसम बदला और आसमान में काले बादल कड़कने लगे। फिर से बूंदाबादी शुरू हो गई। कुछ देर बाद रुक गई। आसमान में काले बादल आने व बूंदाबादी से मौसम सुहावना हो गया। जिससे लोगों ने कई दिन से पड़ रही गर्मी से राहत महसूस की।




बूंदाबांदी के दौरान स्कूटी से छाता लेकर गुजरता युवक। -जागरण मोर्चा

रविवार रात को आसमान में काले बादल छाए थे। जिससे एक बार फिर से बारिश होने की संभावना बनी हुई थी। वहीं रविवार को मौसम सुहावना होने से लोगों ने खूब लुफ्त उठाया।

## बच्चों ने लिया अनेक प्रतियोगिताओं में भाग



खेल प्रतियोगिताओं का आरंभ करते अतिथि। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बबराला।** हिंदू नववर्ष के अवसर पर खेलो बबराला कार्यक्रम के तहत रविवार को बाबूराम सिंह भाय सिंह स्नातकोत्तर महाविद्यालय परिसर में विविध खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में बाबूराम सिंह इंटर कालेज, संस्कृति पब्लिक स्कूल, केंद्रीय विद्या निकेतन, द गंगोत्री द टेंपिग ऑफ एजूकेशन, स्वामी ध्यानानंद पब्लिक स्कूल, सोना देवी मेमोरियल स्कूल, सीताराम मेमोरियल स्कूल, रामा कान्वेंट स्कूल, रूप गंगा पब्लिक स्कूल तथा पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय सहित 15 विद्यालयों के 342 छात्रों ने पंजीकरण कराया था। प्रतियोगिता में 100 मीटर, 200 मीटर व 400 मीटर दौड़, गोला फेंक, भाला फेंक, लंबी कूद तथा ऊंची कूद जैसी एथलेटिक्स स्पर्धाएं आयोजित की गई।

प्रतियोगिता केशव और माधव वर्ग में बालक एवं बालिकाओं के लिए अलग-अलग कराई गई। कार्यक्रम का आरंभ मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री अजीत कुमार उर्फ राजू यादव तथा नगर पंचायत चेयरमैन हर्षवर्धन वार्ष्णेय ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर हरि गोविंद सिंह, जगदीप वार्ष्णेय, निशांत, अंकित, नितिन आदि मौजूद रहे।

## होली मिलन कार्यक्रम में एक-दूसरे को दीं शुभकामनाएं

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बबराला।** कोतवाली गुन्नौर क्षेत्र के रजपुरा स्थित राधे वाटिका में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पहुंचे लोगों का फूलमाला पहनाकर जोरदार स्वागत किया गया और गले मिलकर एक-दूसरे को होली की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि स्वामी सतीशाचार्य मौजूद रहे।

संजीव यादव ने सभी को होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि होली प्रेम, भाईचारे व सामाजिक सद्भाव का पर्व है। उन्होंने सभी से आपसी सौहार्द बनाए रखने व क्षेत्र के विकास के लिए मिलकर काम करने का आह्वान किया।

कहा कि यह मेरा परम सौभाग्य है कि गुन्नौर विधानसभा की जनता




होली मिलन समारोह में मौजूद लोग। -जागरण मोर्चा

की सेवा करने का मौका मिला है। इस अवसर पर ऑल इंडिया मदर टेरेसा फाउंडेशन के जनरल सेक्रेटरी सरदार सिंह यादव, उमेश यादव, डा. बनवारी सिंह यादव, भारत सिंह यादव, अरविंद यादव, संजय, केपी यादव, हरवीर यादव, सतीश यादव, दिनेश शर्मा, ऋषिपाल यादव, दीपक राजपूत, टेकचंद राणा आदि मौजूद रहे।

## कलाकारों की प्रस्तुति ने मोहा मन, जमकर बजी तालियां

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** बरनवाल सभा व नरौली की ओर से होली मिलन समारोह का आयोजन सीता रोड स्थित एक रेस्तरां में किया गया। कार्यक्रम का आरंभ मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके किया गया। दीप्ति बरनवाल व शिखा गुप्ता ने सरस्तवी वंदना-अहिवरन वंदना की प्रस्तुति दी।

वैशाली गोयल ने होली पर सुंदर गीत की प्रस्तुति दी। अनिका गोयल ने नृत्य कर वाहवाही लूटी। राधाकृष्ण के स्वरूप में सजे कलाकारों ने नृत्य की प्रस्तुति से समा बांध किया और जमकर तालियां बजाई गई। सभा के



कार्यक्रम का आरंभ करते अतिथि। -जागरण मोर्चा

पदाधिकारियों ने फूलों की होली खेली और एक-दूसरे को होली की बधाई दी। इस अवसर पर आकृति गुप्ता, नीलिमा गुप्ता, अभिषेक गुप्ता, रचित गुप्ता, सचिन गुप्ता, अमित गुप्ता, कन्हैया, आशीष गुप्ता, नितिन गुप्ता, विकास गोयल, अंकुर गोयल, विकास गुप्ता, सुमित गुप्ता, डा. तनुज गोयल, ईशांक गोयल, डा. दुर्गा टंडन, सुनैना गुप्ता, आयुषी गुप्ता, रीनू बंसल, स्वाति गुप्ता, वैशाली गोयल, रेनू गुप्ता, नीरज बरनवाल आदि मौजूद रहे।

## सुंदर कांड में भजनों पर झूमे श्रद्धालु



सुंदर काण्ड का पाठ करते श्रद्धालु। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** स्वामी भूमानंद सेवा ट्रस्ट की ओर से सीएचसी परिसर स्थित महामृत्युंजय मंदिर में संगीतमय श्री सुंदर कांड पाठ का आयोजन किया गया। जिसमें सर्वप्रथम डा. वाईपी जोशी ने विधि विधान से सभी देवी-देवताओं का पूजन संपन्न कराया। इसके पश्चात केजी शर्मा, राजेश शंखधार, जेएन मिश्रा, वाईके शर्मा, राजीव शर्मा, रमेश ग्रेवाल, कल्पना वार्ष्णेय, बृजेश वार्ष्णेय, आलोक दुबे, राकेश चौबे ने गणेश व मां सरस्वती वंदना, हनुमान चालीसा, बजरंग वाण व सुंदर कांड की चौपाइयों का वाचन किया। भजनों की श्रंखला में केजी शर्मा ने राम नाम के हीरे मोती, मैं बिखराऊ गली-गली, उमा श्रीवास्तव ने मैंने सुंदर कांड कराया है, मेरा हनुमान घर आया है आदि भजन सुनाकर श्रद्धालुओं को भाव विभोर कर दिया। अंत में आरती के उपरांत प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर आलोक दुबे, राकेश चौबे, सुरेश चंद्र शर्मा, सुदर्शन वार्ष्णेय, पीएन शर्मा, अनुपम शर्मा, मनोज शर्मा, श्याम यादव, अशोक पाठक, मयंक आदि भजन प्रस्तुत किए।

## सड़क पर नहीं पढ़ी जाएगी ईद की नमाज

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** कोतवाली परिसर में आगामी त्योहारों को लेकर पीस कमेटी का आयोजन किया गया। जिसमें अनुज कुमार तोमर ने कहा कि ईद की नमाज सड़कों पर नहीं होगी। जैसे कि शासन की गाइडलाइन में निर्देश किया गया। कहा कि सोशल मीडिया के माध्यम से अफवाहें फैलाने वाले इस सख्त कार्रवाई की जाएगी।

व्यापारियों ने कहा कि ईदगाह पर ईध वाले दिन नमाजियों के लिए पर्याप्त साफ-सफाई एवं पानी की व्यवस्थाओं का मुद्दा उठाया। साथ ही सभी से भाईचारे के साथ ईद का त्योहार मनाने की अपील की। कहा कि रामनवमी और नवरात्रि पर रामबारात निकाली जाती है तथा रामबाग पर मेला का आयोजन होता है। इसके लिए पुलिस, महिला



कोतवाली मे व्यापारियों के साथ अमन कमेटी की बैठक करते प्रभारी निरीक्षक।

पुलिस की व्यवस्था की जाए। साथ ही बगिया वाली देवी मंदिर पर मेले पर भी पुलिस व्यवस्था की जाए। सीसीटीवी कैमरे लगवाए की मांग की गई।

प्रभारी निरीक्षक ने कहा कि 19 मार्च से नवरात्र आरंभ हो रहे हैं, जिससे मंदिरों के आसपास सफाई व्यवस्था की जाएगी। ईद की नमाज से पहले जानवरों को बाड़ों में रखना के लिए नोटिस जारी किया जाएगा। इस अवसर पर शाह आलम मंसूरी, सागर गुप्ता, रियाज अहमद, नवाकांत शर्मा, सलीम सैफी, मोहित डुडेजा, देवेंद्र सिंह चौहान, रईस अहमद, सुभाष कुमार, सुंदर गिरि, सुनील सागर, चेतन सिंह आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### संविदा लाइनमैन से मारपीट कर 29 हजार रुपए की नकदी छीनी, कोतवाली में दी तहरीर

**हसनपुर।** कोतवाली क्षेत्र के गांव निवासी एक संविदा लाइनमैन ने अपने साथ मारपीट कर दबंगों द्वारा नगदी छीनने का आरोप लगाया। पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। कोतवाली क्षेत्र के गांव शेरगढ़ निवासी सुमित कुमार पुत्र सत्यवीर सिंह ग्रामीण बिजली घर के फीडर कालाखेड़ा पर संविदा लाइनमैन के पद पर तैनात है। शनिवार शाम वह उपभोक्ताओं के बिलों की 29 हजार रुपये की नगदी जमा करने एसडीओ कार्यालय आ रहा था। आरोप है कि नगर के मोहल्ला लालबाग में बुलेट सवार दो अज्ञात युवकों ने गलत दिशा से आकर उसकी बाइक में टक्कर मार दी। पीड़ित द्वारा विरोध करने पर आरोपियों ने उसके साथ जमकर मारपीट की और जेब में रखे सरकारी वसूली के 29 हजार रुपये निकाल लिए। घटना का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। कस्बा इंचार्ज रामप्रकाश सिंह ने बताया कि मारपीट के संबंध में तहरीर प्राप्त हुई है, मामले की गहनता से जांच कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# रसोई गैस उपभोक्ताओं ने गजरौला मार्ग पर लगाया जाम, सूचना पर पहुंची पुलिस

## गैस की किल्लत के चलते प्रातः से गैस एजेंसी पर लग रही है उपभोक्ताओं की लाइन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** रसोई गैस वितरण में अनियमितता से नाराज सैकड़ों उपभोक्ताओं ने रविवार को नगर के गजरौला मार्ग पर जाम लगाते हुए नारेबाजी के बीच गैस एजेंसी संचालकों पर उत्पीड़न का आरोप जड़ा। जाम लगने की सूचना पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और उपभोक्ताओं को समझ कर जाम खुलवाया, उसके बाद गैस एजेंसी स्वामी व उपभोक्ताओं के बीच वार्ता कराई गई।

लगातार घरेलू गैस की किल्लत के चलते उपभोक्ता परेशान हो रहे हैं वही प्रशासनिक अधिकारी गैस की कोई भी कमी ना होना बता रहे हैं। रविवार को प्रातः चार बजे से नगर के गजरौला मार्ग स्थित दिपपुर गेट के निकट गैस गोदाम पर उपभोक्ताओं की लाइन लगनी शुरू हो गई थी, 9 बजे तक गैस एजेंसी स्वामी द्वारा कोई भी जवाब न दिए जाने से उपभोक्ताओं का धैर्य जवाब दे गया और उन्होंने गजरौला मार्ग जाम कर दिया जाम लगने के कारण मार्ग के दोनों ओर वाहनों की लंबी-लंबी लाइन लग गई, वहीं उपभोक्ताओं द्वारा गैस एजेंसी स्वामी पर उपभोक्ताओं का उत्पीड़न करने का आरोप लगाते हुए नारेबाजी भी की। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने कहा कि एजंसी संचालक समय से गैस की सप्लाई नहीं दे रहे। इसके लिए उपभोक्ताओं को पांच-पांच घंटे लाइन में लगना पड़ रहा है। फिर भी गैस नहीं मिल रही। कोतवाली में तैनात वरिष्ठ उप निरीक्षक अमित कुमार पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और उपभोक्ताओं को समझाकर जाम खुलवाया।उधर गैस एजेंसी संचालक दिनेश गौतम का कहना है कि गैस का इंडियन लगा हुआ है,गाड़ी खराब होने की वजह से गैस आने में देरी हुई। जिस पर लोगां ने हंगामा कर दिया।


गैस की किल्लत को लेकर उपभोक्ताओं ने लगाया जाम। -जागरण मोर्चा


एजेंसी स्वामी एवं उपभोक्ताओं में नोंक-झोंक होते हुए। -जागरण मोर्चा



जाम लगने से मार्ग पर खड़े वाहन। -जागरण मोर्चा


ग्रामीण प्रदर्शन करते हुए। -जागरण मोर्चा

# बीएलओ पर फर्जी हस्ताक्षर कराने का आरोप, ग्रामीणों ने थाने पर किया प्रदर्शन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** आदमपुर थाना क्षेत्र के गांव बडा माझरा में तैनात शिक्षामित्र व अतिरिक्त बीएलओ पर ग्रामीणों ने धोखाधड़ी का गंभीर आरोप लगाया है।

ग्रामीणों का आरोप है कि बीएलओ ने वोटर संबंधी कार्य का झांसा देकर खाली कागजों पर उनके अंगूठे और हस्ताक्षर करा लिए थे, जिनका दुरुपयोग बाद में तालाब खुदाई के प्रस्ताव में किया गया। मामले का खुलासा तब हुआ जब प्रशासनिक टीम जांच के लिए गांव पहुंची। टीम द्वारा प्रस्ताव पर ग्रामीणों के हस्ताक्षर होने की बात सुनकर ग्रामीण दंग रह गए। ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने किसी भी तालाब खुदाई के प्रस्ताव पर सहमति नहीं दी थी। फर्जीवाड़े से नाराज दर्जनों ग्रामीणों ने रविवार को आदमपुर थाने पहुंचकर बीएलओ के खिलाफ तहरीर दी और थाने के गेट पर प्रदर्शन कर कार्रवाई की मांग की।

प्रदर्शन करने वालों में नन्हे सिंह, भूकन, हीरालाल, अमरपाल, अर्जुन, मुकेश, अंतरसिंह, हरपाल सिंह और कलुआ सहित अन्य ग्रामीण शामिल रहे। ग्रामीणों ने उपजिलाधिकारी को भेजे गए पत्र की प्रति भी पुलिस को सौंपी है और निष्पक्ष जांच की मांग की है।

# जयंती पर सपाइयों ने किया कांशीराम को नमन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** नगर स्थित समाजवादी पार्टी के कैंप कार्यालय पर रविवार को बहुजन समाज के महानायक, सामाजिक न्याय के प्रबल योद्धा और बहुजन आंदोलन के संस्थापक कांशीराम की जयंती बड़े सम्मान और श्रद्धा के साथ मनाई गई।इस अवसर पर विधायक काँठ एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री कमाल अख्तर ने पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ कांशीराम के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया, कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने उनके जीवन संघर्ष और समाज के लिए किए गए ऐतिहासिक कार्यों को याद करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर अपने संबोधन में कमाल अख्तर ने कहा कि कांशीराम जी ने अपना पूरा जीवन समाज के दलितों, पिछड़ों, शोषितों और वंचित वर्गों को उनका हक दिलाने के लिए समर्पित कर दिया, उन्होंने देश की राजनीति में सामाजिक न्याय की एक नई धारा स्थापित की और उन लोगों को आवाज दी जो वर्षों से व्यवस्था में उपेक्षित रहे, कांशीराम जी का जीवन संघर्ष, त्याग और समर्पण हम सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत है, उन्होंने कहा कि कांशीराम जी का सपना था कि समाज के हर व्यक्ति को बराबरी का अधिकार मिले और कोई भी वर्ग अपने अधिकारों से वंचित न रहे, विधायक कमाल अख़्तर ने कहा कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव भी हमेशा सामाजिक न्याय और पीडीए की मजबूती की बात करते रहे हैं, समाजवादी विचारधारा हमेशा से दलितों, पिछड़ों, गरीबों और कमजोर वर्गों के उत्थान के लिए संघर्ष करती रही है।

इस अवसर पर नवल कुमार, ऋषिपाल, शेखर जाटव, अखिलेश जाटव, सचिन आर्य, आरिफ अख्तर, युसूफ कुरैशी, शाहनवाज अंसारी, साजिद खान, बदर कुरैशी, युसूफ प्रधान, जावेद जरताब, पप्पू जाटव, सर्वेश जाटव, कोशिंदर जाटव, गुरमीत जाटव, पवन अग्रवाल, खालिक अंसारी, यशवीर नागर, यशपाल सिंह, खलिंदर पोसवाल इब्नेअली सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।



काशीराम जी की जयंती पर नमन करते कमाल अख्तर एवं अन्य। -जागरण मोर्चा

## अभ्यर्थियों के बाद जाम ने ली शहर के लोगों की परीक्षा

**जागरण मोर्चा कार्यालय, अमरोहा।** दरोगा भर्ती परीक्षा की दोनों पालियां समाप्त होने के बाद शहर में अचानक वाहनों का दबाव बढ़ गया, जिससे यातायात व्यवस्था पूरी तरह प्रभावित हो गई। इसके बाद शुरू हुई शहर के लोगों की जाम से निपटने की परीक्षा। केंद्रों से एक साथ बड़ी संख्या में अभ्यर्थियों के निकलने के कारण टीपी नगर चौराहा, बिजनौर रोड, जोया पुल और आसपास के प्रमुख मार्गों पर जाम के हालात बन गए। वाहन घंटों तक रेंगते हुए गुजरते रहे, जिससे राहगीरों और स्थानीय लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। शहर में कुल दस परीक्षा केंद्रों पर दरोगा भर्ती परीक्षा आयोजित की जा रही है। परीक्षा के मद्देनजर यातायात पुलिस ने पहले से रूट डायवर्जन प्लान लागू किया था, जिससे दिनभर शहर में यातायात व्यवस्था सामान्य बनी रही।

# हिंदू-मुस्लिम एकता की मिसाल बने समाजसेवी खावर अली, 10 वर्षों से करा रहे सामूहिक इफ्तार

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** कोतवाली क्षेत्र के गांव सिहाली जागीर निवासी समाजसेवी खावर अली खान क्षेत्र में सांप्रदायिक सौहार्द और सेवा की अनूठी मिसाल पेश कर रहे हैं। पिछले 10 वर्षों से वे पवित्र रमजान के अवसर पर गजरौला मार्ग पर कैंप लगाकर राहगीरों को इफ्तार करा रहे हैं।

खावर अली खान और उनकी टीम बिना किसी भेद भा व के प्रतिदिन 400 से 500 मुसाफिरों को रोककर इफ्तार कराती है। उन्होंने बताया कि ईद के नजदीक आते-आते यह संख्या 1500 से 1600 तक पहुँच जाती है। अब तक वे 20 हजार से अधिक लोगों की सेवा कर चुके हैं। सड़क से गुजरने वाले हिंदू-मुस्लिम भाई एक साथ बैठकर इफ्तार करते हैं, जो आपसी भाईचारे का जीवंत उदाहरण है। इसके अतिरिक्त, खावर अली खान प्रतिवर्ष अपने आवास पर एक विशाल इफ्तार पार्टी का भी आयोजन करते हैं, जिसमें क्षेत्र के हजारों गणमान्य व्यक्ति शामिल होते हैं। स्थानीय लोग उनके इस निस्वार्थ सेवा कार्य की भूरी-भूरी प्रशंसा कर रहे हैं।


समाजसेवी द्वारा किया गया सामूहिक इफ्तार । -जागरण मोर्चा

## किशोरी के अपहरण में दो युवकों पर मुकदमा दर्ज

**जागरण मोर्चा कार्यालय, गजरौला।** थाना क्षेत्र के एक गांव से 15 वर्षीय किशोरी को दो युवक बहला फुसलाकर घर से ले गए। किशोरी के पिता ने दोनों आरोपियों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कराया है।

थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति द्वारा दर्ज कराए गए मुकदमे में आरोप है कि उसके घर से उसकी 15 वर्षीय पुत्री गायब हो गई। उसने तलाश की और गांव में जानकारी निकाली तो पता चला कि गांव निवासी रवि व कीरसन नामक युवक उसे बहला फुसलाकर भगाकर ले गए हैं। जिसके बाद ग्रामीण ने पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर दोनों आरोपियों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज करते हुए किशोरी को बरामद करने और आरोपियों को गिरफ़्तारी को दबिश देनी शुरू कर दी है।

# जयंती पर केक काटकर मनाया कांशीराम का जन्मदिन

## अम्बेडकर उद्यान समिति ने धूमधाम से मनाया जन्मोत्सव

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** सामाजिक परिवर्तन के महानायक और बहुजन समाज के प्रणेता मान्यवर कांशीराम जी की जयंती रविवार को नगर के मौहल्ला कोट खेवान में अत्यंत हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाई गई। अम्बेडकर उद्यान समिति के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में भारी संख्या में समाज के गणमान्य व्यक्तियों और पदाधिकारियों ने शिरकत की।

कार्यक्रम का शुभारंभ संयुक्त रूप से केक काटकर किया गया, जिसके बाद उपस्थित जनसमूह ने मान्यवर कांशीराम अमर रहे के नारों से आकाश गुंजायमान कर दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे अम्बेडकर उद्यान समिति के अध्यक्ष विजय कुमार गौतम ने कहा कि समाज मान्यवर कांशीराम जी का सदैव ऋणी रहेगा। आगे कहा कि मान्यवर कांशीराम जी ने अपना पूरा जीवन दबे-कुचले और वंचित समाज को उनका हक दिलाने के लिए समर्पित कर दिया। उन्होंने कहा, "कांशीराम जी ने समाज हित में जो उत्कृष्ट कार्य किए हैं और जिस राजनैतिक चेतना का संचार किया है, उसके लिए पूरा समाज सदैव उनका ऋणी रहेगा। उनके द्वारा दिखाए गए संघर्ष के मार्ग पर चलकर ही समाज का कल्याण संभव है।" अम्बेडकर जयंती के अध्यक्ष दिनेश गौतम ने कहा कि अबकी बार अम्बेडकर जयंती ऐतिहासिक होगी।

अध्यक्ष दिनेश गौतम ने आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा प्रस्तुत की। उन्होंने समाज के सभी वर्गों से आह्वान करते हुए कहा कि आने वाली अम्बेडकर जयंती को हमें अभूतपूर्व बनाना है। उन्होंने घोषणा की कि इस बार सर्वसमाज के सहयोग से निकलने वाली शोभायात्रा और मंच कार्यक्रम न केवल भव्य होगा, बल्कि ऐतिहासिक भी होगा। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे बाबा साहब और कांशीराम जी के विचारों को जन-जन तक पहुँचाने का संकल्प लें।इस अवसर पर समाज के विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी और सामाजिक कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद रहे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अखिल भारतीय अम्बेडकर युवक संघ के अध्यक्ष रामवीर सिंह, महामंत्री विनोद कुमार गौतम, और कार्यक्रम संयोजक प्रधानाचार्य महीपाल सिंह ने अपने विचार रखे। साथ ही अम्बेडकर जयंती की कार्यकारी अध्यक्ष श्रीमती लता सागर, रणवीर सिंह, पूर्व सभासद अरविंद कुमार अन्ना, और महामंत्री जगवीर सिंह मौर्य ने भी कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम के दौरान मुकेश जाटव, राजीव कुमार, अंकुर सेठी, दिनेश जाटव, आशेराम, गनपत सिंह, लवी सागर, अमित हाली, शिवम सिंघानिया, कलुवा सिंह, धर्मप्रकाश, चन्द्रभान सिंह, राहुल कुमार, रवि कुमार, अमरदीप सिंह और फुर्ती बाबू सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।


काशीराम जी की जयंती मनाते कार्यकर्ता।


-जागरण मोर्चा

# राष्ट्र सेवी संगठन के कार्यकर्ता ने किया प्रदर्शन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा में प्रश्न के उत्तर के विकल्प में पंडित शब्द के प्रयोग किए जाने के विरुद्ध कार्रवाई करने की मांग को लेकर राष्ट्र सेवी संगठन के कार्यकर्ता प्रदर्शन किया।

तहसील क्षेत्र के ग्राम नगलिया मुंशी में राष्ट्र सेवी संगठन के कार्यकर्ता रविवार को होली चौक पर इकट्ठा हुए। इस अवसर पर उपस्थित राष्ट्र सेवी संगठन संयोजक कृष्ण कुमार शर्मा ने बताया कि पूर्व में वेव सीरीज का नाम घूसखोर पंडित रखकर ब्राह्मण समाज को अपमानित करने का काम किया गया था। ठीक उसी तरह कल दिनांक 14 मार्च 2026 को आयोजित उत्तर प्रदेश पुलिस एस आई भर्ती परीक्षा के हिंदी खंड में एक मुहावरे अवसर के अनुसार बदल जाने वाला के विकल्प के रूप में पंडित शब्द का प्रयोग आपत्ति जनक, संवेदन शील, एवं ब्राह्मण समाज को अपमानित करने वाला है। इस तरह की घटनाओं के लिए जिम्मेदार लोगों को शायद यह याद नहीं कि समाज हित में सहर्ष प्राण त्याग कर शरीर की हड्डियों को वज्र निर्माण हेतु देने वाले ऋषि वशिष्ठ ब्राह्मण थे। जनहित के लिए आचार्य चाणक्य द्वारा दिया गया योगदान भी अविस्मरणीय है। उन्होंने मांग की कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर जिम्मेदार लोगों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाए जिससे भविष्य में कोई ऐसी नीच हरकत करने का दुस्साहस न कर सके। इसके अलावा गांवों में गेस की सप्लाई न होने पर आक्रोश व्यक्त किया गया। अतिशीघ्र गैस सिलेंडर की आपूर्ति पूर्व की भांति पुनः गांव गांव घर घर शुरू किए जाने की मांग की गई।

इस अवसर पर महिपाल सिंह प्रांत गन्ना मंत्री भारतीय किसान संघ, कैलाश सिंह एड, जितेंद्र सिंह, गोपाल सिंह, पीतम सिंह, सुखदेव शर्मा, अल्पेंद्र, मनोज, राकेश सिंह, जय प्रकाश, अमित, वेदपाल, टिंकू, बबलू आदि मौजूद रहे।


प्रदर्शन करते हुए कार्यकर्ता। -जागरण मोर्चा

# ऑल इण्डिया सेन जी महासंघ ट्रस्ट की बैठक में अधिक उम्र में शादी करने पर जताई चिंता

जागरण मोर्चा कार्यालय

**गजरौला :** ऑल इंडिया सेन जी महासंघ ट्रस्ट की बैठक वीडियो कॉन्फ्रेंस द्वारा हुई। राष्ट्रीय संस्थापक एमएस ठाकुर ने कहा की अधिक उम्र में शादी करने से बहुत सी समस्याओं का सामना करना पड़ता है, अधिक उम्र वाली शादी से प्रजनन क्षमता पर भी प्रभाव पड़ता है साथ ही एक जेनरेशन गैप बनता है जिसमें आपस में तालमेल बिठाना बड़ा मुश्किल काम हो जाता है।

राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष एडवोकेट मनमोहन सिंह सेन ने कहा की अभी बच्चों के शिक्षा सत्र का समापन हुआ है और नए सत्र में प्रवेश लेना है इसलिए सभी को बच्चों की क्षमता के अनुसार कोर्स का चयन कर और उनको ऐसी शिक्षा दिलाने का प्रयास करना चाहिए जो कि रोजगार परक हो , जिससे आने वाले समय में बच्चे आत्मनिर्भर बन सकें। कहा कि, अभिभावकों को बच्चों पर अनावश्यक दबाव नहीं बनना चाहिए वरना बच्चे अवसाद में चले जाते हैं।

बैठक में राष्ट्रीय संयोजक गिरधारी लाल सेन, सुरेश चंद्र शर्मा, मांगेराम सेन, राजकुमार गवली, कुंज बिहारी, सविता, सीमा राउत, मंजू लता सेन, रघुवीर शरण, श्रीवास देवी प्रसाद, राजेंद्र सेन, देवी प्रसाद, शिवकुमार बंसल, दिलीप आदि मौजूद रहे। बैठक की अध्यक्षता राष्ट्रीय संयोजक गिरधारी लाल सैन ने जबकि संचालन राष्ट्रीय महासचिव सुरेश चंद्र शर्मा ने किया।

# अंबेडकर जन्मोत्सव की तैयारियां तेज, शोभा यात्रा में होगी भव्य झांकी और मेधावियों का होगा सम्मान

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** मोहल्ला मनापुर में रविवार को अंबेडकर जन्मोत्सव समिति की एक आवश्यक बैठक आयोजित की गई। बैठक में समिति की मुख्य अध्यक्षा चंचल सागर ने अंबेडकर उद्यान समिति खेवान के नवनियुक्त अध्यक्ष बाबूराम जाटव और उनकी कार्यकारिणी का भव्य स्वागत किया।

अध्यक्षा चंचल सागर ने घोषणा करते हुए कहा कि इस वर्ष बाबा साहब की जयंती पर निकलने वाली झांकी पुरानी परंपरा के अनुसार निर्धारित मार्ग से होते हुए अंबेडकर पार्क तक अत्यंत भव्यता के साथ निकाली जाएगी। मुख्य कार्यक्रम में नामी कलाकारों द्वारा बाबा साहब के जीवन प्रसंगों की प्रस्तुति दी जाएगी। अंबेडकर विकास मंच के अध्यक्ष महेंद्र सिंह आर्य ने बताया कि इस बार का आयोजन ऐतिहासिक होगा। कार्यक्रम में क्षेत्र की उन प्रतिभाओं को सम्मानित किया जाएगा जिन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में परचम लहराया है। साथ ही, उन अभिभावकों को भी विशेष रूप से सम्मानित किया जाएगा जो सीमित संसाधनों के बावजूद अपने बच्चों को उच्च शिक्षा दिला रहे हैं। अंबेडकर उद्यान समिति के अध्यक्ष बाबूराम सागर ने कार्यक्रम को सफल बनाने में पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। इस दौरान मास्टर छोटेलाल, सभासद राजेंद्र गुड्डू, डॉ. राजेश कुमार, प्रशांत कुमार, महेश जाटव, दारा सिंह और विनय प्रताप सिंह सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।


बैठक में उपस्थित पदाधिकारी। -जागरण मोर्चा

## सम्पादकीय

# संवेदनशील बने न्यायिक तंत्र, कई बार अनकही रह जाती है पीड़ा

सुप्रीम कोर्ट ने पॉक्सो मामले में इलाहाबाद हाई कोर्ट का फैसला रद्द कर दिया, जिसमें समन के महत्व को कम किया गया था। कोर्ट ने यौन अपराधों में संवेदनशीलता बढ़ाने के लिए दिशानिर्देश बनाने की प्रक्रिया शुरू की और लैंगिक रूढ़ियों पर अपनी 2023 की हैंडबुक भी रद्द की।

पिछले दिनों सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद हाई कोर्ट के उस फैसले को रद कर दिया, जिसमें यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण अधिनियम, 2012 (पोक्सो) के एक मामले में समन के महत्व को कम कर दिया गया था। जज सूर्यकांत, जायमाल्य बागची और एनवी अंजारी की पीठ ने ट्रायल कोर्ट के मूल समन आदेश को बहाल किया और कहा कि प्रथमदृष्ट्या आरोपों से दुष्कर्म करने का 'प्रयास' प्रतीत होता है, न कि केवल 'तैयारी'। यही नहीं सुप्रीम कोर्ट ने लैंगिक संवेदनशीलता के नवीन मानकों को स्थापित करते हुए यौन अपराधों के मुकदमों में अधिक संवेदनशील और एकसमान न्याय-निर्णय के लिए दिशा-निर्देश तैयार करने की प्रक्रिया शुरू की।

इन निर्देशों को जारी करते हुए मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने लैंगिक रूढ़ियों से निपटने के लिए सुप्रीम कोर्ट द्वारा 2023 में जारी की गई हैंडबुक को रद कर दिया। उक्त मामला 17 मार्च, 2025 को इलाहाबाद हाई कोर्ट के उस निर्णय से संबंधित है, जिसमें उसने ट्रायल कोर्ट के समन को भारतीय दंड संहिता की धारा 376 के तहत दुष्कर्म के आरोप से घटाकर धारा 354 बी के तहत 'वस्त्र उतारने के इरादे से हमला' कर दिया था। इसके साथ ही पोक्सो के संबंधित प्रविधानों को भी धारा 18 से घटाकर धारा 10 कर दिया गया था, जिसमें आजीवन कारावास की आधी सजा का नियम है, जबकि धारा 18 में 5-7 वर्ष के कारावास का प्रविधान है। सुप्रीम कोर्ट ने यह माना कि देश की विभिन्न अदालतों में संवेदनशीलता को लेकर बरती जाने वाली सावधानी में कहीं न कहीं चूक हो जाती है, इसीलिए उसने यह कार्य प्रशिक्षण प्रणाली को सौंप दिया तथा भोपाल स्थित राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी से एक विशेषज्ञ समिति गठित करने का आग्रह किया। समिति को भाषाई विविधता और आम लोगों के लिए सुगम्यता का ध्यान रखते हुए एक व्यापक रिपोर्ट और दिशा-निर्देशों का मसौदा तैयार करने को कहा गया है। न्यायालय का इस पर विशेष जोर था कि समिति प्रतिवेदन तैयार करते समय राष्ट्र की भाषाई विविधता को ध्यान में रखे।

उसने यह भी इंगित किया कि विभिन्न क्षेत्रों की बोलियों में प्रचलित अनेक ऐसे शब्द एवं अभिव्यक्तियां हैं, जो सामान्य बोलचाल में प्रयुक्त होती हैं, पर वे दंड विधि के तहत आपत्तिजनक या अपराध की श्रेणी में आ सकती हैं। अतः समिति का यह दायित्व होगा कि वह विभिन्न भाषाओं के ऐसे शब्दों की पहचान कर उनका संकलन करे, ताकि वे न्यायिक प्रक्रिया में अनदेखे न रह जाएं। सुप्रीम कोर्ट ने विशेषज्ञ समिति से इस विषय पर एक समग्र रिपोर्ट तैयार करने को कहा कि यौन अपराध के मामलों में न्यायिक प्रक्रिया में संवेदनशीलता कैसे विकसित की जाए। इससे पूर्व 'अपर्णा भट बनाम मध्य प्रदेश राज्य, 18 मार्च, 2021' मामले में शीर्ष न्यायालय ने राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी से कहा था कि वह युवा न्यायाधीशों के प्रशिक्षण और न्यायाधीशों की सतत शिक्षा में लैंगिक संवेदनशीलता से संबंधित आवश्यक सामग्री को शीघ्रता से तैयार करे, जिसमें न्यायिक तर्क में अंतर्निहित रूढ़ियों और अचेतन पूर्वाग्रहों के प्रति पर्याप्त जागरूकता कार्यक्रम शामिल हों।

सुप्रीम कोर्ट लगातार देश की विभिन्न अदालतों द्वारा यौन अपराधों के मामलों में प्रदर्शित संवेदनात्मक कमी और रूढ़िगत दृष्टिकोण पर आपत्ति व्यक्त करता रहा है। हालिया निर्णय में भी सुप्रीम कोर्ट ने इसी चिंता को दोहराते हुए कहा, 'हमारे सभी निर्णयों में करुणा, मानवता एवं समझ की भावना झलकनी चाहिए। यही तत्व एक निष्पक्ष एवं प्रभावी न्यायप्रणाली के निर्माण के लिए जरूरी हैं।' यह टिप्पणी सिर्फ एक न्यायिक अवलोकन भर नहीं, संवेदनशील न्यायशास्त्र की दिशा में किया गया एक सशक्त और ऐतिहासिक हस्ताक्षर है।

# ऐतिहासिक घटनाएं

- **1984** - पोर्ट लुई (मारिशस) स्थित महात्मा गांधी संस्थान में वहाँ के प्रधानमंत्री अनिरुद्ध जगन्नाथ द्वारा प्रथम अंतराष्ट्रीय संस्कृत सम्मेलन का उद्घाटन।
- **1997** - ईरान ने पहली बार किसी महिला राजनीतिक को विदेश में नियुक्त किया।
- **1999** - एल्डबजोर्ग लोवर नोर्वे की प्रथम महिला रक्षामंत्री बनीं, कोसोवो शांति वार्ता का दूसरा चरण पेरिस में आरम्भ हुआ।
- **2001** - कोफी अन्नान ढाका से भारत पहुँचे, भारत-पाक वार्ता पर ज़ोर, करासे पुनः फिजी के प्रधानमंत्री नियुक्त।
- **2002** - बार्सिलोना (स्पेन) में यूरोपीय संघ शिखर सम्मेलन शुरू, संयुक्त राज्य अमेरिका का चौथा प्रक्षेपास्त्र रोधी परीक्षण सफल।
- **2003** - चीन में सत्ता नई पीढ़ी के हाथ, हू जिन्ताओं नये राष्ट्रपति बने।
- **2005** - सऊदी अरब के राजकुमार अलवाहिद बिन तलाल अब्दुल अजीज अलसौंद ने भारतीय राष्ट्रपति से नई दिल्ली में वार्ता की।
- **2007** - वोडाफ़ोन और एस्सार के बीच समझौता सम्पन्न।
- **2008** - देश की पहली महिला आईपीएस अधिकारी किरण बेदी को जेल सुधार एवं मानव अधिकारों की रक्षा में उत्कृष्ट योगदान के लिए जर्मन सम्मान 'एनीमेरी मेडिसन' के लिए चुना गया। महात्मा गांधी की प्रतिमा इटली के पोसिलियो में स्थापित की गई। कजाखस्तान के वैंकावूर हवाई अड्डे से रूस के एक प्रोटाम एम रॉकेट का प्रक्षेपण किया गया।
- **2009** - लखनऊ ने महिलाओं की कबड्डी प्रतियोगिता जीती। अंतर्राष्ट्रीय स्तर की महिला पहलवान अर्जुन अवार्डी गतिका जाखड़ ने लगातार सातवीं बार भारत केसरी ख़िताब जीतकर देश की सबसे ताकतवर महिला पहलवान बनने का गौरव प्राप्त किया।

## 15 मार्च को जन्मे व्यक्ति

- 1997 - **पूजा गहलोत** - भारतीय महिला फ्रीस्टाइल पहलवान हैं।
- 1901 - **गुरु हनुमान** - भारत के महान् कुश्ती कोच व पहलवान।
- 1934 - **कांशीराम** - भारतीय राजनेता।
- 1937 - **चरणजीत सिंह अटवाल** - शिरोमणि अकाली दल।
- 1947 - **अजीत पाल सिंह** - भारत के पूर्व हॉकी खिलाड़ी हैं।
- 1947 - **एम. थंबीदुरई** - तमिलनाडु के प्रसिद्ध राजनीतिक नेता हैं।
- 1943 - **साहिब सिंह वर्मा** - भारतीय जनता पार्टी के उपाध्यक्ष व तेरहवीं लोक सभा के सांसद थे।
- 1874 - **सर अब्दुल कादिर** - न्यायविद, पत्रकार और राजनीतिज्ञ थे।

## 15 मार्च को हुए निधन

- **थॉमस हिल ग्रीन** - थॉमस हिल ग्रीन, अंग्रेज़ विज्ञानवादी दार्शनिक, ऑक्सफ़ोर्ड विश्वविद्यालय में ह्वाइट प्रोफेसर थे।
- 1908 - **मालती चौधरी** - भारतीय स्वतंत्रता सेनानी तथा गाँधीवादी थीं।
- 1980 - **चन्दूलाल माधवलाल त्रिवेदी** - आंध्र प्रदेश के पहले राज्यपाल थे।
- 1985 - **राधा कृष्ण चौधरी** - बिहार के प्रसिद्ध लेखकों में से एक थे।
- 1992 - **राही मासूम रज़ा** - बहुआयामी व्यक्तित्व के धनी और प्रसिद्ध साहित्यकार।
- 2009 - **सरला ठकराल** - भारत की प्रथम महिला विमान चालक।
- 2009 - वर्मा मलिक - भारतीय सिनेमा के प्रसिद्ध गीतकार।
- 2013 - कलाम अंजी रेड्डी - दवा उद्योग में एक भारतीय उद्यमी थे।
- 2015 - नारायण भाई देसाई, स्वतंत्रता सेनानी एवं महादेव देसाई के पुत्र।

## विशेष आलेख

# (15 मार्च अंतर्राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस) पेट्रोलियम संकट में उपभोक्ता, अधिकारों की वास्तविकता



संजीव ठाकुर




प्रतिवर्ष 15 मार्च को पूरे विश्व में अंतर्राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस मनाया जाता है। यह दिन उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने के लिए समर्पित है, परंतु विडंबना यह है कि आज जब दुनिया इस दिवस को मना रही है, उसी समय वैश्विक राजनीति और युद्धों की आग में उपभोक्ता सबसे अधिक झुलस रहा है। मध्य-पूर्व में बढ़ते तनाव, विशेषकर अमेरिका, इज़रायल और ईरान के टकराव के कारण पेट्रोलियम पदार्थों की आपूर्ति और कीमतों पर वैश्विक दबाव बढ़ गया है। परिणाम यह हुआ कि पेट्रोल, डीज़ल और गैस की कीमतों में स्थिरता ने पूरे विश्व के उपभोक्ताओं को प्रभावित किया है।

जब जब पेट्रोलियम महँगा होता है तो उसका असर केवल वाहन चलाने तक सीमित नहीं रहता बल्कि परिवहन, खाद्यान्न, बिजली, उद्योग और दैनिक उपभोग की वस्तुओं तक फैल जाता है, जिससे आम आदमी की जेब पर सीधा बोझ पड़ता है। ऐसे समय में यह सवाल स्वाभाविक रूप से उठता है कि उपभोक्ता अधिकारों की जो व्यवस्था बनाई गई है वह वास्तव में आम नागरिक को कितनी राहत दे पा रही है। भारत में उपभोक्ताओं की सुरक्षा के लिए उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 1986 में व्यापक रूप से लागू किया गया था उसके बाद अनेक संशोधन किए गए, वर्तमान में उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019 लागू है, जिसके अंतर्गत उपभोक्ताओं को कई महत्वपूर्ण अधिकार प्रदान किए गए हैं। इनमें सुरक्षा का अधिकार, सूचना प्राप्त करने का अधिकार, चयन का अधिकार, सुने जाने का अधिकार, न्याय प्राप्त करने का अधिकार और उपभोक्ता शिक्षा का अधिकार प्रमुख हैं। इसके अलावा इस कानून में भ्रामक विज्ञापनों पर नियंत्रण, ई-कॉमर्स कंपनियों की जवाबदेही और ऑनलाइन शिकायत दर्ज करने की व्यवस्था भी जोड़ी गई है।

उपभोक्ता विवादों के समाधान के लिए भारत में त्री स्तरीय व्यवस्था बनाई गई है। जिसमें जिला उपभोक्ता आयोग, राज्य उपभोक्ता आयोग और राष्ट्रीय उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग शामिल हैं। देश में लगभग 685 जिला उपभोक्ता आयोग और लगभग 35 राज्य आयोग कार्यरत हैं, जबकि राष्ट्रीय आयोग सर्वोच्च स्तर पर अपील और बड़े मामलों की सुनवाई करता है। जिला आयोग में एक करोड़ रुपये तक के मामलों की सुनवाई होती है, राज्य आयोग एक करोड़ से दस करोड़ रुपये तक के मामलों पर निर्णय देता है और दस करोड़ रुपये से अधिक के मामलों की सुनवाई राष्ट्रीय आयोग करता है। सरकार के उपलब्ध आँकड़ों के अनुसार पिछले कुछ वर्षों में उपभोक्ता मामलों की संख्या लगातार बढ़ी है। 2022 से 2025 के बीच लगभग 5.99 लाख मामले उपभोक्ता आयोगों में दर्ज हुए और लगभग 5.91 लाख मामलों का निपटारा किया गया, जबकि लाखों मामले अब भी लंबित हैं। वर्ष 2024 में लगभग 1.73 लाख नए मामले दर्ज हुए और लगभग 1.58 लाख मामलों का समाधान हुआ। जनवरी 2024 तक देशभर में लगभग 5.43 लाख मामले लंबित थे। कुछ राज्यों में स्थिति अपेक्षाकृत बेहतर है, जैसे गुजरात में 2024 के दौरान राज्य आयोग में 2214 मामलों और जिला आयोगों में 15820 मामलों का निपटारा किया गया। यह आँकड़े यह दर्शाते हैं कि व्यवस्था सक्रिय तो है, परंतु मामलों की संख्या और निपटान के बीच अभी भी बड़ा अंतर मौजूद है।

कानून के अनुसार उपभोक्ता मामलों का निपटारा तीन से पाँच महीनों के भीतर हो जाना चाहिए, लेकिन व्यवहार में कई मामलों में वर्षों लग जाते हैं। इसके पीछे न्यायिक सदस्यों की कमी, प्रशासनिक ढाँचे की सीमाएँ, बार-बार स्थगन और कंपनियों द्वारा आदेशों के पालन में देरी जैसे कारण जिम्मेदार हैं। इस पूरी व्यवस्था की सबसे बड़ी कमजोरी यह है कि आम उपभोक्ता अपने अधिकारों के प्रति अभी भी पूरी तरह जागरूक नहीं है। ग्रामीण स्तर पर उपभोक्ताओं को जागरूक करना नितांत आवश्यक है। बहुत से लोग छोटी-छोटी ठगी या सेवा में कमी को नियति मानकर सह लेते हैं और शिकायत दर्ज नहीं कराते। यही कारण है कि बाजार में कई बार कंपनियाँ और सेवा प्रदाता उपभोक्ता हितों की अनदेखी कर देते हैं। पेट्रोलियम संकट के वर्तमान दौर में यह समस्या और भी गंभीर हो जाती है क्योंकि ईंधन की कीमतों का प्रभाव हर वस्तु और सेवा पर पड़ता है। ऐसे में सरकार, उपभोक्ता संगठनों और न्यायिक संस्थाओं की जिम्मेदारी और बढ़ जाती है कि वे मूल्य पारदर्शिता, कर संरचना और आपूर्ति व्यवस्था को संतुलित रखें ताकि आम नागरिक पर अनावश्यक आर्थिक बोझ न पड़े।

अंतर्राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस केवल एक औपचारिक आयोजन भर नहीं होना चाहिए बल्कि यह आत्ममंथन का अवसर भी होना चाहिए कि क्या उपभोक्ता वास्तव में बाजार का राजा बन पाया है या अभी भी वह व्यवस्था की जटिलताओं में उलझा हुआ है। जब तक उपभोक्ता अपने अधिकारों के प्रति जागरूक नहीं होगा और शिकायत दर्ज करने का साहस नहीं करेगा, तब तक कानून की शक्ति पूरी तरह प्रभावी नहीं हो सकेगी। इसलिए आवश्यकता इस बात की है कि उपभोक्ता जागरूकता को जनआंदोलन का रूप दिया जाए, उपभोक्ता अदालतों की संख्या और संसाधन बढ़ाए जाएँ तथा शिकायतों के त्वरित निपटान की व्यवस्था को और मजबूत किया जाए। तभी अंतर्राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस का वास्तविक उद्देश्य पूरा होगा और उपभोक्ता वास्तव में सशक्त बन सकेगा।

**ये लेखक के अपने विचार हैं।**

# क्या केवल आईएएस से बदलेगा देश?



डॉ. प्रियंका सौरभ

भारत में संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा केवल एक प्रतियोगी परीक्षा नहीं रह गई है, बल्कि यह आज के युवाओं के लिए प्रतिष्ठा, शक्ति और सामाजिक सम्मान का प्रतीक बन चुकी है। हर वर्ष लाखों युवा इस परीक्षा की तैयारी में जुटते हैं और इसके साथ-साथ एक विशाल कोचिंग उद्योग भी खड़ा हो चुका है, जिसकी कीमत हजारों करोड़ रुपये आँकी जाती है। माता-पिता अपने बच्चों को बचपन से ही यह सपना दिखाने लगते हैं कि वे बड़े होकर प्रशासनिक अधिकारी बनें। समाज में भी प्रशासनिक सेवाओं को इतनी प्रतिष्ठा दी जाती है कि यह कई युवाओं के लिए जीवन का अंतिम लक्ष्य बन जाता है।

इसी वातावरण के बीच हाल ही में एकप्रसिद्ध शिक्षक का एक वक्तव्य व्यापक चर्चा का विषय बन गया। उन्होंने कहा कि प्रशासनिक सेवा का अधिकारी देश को नहीं बदल सकता। उनके अनुसार प्रशासनिक अधिकारी एक अच्छे कार्यान्वयनकर्ता होते हैं, जिनका मुख्य कार्य सरकार की नीतियों और योजनाओं को जमीन पर लागू करना होता है। लेकिन जब बात नए विचारों, बड़े परिवर्तन और ऐतिहासिक उपलब्धियों की आती है, तो इतिहास में ऐसे उदाहरण कम ही मिलते हैं जहाँ किसी प्रशासनिक अधिकारी ने कोई क्रांतिकारी दिशा दी हो। यह कथन कई लोगों को कठोर लगा, परंतु इसने एक महत्वपूर्ण बहस को जन्म दिया है—क्या सचमुच देश का भविष्य केवल प्रशासनिक सेवाओं से तय होता है या उसके पीछे वैज्ञानिकों, विचारकों और नवाचार करने वालों की बड़ी भूमिका होती है?

यदि हम भारत के इतिहास पर दृष्टि डालें तो पाएँगे कि देश को दिशा देने वाले कई बड़े परिवर्तन प्रशासनिक ढाँचे से बाहर के लोगों ने किए। भारत का परमाणु कार्यक्रम हो या अंतरिक्ष अनुसंधान, हरित क्रांति हो या श्वेत क्रांति—इन सभी के पीछे दूरदर्शी वैज्ञानिकों और सामाजिक उद्यमियों की भूमिका रही है। होमी जे भाभा ने भारत के परमाणु कार्यक्रम की नींव रखी और यह दिखाया कि विज्ञान के माध्यम से राष्ट्र की सुरक्षा और प्रतिष्ठा को मजबूत किया जा सकता है। विक्रम सारा भाई ने अंतरिक्ष अनुसंधान की शुरुआत की और आज भारत विश्व के अग्रणी अंतरिक्ष देशों में गिना जाता है।

इसी प्रकार अब्दुल कलाम ने मिसाइल कार्यक्रम को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाया और भारत को सामरिक रूप से मजबूत बनाया। कृषि क्षेत्र में स्वामीनाथन ने हरित क्रांति का मार्ग प्रशस्त किया, जिससे भारत खाद्यान्न के मामले में आत्मनिर्भर बना। वहीं वेर्घेस कुरियन ने अमूल आंदोलन के माध्यम से दुग्ध उत्पादन में क्रांति लाकर लाखों किसानों की आर्थिक स्थिति बदल दी। इन उदाहरणों से स्पष्ट होता है कि देश की दिशा बदलने वाले विचार अक्सर प्रयोगशालाओं, विश्वविद्यालयों, खेतों और उद्योगों से आते हैं। प्रशासनिक व्यवस्था उन विचारों को लागू करने और उन्हें व्यापक स्तर पर पहुँचाने में मदद करती है, परंतु मूल विचार का जन्म अक्सर किसी वैज्ञानिक, शिक्षक, उद्यमी या सामाजिक कार्यकर्ता के मन में होता है। फिर भी यह भी उतना ही सत्य है कि प्रशासनिक सेवाओं का महत्व कम नहीं है। किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था में नीतियों को लागू करने, कानून-व्यवस्था बनाए रखने और जनता तक योजनाओं को पहुँचाने के लिए सक्षम प्रशासनिक अधिकारियों की आवश्यकता होती है। यदि कोई महान वैज्ञानिक कोई नई तकनीक विकसित करता है, तो उसे समाज तक पहुँचाने के लिए प्रशासनिक ढाँचे की सहायता आवश्यक होती है।

**ये लेखक के अपने विचार हैं।**

## लघुकथा

### फर्ज

'अशरफ मियाँ कहाँ थे आप?'
'कहाँ थे आप! मैं समझा नहीं सर?'
'अशरफ मियाँ इ.ओ. सर ने औचक निरीक्षण किया तो आपकी क्लास खाली पड़ी थी। बच्चे धमाचौकड़ी मचा रहे थे।'
'सर, आप भी बच्चों जैसी बातें कर रहे हैं ! क्लास के चक्कर में हम अपनी इबादत जैसी जरूरी आजमाइशें छोड़ दें क्या?'
'कमाल है अशरफ साहब, क्या आप नहीं जानते कि क्लास खाली हो तो बच्चे बातों-बातों में आपस में किसी का सर भी फोड़ सकते हैं?'
'सर जी, अगर मामला इतना संजीदा है तो स्कूल का हेड होने के नाते इसकी फ़िकर आपको करनी चाहिए। मैं अपनी इबादत का टाइम किसी को नहीं दे सकता। भले ही कुछ भी हो जाए।'
'ठीक है अब तो चले जाओ क्लास में।'
'पापा! जल्दी घर चलिए, भाई जान घर में बैठे हैं और लगातार रोये चले जा रहे हैं। किसी के चुप कराये नहीं मान रहे।' अशरफ सर का बेटा उन्हें पुकारता हुआ बदहवास स्कूल के अंदर आ गया।
'अकीब लगातार रोये चले जा रहा है! क्यों क्या हुआ?'
'पता नहीं पापा, भाई जान कुछ बताएं तब न!'
'कुछ तो कहता होगा। आखिर हुआ क्या?'
'लगता है उनकी नौकरी छूट गयी है।'

## हेल्थ टिप्स

# गर्मियों में वजन घटाने के लिए पिएं ये 5 ड्रिंक्स

आजकल के गलत खानपान और खराब जीवनशैली के कारण मोटापा एक गंभीर समस्या बन चुका है। मोटापा न केवल देखने में खराब लगता है, बल्कि अपने साथ कई तरह की बीमारियां भी लेकर आता है। वजन घटाने के लिए ज्यादातर लोग डाइटिंग करते हैं। वहीं, कुछ लोग तो लंबे समय तक भूखा रहने की कोशिश करते हैं। लेकिन ऐसा करना गलत है, क्योंकि इससे वजन कम नहीं होता है, बल्कि शरीर कमजोर पड़ जाता है। वजन घटाने के लिए आपको हमेशा हेल्दी तरीका अपनाना चाहिए। अगर आप भी वजन घटाना चाहते हैं, तो अपनी डाइट में कुछ ड्रिंक्स को शामिल कर सकते हैं। इन ड्रिंक्स का सेवन करने से वजन कम करने के साथ-साथ गर्मियों में शरीर को हाइड्रेटेड रखने में भी मदद कर सकती हैं। आज इस लेख में हम आपको कुछ ऐसी ड्रिंक्स के बारे में बताने जा रहे हैं, जो गर्मियों में वजन घटाने में आपकी मदद कर सकती हैं-



**नींबू पानी:** अगर आप गर्मियों में अपना वजन कम करना चाहते हैं, तो आप नींबू पानी का सेवन कर सकते हैं। दरअसल, नींबू में विटामिन-सी भरपूर मात्रा में मौजूद होता है, जो शरीर में जमा विषाक्त पदार्थ को बाहर निकलने में मदद करता है। रोजाना इसके सेवन से वेट लॉस तो होता ही है, साथ ही शरीर की रोग-प्रतिरोधक क्षमता भी मजबूत बनती है।

**नारियल पानी:** नारियल पानी को बेस्ट समर ड्रिंक कहा जाता है। इसमें एंटीऑक्सीडेंट्स और मिनरल्स भरपूर मात्रा में पाए जाते हैं, जो शरीर में इलेक्ट्रोलाइट को बैलेंस रखने में मदद करते हैं। इसके सेवन पेट लंबे समय तक भरा हुआ रहता है और बार-बार भूख नहीं लगती है, जिससे आप ओवरईटिंग करने से बच सकते हैं। इससे वजन घटाने में मदद मिल सकती है।

**जीरा पानी:** गर्मियों में वजन घटाने के लिए आप जीरा पानी भी पी सकते हैं। दरअसल, इसके सेवन से पाचन तंत्र मजबूत बनता है और मेटाबॉलिज्म भी बूस्ट होता है। नियमित रूप से इसका सेवन करने से शरीर में जमा एक्स्ट्रा फैट को बर्न करने में मदद मिल सकती है। इसके लिए आप रात को एक चम्मच जीरा को एक गिलास पानी में भिगोकर रख दें। सुबह इस पानी को उबालकर पी लें।

**खीरे का जूस:** गर्मियों में वजन घटाने के लिए आप खीरे का जूस भी पी सकते हैं। इसमें पानी और फाइबर भरपूर मात्रा में मौजूद होता है। इसके सेवन से पेट लंबे समय तक भरा हुआ महसूस होता है, जिससे तेजी से वजन घटाने में मदद मिल सकती है। साथ ही, यह शरीर को ठंडक भी पहुंचाता है।

**सौंफ का पानी:** वजन घटाने के लिए आप सौंफ के पानी का सेवन कर सकते हैं। दरअसल, इसके सेवन से पाचन तंत्र मजबूत होता है और शरीर का मेटाबॉलिज्म बूस्ट होता है, जिससे शरीर में जमा एक्स्ट्रा चर्बी को कम करने में मदद मिलती है।

## आज का राशिफल

**मेष**
आज का दिन कई राशियों के लिए नए अवसर और सकारात्मक बदलाव लेकर आ सकता है। मेष राशि वालों के लिए आज का समय सामान्य दिनों की तुलना में बेहतर रहने के संकेत दे रहा है। किसी नए पद या जिम्मेदारी की प्राप्ति से मन में प्रसन्नता बनी रहेगी। विद्यार्थियों को सफलता पाने के लिए पढ़ाई में पूरा ध्यान लगाना होगा, तभी मनचाहे परिणाम मिलने की संभावना है।

**वृष**
वृषभ राशि वालों के मन में आज प्रतिस्पर्धा की भावना मजबूत रहेगी और अपनी मधुर वाणी से आप लोगों का दिल जीतने में सफल रहेंगे। आपकी पहचान और सम्मान बढ़ सकता है।

**मिथुन**
मिथुन राशि के लिए आज का दिन धैर्य और संयम से आगे बढ़ने का संदेश दे रहा है। कारोबार में जल्दबाजी में कोई बड़ा जोखिम उठाने से बचना ही बेहतर रहेगा। सरकारी योजनाओं या सुविधाओं का लाभ भी आपको मिल सकता है।

**कर्क**
कर्क राशि के लिए आज का दिन उत्साह और उपलब्धियों से भरा हो सकता है। आपकी नेतृत्व क्षमता बढ़ेगी दांपत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी और परिवार में खुशियों का माहौल रहेगा।

**सिंह**
सिंह राशि के लिए आज का दिन विशेष रूप से नौकरीपेशा लोगों के लिए अच्छा साबित हो सकता है। आपको अपनी पसंद का काम मिलने की संभावना है और मेहनत के बल पर आप एक अच्छा मुकाम हासिल कर सकते हैं।

**कन्या**
कन्या राशि वालों के लिए आज का दिन सफलता और संतोष का अनुभव कराने वाला रहेगा। आपके मन में प्रेम और सहयोग की भावना बनी रहेगी, जिससे रिश्तों में भी मधुरता आएगी। कोई पुराना लेनदेन चुकता करना पड़ सकता है।

**तुला**
तुला राशि के लिए आज का दिन करियर के दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। लंबे समय से अटका हुआ धन वापस मिलने से राहत और खुशी दोनों मिलेगी। आपकी किसी मनोकामना की पूर्ति भी हो सकती है।

**वृश्चिक**
वृश्चिक राशि वालों के आसपास आज का वातावरण काफी सकारात्मक और खुशनुमा बना रहेगा। आप सबको साथ लेकर चलने की कोशिश में सफल रहेंगे और आपके किसी सहयोगी का सहयोग भी आपको समय पर मिल सकता है।

**धनु**
धनु राशि के लिए आज का दिन प्रगति और जिम्मेदारियों के संकेत दे रहा है। कार्यक्षेत्र में आपको कोई बड़ी जिम्मेदारी मिल सकती है और आपके पद या आय में वृद्धि के योग भी बन सकते हैं।

**मकर**
मकर राशि वालों के लिए आज का दिन रचनात्मक कार्यों में आगे बढ़ने का अवसर लेकर आ सकता है। आपका आत्मविश्वास मजबूत रहेगा और आप किसी जरूरतमंद की मदद के लिए भी आगे आ सकते हैं।

**कुंभ**
कुंभ राशि के लिए आज का दिन खर्चों पर नियंत्रण रखने की सलाह दे रहा है। आपको अपने आसपास मौजूद विरोधियों को पहचानने की आवश्यकता है और किसी अजनबी की बातों में आकर निवेश करने से बचना चाहिए।

**मीन**
आज का दिन किसी बड़ी उपलब्धि का संकेत दे रहा है। आपके पद और प्रतिष्ठा में वृद्धि हो सकती है और कामकाज के क्षेत्र में कोई अच्छा अवसर हाथ लग सकता है। सहयोगियों का साथ आपको मिलेगा, जिससे कार्यों को पूरा करना आसान रहेगा।

# उप-निरीक्षक भर्ती परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न, 13 केंद्रों पर दो पालियों में हुई परीक्षा

जागरण मोर्चा कार्यालय



**शाहजहांपुर।** उत्तर प्रदेश उप-निरीक्षक नागरिक पुलिस के पदों पर सीधी भर्ती-2025 की लिखित परीक्षा रविवार को जनपद शाहजहांपुर में शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से सम्पन्न हुई। परीक्षा जिले के 13 परीक्षा केंद्रों पर दो पालियों में आयोजित की गई, जिसमें हजारों अभ्यर्थियों ने भाग लिया। परीक्षा को लेकर सुबह से ही विभिन्न परीक्षा केंद्रों के बाहर अभ्यर्थियों की भीड़ देखने को मिली और निर्धारित समय पर सभी केंद्रों पर परीक्षा शुरू कराई गई। पहली पाली की परीक्षा प्रातः 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक आयोजित हुई। इस पाली में कुल 4560 अभ्यर्थियों के सापेक्ष 3453 अभ्यर्थी उपस्थित रहे, जबकि 1107 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। वहीं दूसरी पाली की परीक्षा अपराह्न 3 बजे से सायं 5 बजे तक आयोजित की गई। दूसरी पाली में भी 4560 अभ्यर्थियों के सापेक्ष 3492 अभ्यर्थी उपस्थित हुए, जबकि 1068 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल नहीं हो सके। जनपद के जिन प्रमुख केंद्रों पर परीक्षा आयोजित की गई उनमें आर्य महिला इंटर कॉलेज, आर्य महिला पीजी कॉलेज, देवी प्रसाद इंटर कॉलेज, जी.एफ. कॉलेज (ब्लॉक-1 एवं ब्लॉक-2), राजकीय इंटर कॉलेज, राजकीय पॉलीटेक्निक, इस्लामिया इंटर कॉलेज, जनता इंटर कॉलेज, श्री हर कुमार पाठक कन्या इंटर कॉलेज, स्वामी धमार्नंद सरस्वती इंटर कॉलेज तथा स्वामी सुखदेवनंद कॉलेज (ब्लॉक-1 एवं ब्लॉक-2) शामिल रहे। परीक्षा केंद्रों पर अभ्यर्थियों को प्रवेश से पहले कड़ी जांच प्रक्रिया से गुजरना पड़ा। एडमिट कार्ड और पहचान पत्र की जांच के बाद ही अभ्यर्थियों को परीक्षा कक्ष में प्रवेश दिया गया। कई केंद्रों पर सुबह से ही लंबी कतारें देखने को मिलीं, लेकिन व्यवस्थाएं सुचारु रहने के कारण परीक्षा निर्धारित समय पर शुरू हो सकी। परीक्षा को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से सम्पन्न कराने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा। विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। इस दौरान जिलाधिकारी धर्मेन्द्र प्रताप सिंह, पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी, अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) रजनीश मिश्रा तथा अपर पुलिस अधीक्षक देवेंद्र कुमार ने अलग-अलग परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था और व्यवस्थाओं की समीक्षा की। प्रशासनिक अधिकारियों ने परीक्षा केंद्रों पर तैनात अधिकारियों और कर्मचारियों को परीक्षा को निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के निर्देश दिए।

केंद्रों के आसपास सुरक्षा व्यवस्था भी कड़ी रखी गई थी, जिससे किसी प्रकार की अव्यवस्था या अनुचित गतिविधि की संभावना न रहे। दोनों पालियों की परीक्षा सकुशल सम्पन्न होने के बाद अभ्यर्थी केंद्रों से बाहर निकलते दिखाई दिए। कई अभ्यर्थियों ने प्रश्नपत्र के स्तर को सामान्य से मध्यम बताया।

# वृद्ध को मुर्गा बनाकर अपमान मामले में गांव में बैठक, पुलिस की कार्यशैली पर उठे सवाल

जागरण मोर्चा कार्यालय



**शाहजहांपुर।** पुवायां तहसील क्षेत्र के ग्राम नाहिल में वृद्ध को मुर्गा बनाकर उसके पैरों में माथा रगड़वाने के मामले के बाद पुलिस द्वारा की गई बैठक चर्चा का विषय बन गई है। मामले में एक ओर जहां पीड़ित वृद्ध न्याय की मांग कर रहा है, वहीं पुलिस अधिकारियों द्वारा गांव में एक समाज के लोगों के साथ शांति और आपसी सौहार्द बनाए रखने को लेकर बैठक करने से कई सवाल खड़े हो रहे हैं। बताया जा रहा है कि जिस गांव नाहिल में यह घटना हुई थी, वहीं पहुंचकर क्षेत्राधिकारी (सीओ) प्रवीण मलिक और थाना प्रभारी ने एक समाज के लोगों के साथ बैठक कर शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। हालांकि स्थानीय लोगों का कहना है कि इस तरह की बैठक यदि सर्वसमाज के साथ होती तो ज्यादा बेहतर संदेश जाता। गौरतलब है कि कुछ दिन पहले सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें एक वृद्ध व्यक्ति को मुर्गा बनाकर उसके पैरों में माथा रगड़वाया जा रहा था। वीडियो सामने आने के बाद कोतवाली पुवायां पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। इधर पीड़ित वृद्ध का कहना है कि अभी तक उसका मेडिकल भी पूरी तरह नहीं हो सका है और वह न्याय की मांग कर रहा है। पीड़ित ने न्याय न मिलने पर आत्महत्या तक की बात कही है, जिससे मामले की गंभीरता और बढ़ गई है। पुलिस की ओर से कानून व्यवस्था और शांति बनाए रखने के लिए की गई पहल को जहां कुछ लोग सही मान रहे हैं, वहीं कई लोग यह सवाल उठा रहे हैं कि जब मामला एक व्यक्ति के साथ हुई गंभीर घटना का है, तो जांच पूरी तरह निष्पक्ष और पारदर्शी होनी चाहिए। बहरहाल, किसी भी समाज के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी करना गलत है, लेकिन कानून अपने हाथ में लेकर किसी व्यक्ति को इस तरह अपमानित करना भी मानवता को शर्मसार करने वाला कृत्य है। ऐसे मामलों में कानून के अनुसार ही कार्रवाई होना जरूरी है।

# हर बच्चे को स्कूल से जोड़ने के लिए स्कूल चलो अभियान तेज, बीएसए ने दिए निर्देश

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहजहांपुर।** नए शैक्षिक सत्र में अधिक से अधिक बच्चों का स्कूलों में नामांकन सुनिश्चित करने के लिए जनपद में स्कूल चलो अभियान चलाया जाएगा। इस संबंध में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी (बीएसए) दिव्या गुप्ता ने सभी खंड शिक्षा अधिकारियों, प्रधानाध्यापकों और शिक्षकों को आवश्यक निर्देश जारी किए हैं। बीएसए ने कहा है कि परिषदीय विद्यालयों में नामांकन बढ़ाने और हर बच्चे को शिक्षा से जोड़ने के लिए अभियान को चरणबद्ध तरीके से चलाया जाए। इसके तहत स्कूलों में रैली निकाली जाएगी, जनजागरूकता कार्यक्रम होंगे और शिक्षकों द्वारा घर-घर जाकर अभिभावकों से संपर्क किया जाएगा। साथ ही स्थानीय जनप्रतिनिधियों की भागीदारी भी सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने निर्देश दिया कि विद्यालय क्षेत्र के हर बच्चे का सर्वे किया जाए और जो बच्चे स्कूल से बाहर हैं, उन्हें नामांकित कराया जाए। अभियान के दौरान स्कूलों में प्रवेश उत्सव भी मनाया जाएगा और अभिभावकों को सरकार द्वारा दी जा रही सुविधाओं की जानकारी दी जाएगी। बीएसए ने खंड शिक्षा अधिकारियों से कहा है कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में अभियान की नियमित निगरानी करें और स्कूलों द्वारा की जा रही गतिविधियों की रिपोर्ट समय पर भेजें। साथ ही प्रधानाध्यापकों को अभियान से जुड़ी गतिविधियों के फोटो और विवरण निर्धारित पोर्टल पर अपलोड करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि स्कूल चलो अभियान सरकार की प्राथमिकता का कार्यक्रम है, इसलिए इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरती जाएगी और सभी शिक्षक व अधिकारी पूरी जिम्मेदारी के साथ इसे सफल बनाएंगे।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में 166 जोड़े विवाह बंधन में बंधे

जागरण मोर्चा कार्यालय



**जैतीपुर (शाहजहांपुर)।** माधव मैरिज लॉन में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें विधानसभा कटरा क्षेत्र के जैतीपुर, कटरा, खुदागंज और मदनापुर ब्लॉक के कुल 166 जोड़े विवाह बंधन में बंधे।

इनमें 147 जोड़ों ने हिंदू रीति-रिवाज के साथ सात फेरे लिए, जबकि 19 जोड़ों का निकाह कराया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक डॉ. वीर विक्रम सिंह प्रिंस ने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद दिया और उनके सुखी वैवाहिक जीवन की कामना की। उन्होंने सभी जोड़ों को उपहार भी भेंट किए। विधायक प्रिंस ने कहा कि अब बेटियां किसी पर बोझ नहीं हैं। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए बड़ी मदद साबित हो रही है। सरकार बेटियों की पढ़ाई से लेकर शादी तक उनका साथ दे रही है और बेटियों के हित में कई योजनाएं चला रही है। इस मौके पर जिला समाज कल्याण अधिकारी राजेश कुमार शर्मा, खंड विकास अधिकारी मनीष दत्त, ब्लॉक प्रमुख पति राजीव कश्यप, ब्लॉक प्रमुख नरेंद्र गुप्ता ह्यलल्लाह्न, रविंद्र कुमार गुप्ता, सचिव मनीष कुमार, मदनमोहन, अंशुल गुप्ता, सुरजीत ठाकुर, प्रमोद सिंह चैहान और लालू प्रसाद सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। सभी ने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद दिया।

# नाबालिग से छेड़छाड़ के आरोपी को पुलिस ने दबोचा, पॉक्सो एक्ट में कार्रवाई



जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहजहांपुर।** सदर बाजार थाना पुलिस ने नाबालिग से छेड़छाड़ के मामले में वांछित एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ पॉक्सो एक्ट सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया है। जानकारी के अनुसार, 14 मार्च को एक महिला ने थाना सदर बाजार में तहरीर देकर आरोप लगाया था कि आरोपी ने उसकी नाबालिग बेटी के साथ छेड़छाड़ की और शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया था। पुलिस अधीक्षक के निर्देश और क्षेत्राधिकारी नगर के पर्यवेक्षण में चलाए जा रहे अभियान के तहत सदर बाजार पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर दोपहर करीब 3 बजे चिनौर तिराहे स्थित अवंती बाई पार्क के पास से आरोपी सत्यवीर सिंह (53) निवासी आर्य नगर कॉलोनी, चिनौर को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक रणजीत बहादुर सिंह, महिला उपनिरीक्षक साक्षी चैधरी और कांस्टेबल मनीष कुमार शामिल रहे। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय में पेश कर दिया है।

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण अभियान के तहत दो दिवसीय प्रशिक्षण का हुआ समापन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण अभियान 2026 के निमित्त घुँघचिहाई मण्डल में दो दिवसीय प्रशिक्षण अभियान के अंतिम दिन नगर के एक डिग्री कॉलेज में अपने प्रथम सत्र का भाजपा विधायक बाबूराम पासवान ने दीप प्रज्वलित कर शुभारम्भ किया और अपने विषय सरकार की उपलब्धियों पर विस्तार से चर्चा की।

जिसमें सामूहिक विवाह योजना, उज्ज्वला योजना, स्वच्छ भारत मिशन, डी बी टी, मनरेगा, सौभाग्य योजना, आयुष्मान कार्ड योजना एमएसएमई, निर्यात, मोबाइल निर्माण, अर्थव्यवस्था, प्रति व्यक्ति की आय, बजट, ग्रामीण विकास, एयरपोर्ट, एक्सप्रेसवे, मैट्रो स्टेशन, रक्षा उपकरणों सहित पंडित दीनदयाल उपाध्याय के कार्यों और उनके नाम पर चल रही विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी,व प्रधानमंत्री के द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी। मंच का संचालक पंकज सिंह मण्डल महामंत्री ने की।



पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण अभियान को संबोधित करते हुए भाजपा विधायक बाबूराम पासवान

इस अवसर पर सत्यपाल सिंह जिलाध्यक्ष सैनिक प्रकोष्ठ, संजीव त्रिवेदी, मण्डल अध्यक्ष घुंघ चिहाई, अभिमन्यु गंगवार पूर्व जिला संयोजक सोशल मीडिया, मुनीश पासवान मंडल महामंत्री, बादाम सिंह कुशवाह, शिवशंकर अग्निहोत्री, अनिल मिश्रा, विदेश शुक्ला, लक्ष्मण वर्मा, सोनपाल सिंह, तेजबहादुर शर्मा, रामू सिंह, सोनदेव पासवान, श्यामपाल सिंह, सहित अन्य मण्डल के कार्यकर्ता गण गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# नई दिल्ली के अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में नगर का दो भाइयों ने बढ़ाया मान

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** नई दिल्ली के संविधान क्लब में 13-14 मार्च 2026 को आयोजित सतत ग्रामीण विकास सम्मेलन 2026 में दो भाइयों ने अपने विचार और शोध प्रस्तुत कर क्षेत्र का गौरव बढ़ाया। सम्मेलन में आईटी विशेषज्ञ राजीव सिंह चौहान और औषधीय दवा अनुसंधान के लिए प्रसिद्ध वैज्ञानिक डॉ. भानु प्रताप सिंह ने तकनीक, ग्रामीण विकास और पारंपरिक ज्ञान के समन्वय पर अपने विचार रखे। पूरनपुर की किरण विहार कॉलोनी के निवासी दोनों भाई नत्थू सिंह चौहान के सुपुत्र हैं।

राजीव सिंह चौहान ने स्मार्ट गौ-पालन मॉडल की रूपरेखा प्रस्तुत की, जिसका उद्देश्य गौशालाओं को इंटरनेट ऑफ थिंग्स और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसी आधुनिक तकनीकों से सशक्त बनाना है। इस मॉडल के तहत देशी गायों जेबू मवेशी के लिए विशेष पशु कॉलर और सेंसर उपकरणों के उपयोग का प्रस्ताव रखा गया है, जो उनके स्वास्थ्य, धड़कन और व्यवहार की रियल-टाइम निगरानी करेंगे। सेंसर से प्राप्त डेटा का क्लाउड प्लेटफॉर्म पर एआई के माध्यम से विश्लेषण कर पशुओं के व्यवहार में किसी भी असामान्यता का समय रहते पता लगाया जा सकेगा, जिससे संभावित बीमारियों की रोकथाम पहले ही की जा सकेगी।



सतत ग्रामीण विकास सम्मेलन 2026 के कार्यक्रम दौरान आईटी विशेषज्ञ राजीव सिंह चौहान

उन्होंने बताया कि इस मॉडल में डिजिटल दर्शन और डेटा पारदर्शिता की भी व्यवस्था होगी, जिसके माध्यम से शहरों में रहने वाली नई पीढ़ी और वैश्विक समाज को सीधे गौ-सेवा से जोड़ा जा सकेगा। उनका कहना है कि इससे गौशालाओं में पारदर्शिता बढ़ेगी, दानदाताओं का विश्वास मजबूत होगा और ग्रामीण भारत में गौ-आधारित अर्थव्यवस्था को नई दिशा मिलेगी।

सम्मेलन में बोलते हुए डॉ. भानु प्रताप सिंह, जो वर्तमान में अमेरिका के कैलिफोर्निया में एक बहुराष्ट्रीय कंपनी में फार्मास्यूटिकल रिसर्च एंड डेवलपमेंट के सीनियर डायरेक्टर हैं, ने पंचगव्य आधारित काउपैथी उत्पादों की वैज्ञानिक सुरक्षा पर अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि इन पारंपरिक उत्पादों के सुरक्षित और व्यापक उपयोग के लिए आधुनिक वैज्ञानिक पद्धतियों के माध्यम से उनका व्यवस्थित मूल्यांकन आवश्यक है।

डॉ. सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि पंचगव्य आधारित उत्पादों के लिए मानकीकृत फॉमुर्लेशन, स्पष्ट स्रोत निर्धारण, नियंत्रित प्रसंस्करण और मजबूत गुणवत्ता नियंत्रण प्रणाली विकसित करना अत्यंत महत्वपूर्ण है। साथ ही आधुनिक विश्लेषणात्मक तकनीकों के माध्यम से इनके रासायनिक और सूक्ष्मजीव संबंधी प्रोफाइल का विस्तृत अध्ययन किया जाना चाहिए, ताकि उत्पाद की गुणवत्ता और संरचना को वैज्ञानिक रूप से प्रमाणित किया जा सके। उन्होंने कहा कि पारंपरिक ज्ञान और आधुनिक गैर-नैदानिक सुरक्षा विज्ञान के बीच संतुलित समन्वय से पंचगव्य उत्पादों की विश्वसनीयता और सुरक्षा को वैश्विक स्तर पर स्थापित किया जा सकता है।

सम्मेलन के आयोजक डॉ. आर. एस. चौहान, जिन्हें काउपैथी के विशेषज्ञ और द काउपैथी मैन के नाम से भी जाना जाता है, ने दोनों भाइयों के योगदान की सराहना की और सम्मेलन के दौरान उन्हें सम्मानित किया।

## रंजिश में महिला के घर के सामने 8 फीट गहरा गड्ढा खोदने का आरोप

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहजहांपुर।** जिले के मिजार्पुर थाना क्षेत्र के झपुला गांव में एक महिला ने ग्राम प्रधान और लेखपाल पर चुनावी रंजिश के चलते प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। महिला का कहना है कि उसके घर के सामने ग्राम समाज की जमीन पर जेसीबी से करीब आठ फीट गहरा गड्ढा खोद दिया गया, जिससे परिवार को काफी परेशानी हो रही है। इस गड्ढे में उसकी चार साल की बच्ची भी गिर गई थी, जिसे समय रहते बाहर निकाल लिया गया।

गांव निवासी मायादेवी ने 13 मार्च को मिजार्पुर थाने में प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उनके मकान के सामने ग्राम समाज की जमीन है, जिसका इस्तेमाल उनके घर समेत आसपास के लोगों के आने-जाने के रास्ते के रूप में होता है।

# योगी जी! हिन्दू संगठन के नेताओं के आगे हाथ जोड़ते मरीज ने करी इंसाफ की मांग

- सीएमएस और सीओ सदर एक दूसरे पर लगाते रहे विभागीय आरोप
- कोतवाल जहानाबाद भी नहीं उठाते फोन कॉल

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** बीते दिनों पूर्व जतीपुर में हुए दो पक्षों के विवाद में पुलिस की कार्यशैली बेहद ही नाकाम नजर आई है। दोनों ही विभाग एक दूसरे पर आरोप लगाते नजर आए।

बीते दिनों पूर्व जतीपुर गांव में एक व्यक्ति महेंद्र पाल से दूसरे समुदाय के कुछ लोगों ने इस कदर मारपीट करी कि उसके मुंह से खून की उल्टियां रुकने का नाम नहीं ले रही थी। पीड़ित को जब मेडिकल कॉलेज की इमर्जेंसी में लाया गया तो आलम यह रहा कि पीड़ित को उपचार के लिए उसके परिजन गोद में लिए भटकते रहे। हिंदू संगठन और पुलिस की सक्रियता के चलते मरीज को सकुशल उपचार मिल सका। मरीज की स्थिति का आलम यह है कि वह आज भी हिंदू संगठन के नेताओं से न्याय की गुहार लगा रहा है।



हिन्दू संगठन के नेताओं से न्याय की गुहार लगाता पीड़ित

जतीपुर की घटना के पीड़ित का स्वास्थ्य जानने रविवार को राष्ट्रीय हनुमान दल के जिलाध्यक्ष अमित गुप्ता और जगदीश सक्सेना पहुंचे। इस दौरान पीड़ित महेंद्र हिन्दू संगठन के इन नेताओं के आगे हाथ जोड़ते हुए सिर्फ न्याय की गुहार लगाता रहा। मौके पर अध्यक्ष अमित ने सीओ सदर नताशा गोयल को फोन कर कार्यवाही की मांग करी तो सीओ ने यह कह दिया कि हमारे पास अभी तक मेडिकल रिपोर्ट नहीं आई हैं। सीएमएस ने इसका खंडन करते हुए कहा कि 12 मार्च को रात के समय ही मेडिकल रिपोर्ट पुलिस के कर्मचारी ध्रुव को थमा दी गई थी। मुकदमे की विवेचना कर रहे उपनिरीक्षक देवेंद्र ने हिंदूवादी नेता जगदीश सक्सेना को फोन कॉल पर नियमों का पाठ ही पढ़ा दिया। अधिकारी इस घटना क्रम पर इस कदर अपने सीएमएस पर मेहरबान हैं कि वह किसी का फोन तक उठाना उचित नहीं समझते हैं। इस पूरे घटना क्रम ने मेडिकल कॉलेज और भाजपाई सरकार की व्यवस्थाओं की पोल खोल कर रख दी है।

**मेडिकल कॉलेज की व्यवस्थाएं उनके कर्मचारी ही धूमिल कर रहे हैं, मैंने खुद जब विवेचक को फोन किया तो उसका बात करने का लहजा बहुत ही शर्मनाक था।**

जगदीश सक्सेना
हिंदूवादी नेता



हमारे विभाग की ओर से 12 मार्च को ही मेडिकल रिपोर्ट ध्रुव नाम के पुलिस कर्मी को सौंप दी गई थी।

(रमाकांत सागर, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक)

**मेरे द्वारा जब रमाकांत सागर को फोन किया गया तो उन्होंने मौके पर जाकर पूरी स्थिति बताई, सीओ सदर नताशा गोयल कह रही थी कि हमे मेडिकल रिपोर्ट नहीं मिली, बल्कि सीएमएस का कहना था कि हमने उसी रात मेडिकल रिपोर्ट पुलिस कर्मी को दे दी थी।**

(अमित गुप्ता, जिलाध्यक्ष राष्ट्रीय हनुमान दल)



हमे अभी तक मेडिकल रिपोर्ट नहीं मिली है, जब मेडिकल रिपोर्ट मिलेगी तो उस हिसाब से कार्यवाही करेंगे।

( नताशा गोयल, क्षेत्राधिकारी सदर)

# 1500 रुपए में हो रही घरेलू सिलेंडर की कालाबाजारी, दोगुने हो गए लकड़ियों के दाम, बाजार में इंडेक्शन चूल्हों की खरीद पर उमड़ रही जनता

- बाजार में इंडेक्शन चूल्हों की भी पड़ी कमी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** घरेलू सिलेंडर की किल्लत पर अधिकारी भले ही कितनी सफाई दे दें पर जमीनी सच्चाई यह है कि जिन उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडर की जरूरत है उन्हें बुकिंग के बाद भी सिलेंडर मिल नहीं पा रहा और वहीं दूसरी ओर गैस एजेंसी के कर्मचारी 930 रुपए के घरेलू सिलेंडर को खुलेआम 1500 रुपए में बेच रहे हैं। गैस सिलेंडर की किल्लत को देखते हुए लकड़ी मंडी के व्यापारियों ने भी लकड़ी के दाम दोगुने कर दिए हैं। आम जनता इंडेक्शन चूल्हे खरीदने के लिए बाजार में भटक रही है पर गैस सिलेंडर की किल्लत के चलते बाजार में इन चूल्हों की भी कमी पड़ गई हैं।

गैस सिलेंडर की किल्लत शहर में इस कदर बढ़ गई है कि लोग बुकिंग के बाद भी सिलेंडर नहीं पा रहे हैं। गैस एजेंसियों का यह हाल है कि वह सिलेंडरों की आपूर्ति तो छोड़िए बल्कि जनता को सिलेंडर मुहैया कराने में अलग ही तर्क दे रहे हैं। वह घरेलू सिलेंडर जिसकी कीमत आज के समय के 930 रुपए है उसी घरेलू सिलेंडर को इन गैस एजेंसियों के कर्मचारी 1500 रुपए में ब्लैक कर रहे हैं। लकड़ी के उपयोग से अपना तंदूर जलाकर कारोबार करने वाले व्यापारी भी इससे परेशान हैं। व्यापारियों ने बताया कि जो लकड़ी उन्हें एक सप्ताह पहले 800 रुपए कुंटल के हिसाब से मिलती थी आज उसके दाम 1600 रुपए कुंटल हैं। गैस सिलेंडर की इस किल्लत को लेकर जब बाजार का जायजा लिया गया तो पता चला कि सिलेंडर की कालाबाजारी इस कदर हावी है कि लोग इंडक्शन चूल्हा खरीदने को मजबूर हैं। इलेक्ट्रॉनिक चूल्हों की खपत इस कदर बीते सप्ताह से बढ़ गई है कि दुकानदारों को तक यह चूल्हे मिल नहीं पा रहे हैं। भले ही अधिकारी कितना कहें कि गैस सिलेंडर की कोई कमी नहीं पर जमीनी सच्चाई कुछ और ही हैं।


गैस सिलेंडर की किल्लत से त्रस्त जनता खरीद रही इंडक्शन चूल्हा

सिलेंडर की किल्लत के चलते मजबूरन इंडक्शन चूल्हा खरीदना पड़ा, सिलेंडर की काला कारोबारी भी जारी हैं।


(मनदीप शेरगिल)

एक सप्ताह पहले लकड़ी के गिल्टे 800 रुपए कुंटल के हिसाब से मिलते थे आज के समय में 1600 रुपए कुंटल मिल रही हैं, गैस की किल्लत मुसीबत बन चुकी हैं।


(नंदकिशोर कश्यप, व्यापारी)

अगर तीन दिन बाद सिलेंडर मिलेगा तो घर का चूल्हा तीन दिनों तक कैसे जलेगा, गैस सिलेंडर की समस्या मुसीबत बनती जा रही हैं।


(पिंकी देवल, ग्रहणी)

गैस की किल्लत के चलते पिछले एक सप्ताह से इंडेक्शन चूल्हों की बिक्री बढ़ गई है, बाजार में इन दिनों इंडेक्शन चूल्हों की कमी पड़ गई है।


(अंशुल अग्रवाल, व्यापारी)

इंडेक्शन चूल्हों के दामों में वृद्धि हो गई है, ग्राहक भी सिलेंडर की कमी से परेशान हैं।


( सोनू, व्यापारी)

**घरेलू सिलेंडर की बुकिंग में कुछ समस्या आ रही थी व्यवस्थाओं में सुधार किया गया है सभी व्यवस्थाएं सुचारु रूप से प्रारंभ हो गई हैं, अगर कहीं से गैस सिलेंडर के कालाबाजारी की खबर आती है तो तुरंत ऐसे व्यक्ति पर कार्यवाही करी जाएगी।**

विकास कुमार
जिला पूर्ति अधिकारी

# संगठन की नीतियों का किया जायेगा विस्तार-स्वतंत्र देवल


कार्यक्रम में उपस्थित हनुमान दल के कार्यकर्त्ता

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** राष्ट्रीय हनुमान दल के संगठन विस्तार हेतु पंच प्रयाग आश्रम ने न्यूरिया में एक कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अमित गुप्ता ने की।

संगठन के संरक्षक स्वतंत्र देवल ने संगठन की नीतियों एवं संस्कारों पर विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर मुख्य वक्ता जगदीश सक्सेना ने शताब्दी वर्ष पर संपूर्ण भारत में चल रहे हिंदू सम्मलेन के जरिए हिंदू समाज को जोड़ने की चर्चा की। उन्होंने कहा कि धर्मो रक्षति रक्षिता – जो धर्म की रक्षा करता है, धर्म उसकी रक्षा करता है। जिला उपाध्यक्ष राहुल गजवानी ने प्रत्येक मंगलवार को हनुमान चालीसा के आयोजन का प्रस्ताव रखा। पूज्य संत गिरजानंद जी ने सभी को आशीर्वचन दिया।

कार्यक्रम के अध्यक्ष अमित गुप्ता ने सभी कार्यकताओं को बधाई दी। उन्होंने कहा कि लव जिहाद, धर्मांतरण एवं मठ-मंदिर की सुरक्षा को लेकर यदि कोई भी घटना होती है तो संगठन ग्राम से लेकर दिल्ली तक राष्ट्रीय अध्यक्ष रोहित सिंह के नेतृत्व में कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा रहेगा। कार्यक्रम का संचालन जिला प्रवक्ता आचार्य रामानुज अवस्थी ने किया। इस अवसर पर जिला सहसंयोजक आदित्य ओझा, सहसंयोजक आदित्य राना, नगर अध्यक्ष संजीव कुमार, प्रचार प्रसार प्रमुख आलोक कश्यप सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर न्यूरिया प्रखंड की कार्यकारिणी का गठन भी किया गया। प्रखंड अध्यक्ष यश राजपूत,उपाध्यक्ष संजय राजपूत, पंकज राजपूत गौरव राजपूत, सचिव धर्मवीर को व सहसचिव सुशील कुमार, रघुनंदन प्रसाद,अजय राजपूत को बनाया गया। करण को संयोजक बनाया गया है। बिट्ठ राय, सुमित को सहसंयोजक वनाया गया है। इस अवसर पर धर्मेंद्र मौर्य, रवि कुमार, प्रताप कुमार,जसवंत, सचिन कुमार,विशाल, बलवंत आदि लोग उपस्थित रहे।

# सपाइयों ने धूमधाम से मनाई काशीराम की जयंती

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** रविवार को नकटादाना स्थित समाजवादी पार्टी कैम्प कार्यालय में बहुजन नायक काशीराम की जयंती बड़े ही हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाई गई। इस अवसर पर समाजवादी पार्टी के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं क्षेत्र के सम्मानित लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे और कांशीराम के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे सपा जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा ने अपने सम्बोधन में कहा कि मान्यवर कांशीराम जी ने समाज के दबे-कुचले, शोषित और वंचित वर्ग को सम्मान और अधिकार दिलाने के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया। उन्होंने बहुजन समाज को संगठित कर सामाजिक न्याय और बराबरी की लड़ाई को नई दिशा दी। उनका संघर्ष और विचार आज भी देश के करोड़ों लोगों के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं। उन्होंने कहा कि कांशीराम जी का जीवन हमें यह सिखाता है कि शिक्षा, संगठन और संघर्ष के माध्यम से समाज में बड़ा परिवर्तन लाया जा सकता है। इस दौरान पूर्व मंत्री अनीस अहमद खां फूलबाबू ने अपने सम्बोधन में कहा कि मान्यवर कांशीराम जी एक दूरदर्शी और महान सामाजिक चिंतक थे। उन्होंने समाज के पिछड़े, दलित और वंचित वर्गों को राजनीतिक रूप से जागरूक किया और उन्हें अपने अधिकारों के लिए संघर्ष करने की प्रेरणा दी। उनके द्वारा दिखाया गया रास्ता आज भी सामाजिक न्याय और समानता की लड़ाई में मार्गदर्शक बना हुआ है। उन्होंने कहा कि हमें उनके सिद्धांतों और विचारों को अपनाकर समाज में भाईचारे, समानता और न्याय की भावना को मजबूत करना चाहिए। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सपा जिला महासचिव नफीस अहमद अंसारी, सपा जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र मिश्रा कट्टर, सपा जिला उपाध्यक्ष पवन सिंह यादव,सपा जिला उपाध्यक्ष अशोक कुमार सिंह,हाजी अकबर अहमद अंसारी,रूपराम कश्यप,सयुस आदि मौजूद रहे।



सेंटर का जायजा लेते पुलिस अधीक्षक

# व्रतोत्सव पर्व दीपिका के 20वें अंक का श्रीजी पैलेस में हुआ विमोचन

- विधायक और नगर पालिका चेयरमैन ने सराहे संपादक पंडित राम अवतार शर्मा के प्रयास

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** ज्योतिष की वार्षिक पत्रिका व्रतोत्सव पर्व दीपिका का विमोचन आज आसाम रोड सिरसा चौराहा स्थित श्री जी पैलेस में विधायक बाबूराम पासवान व नगर पालिका अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता द्वारा किया गया। इस अवसर पर सभी ने पत्रिका के संपादक पंडित राम अवतार शर्मा के प्रयासों की सराहना की। वक्ताओं ने पत्रिका को बेहतर बनाने के लिए सुझाव भी दिए। कई कवि व कवित्रियों ने रचना पाठ करके कार्यक्रम को काव्यमय बना दिया।


विमोचन के दौरान मौजूद भाजपा विधायक बाबूराम पासवान एवं नगर पालिका अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता व अन्य

देवनागरी उत्थान परिषद के अध्यक्ष पंडित राम अवतार शर्मा द्वारा प्रति वर्ष ज्योतिष की पत्रिका व्रतोत्सव पर्व दीपिका का संपादन किया जाता है। इस बार नव संवत्सर से पहले ही छपकर आने के बाद इस पत्रिका का विमोचन समारोहपूर्वक श्री जी पैलेस मैरिज हॉल में किया गया।

सरस्वती पूजा व वंदना के बाद विधायक बाबूरान पासवान व नगर पालिका अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता ने संपादक पंडित राम अवतार शर्मा व पंडित अनिल शास्त्री के साथ किया। इस मौके पर कवि डाक्टर यूआर मीत, प्रदीप मिश्र, गीता राठौर, संजीता सिंह, सतीश मिश्र अचूक, राम अवतार शर्मा आदि ने काव्य पाठ किया। राम सनेही वर्मा, अवनीश शुक्ला, पत्रकार नवीन अग्रवाल, रामनरेश शर्मा, योगेश वर्मा, बाबा राघवदास, अनिल शास्त्री, राम शंकर त्रिवेदी, निरंकार पांडे, उमाशंकर शुक्ला आदि ने विचार रखे। यहां विजय कुमार दीक्षित, रामआसरे शर्मा, रामनिवास अगिनहोत्री, ब्रजमुरारी सक्सेना, सत्यपाल सिंह फौजी, महेंद्र मिश्रा, हरगोविंद वाजपेई, नरेशचंद्र शुक्ला, पत्रकार सौरभ पाण्डेय, कौशलेंद्र भदौरिया, संदीप खंडेलवाल, संजय गुप्ता, हर्ष गुप्ता, गोपाल मिश्रा, श्यामबाबू शुक्ला, गौरव पाण्डेय, अंशुमाली दीक्षित, नवनीत मिश्रा, विपिन मिश्रा, नीलांचल दीक्षित, त्रिपुरारी शर्मा, अनुज खंडेलवाल, रामनिवास मिश्रा सहित काफी लोग मौजूद रहे।

## अलायन्स क्लब मधुबन ने की नवरात्रि को लेकर बैठक

**पीलीभीत।** प्रारम्भ हो रहे चैत्र नवरात्र को लेकर अलायंस क्लब मधुबन मैत्री एवं मिलन ने एक मीटिंग का आयोजन किया। नवरात्रि स्पेशल मीटिंग श्रीमती किरण हांडा की अध्यक्षता में हुई। बैठक में उपस्थित सदस्यों ने चैत्र नवरात्रि के दिनों में प्रत्येक दिन देवी की उपासना और पूजा पद्धति पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर चार्टर डिस्ट्रिक्ट गवर्नर मधु कुमार,शशि मैनी, किरण हांडा,मिथलेश शर्मा, पंकज सक्सेना,संगीता शुक्ला,निशा सक्सेना, प्रिया जगोता, डॉ अनुरीता, सृष्टि, सीमा छाबड़ा,सीमा दीक्षित, सीमा सक्सेना,नीनू, पूनम रानी,सुनीता,नीता, सोनल,मोनिका,बबिता, अनीता,दीपा,अंजू आदि सदस्याएं उपस्थित रहीं।


नवरात्रि स्पेशल मीटिंग में उपस्थित पदाधिकारी और महिलाएं

# जेकेएसएस का होली मिलन एवं जन जागरूकता कार्यक्रम हुआ सम्पन्न

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** क्षेत्र के गांव सुंदर नगर व बूंदीभूड़ में जनकल्याण सामाजिक संगठन के द्वारा होली मिलन एवं जनजागरुकता कार्यक्रम संपन्न हुआ कार्यक्रम में संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ब्रहमपाल सिंह अपने वक्तव्य में कहा कि होली पर बुराई पर अच्छाई की विजय दशार्ती है इस दिन होलिका दहन करके अपनी पुरानी बुराइयों व वैमानुषताओं को बहनकर देते हैं और और अगले दिन आपसी मनमुटाव को भुला लाकर आपस में मिलजुल रहने एवं कार्य करने का संदेश देते हैं और कार्यक्रम पर पहुंचे लोगों को सामाजिक शिक्षा स्वास्थ्य पर्यावरण जल संचय प्रदूषण मुक्त एवं नारी सशक्तिकरण के प्रति जागरूकता का संदेश दिया संगठन के पदाधिकारीयों को बताया कि गांव शहरों में जाकर के संगठन की नीतियों एवं कार्यों के सम्बन्ध में लोगों को जागरूक करें जिससे कि संगठन से अधिक से अधिक लोग जुड़ सके और गांव शहरों के लोगों की समस्याओं का निराकरण किया जा सके । कार्यक्रम के अंत में सभी ने एक दूसरे से गले मिलकर होली मिलन कार्यक्रम मनाया कार्यक्रम मुख्य रूप से बृजेश सिंह जिला सचिव राजेश कुमार जिला सचिव शिव कुमारी जिला सचिव महिला दिनेश सिंह जिला कार्यकारिणी सदस्य पीलीभीत तहसील भूपराम पासवान तहसील सचिव कलीनगर प्रदीप कुमार तहसील सचिव कलीनगर हरीश कुमार तहसील कार्यकारिणी सदस्य कलीनगर सरिता देवी ग्राम अध्यक्ष बूंदी भूड़ महिला अनीता देवी ग्राम उपाध्यक्ष महिला बूदीभूड़ शशि कला ग्राम महासचिव महिला रुकमणी देवी ब्लॉक महासचिव महिला हजूरा सिंह शोभा राधिका देवी ग्राम अध्यक्ष बंदरबोझ दिनेश सिंह दिनेश सिंह जयवीर सिंह ग्राम अध्यक्ष बंदर बोझ सोनम देवी ग्राम उपाध्यक्ष महिला बंदर बोझ रीता देवी ग्राम सचिव महिला बंदरबोझ रोहित आज पदाधिकारी उपस्थित रहे।


होली मिलन समारोह के दौरान जेकेएस एस के कार्यकर्ता

# कांशीराम साहब के 92वें जन्मदिवस एवं आजाद समाज पार्टी ने धूमधाम से मनाया

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के तत्वावधान में बहुजन नायक म कांशीराम साहब के 92वें जन्मदिवस एवं आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के 6वें स्थापना दिवस के अवसर पर सैलिब्रेशन बैंकट हॉल, में एक विचार गोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के जिलाध्यक्ष प्रेम कुमार गौतम ने की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संजीव सागर (प्रदेश संगठन मंत्री एवं मुख्य मंडल प्रभारी, बरेली मंडल) रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने कहा कि बहुजन नायक कांशीराम साहब ने अपना पूरा जीवन बहुजन समाज को जागरूक, संगठित और राजनीतिक रूप से मजबूत बनाने में समर्पित किया। उनके विचार आज भी समाज को समानता, न्याय और अधिकारों की लड़ाई के लिए प्रेरित करते हैं। कार्यक्रम का संचालन गोपाल सिंह ने किया।



काशीराम के 92 जन्मदिवस पर आजाद समाज पार्टी द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मंच मौजूद मुख्य अतिथि

इस अवसर मुख्य रूप से मण्डल प्रभारी वसीम चौधरी , मण्डल प्रभारी रोहित सागर , जिला प्रभारी रामचन्द्र प्रजापति, आकाश सिंह आजाद, अब्दुल वहीद खान, जिला उपाध्यक्ष अकील अहमद इदरीसी, राजकुमार गौतम, जिला महासचिव आकिब रजा, जिला संगठन मंत्री नावेद रजा, विधानसभा अध्यक्ष राजाराम गौतम, सत्यप्रकाश सागर, राजाराम प्रचारी, सुरेन्द्र सागर, विधानसभा उपाध्यक्ष इकबाल अंसारी, असगर हुसैन अंसारी, त्रिमोहन राठौर, राशिद सावरी, डा0 नागेन्द्र गौतम, अमन कुमार, मुसब्बिर अली, सतीश सागर आदि बड़ी संख्या में पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।







# एचपीसीएल कांड में कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने जताई संवेदना

- कांग्रेस प्रतिनिधि मण्डल पीड़ित परिवार से मिला

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत/पूरनपुर।** बदायूं के दातागंज स्थित हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन प्लांट में हुई गोलीबारी की घटना में पूरनपुर निवासी डिप्टी मैनेजर हर्षित मिश्रा की मौत के बाद मामला लगातार तूल पकड़ता जा रहा है। एक ओर जहां पीड़ित परिवार ने घटना को लेकर कई सवाल उठाए हैं, वहीं दूसरी ओर राजनीतिक हलचल भी तेज हो गई है। इसी क्रम में रविवार को कांग्रेस का एक प्रतिनिधिमंडल पूरनपुर पहुंचा और शोक संतप्त परिवार से मुलाकात कर निष्पक्ष जांच की मांग उठाई।

मृतक के पिता सुशील मिश्रा के अनुसार हर्षित मिश्रा ने घटना से पहले ही संभावित खतरे की आशंका व्यक्त की थी। परिवार का कहना है कि उन्होंने इस संबंध में अपनी चिंता भी जताई थी।इसके बावजूद आवश्यक सावधानियां नहीं बरती गईं। परिजनों का यह भी कहना है कि घटना से जुड़े कुछ महत्वपूर्ण पहलुओं पर अभी स्पष्टता नहीं आई है।

परिवार का आरोप है कि उन्हें अब तक घटना की सीसीटीवी फुटेज नहीं दिखाई गई है, जबकि हर्षित मिश्रा का लैपटॉप और मोबाइल फोन भी पुलिस के कब्जे में हैं। हालांकि इन आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि अभी नहीं हो सकी है।

घटना के बाद पीड़ित परिवार ने पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच के लिए केंद्रीय जांच एजेंसी से जांच कराने की मांग की है। मृतक के भाई वैभव मिश्रा के अनुसार उन्होंने इस संबंध में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को भी सोशल मीडिया के माध्यम से जानकारी दी है। उन्होंने परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग उठाई है।रविवार को कांग्रेस का एक प्रतिनिधिमंडल पूरनपुर पहुंचा और पीड़ित परिवार से मुलाकात कर संवेदना व्यक्त की। प्रतिनिधिमंडल में प्रदेश सचिव अनूप वर्मा, जिला कांग्रेस अध्यक्ष हरप्रीत सिंह चब्बा, कुमुद पाल गंगवार तथा सोशल मीडिया विभाग के प्रदेश महासचिव नीरज अवस्थी सहित कई पदाधिकारी शामिल थे ।


पीड़ित परिवार से वार्ता करते हुए कांग्रेस प्रतिनिधी मण्डल


कांग्रेस नेताओं ने कहा कि वे पीड़ित परिवार के साथ खड़े हैं और पूरे मामले की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। कांग्रेस पदाधिकारियों का यह भी कहना है कि परिवार से मिलने जा रहे कुछ स्थानीय नेताओं को प्रशासन की ओर से एहतियातन उनके घरों में ही रोक दिया गया था। हालांकि इसके बावजूद कई कार्यकर्ता पूरनपुर पहुंचकर परिवार के दुख में शामिल हुए।

## प्रशासनिक अधिकारियों ने भी दी सांत्वना

घटना के बाद पीलीभीत के जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह और पुलिस अधीक्षक सुकीर्ति माधव मिश्रा ने भी पूरनपुर पहुंचकर पीड़ित परिवार से मुलाकात की और उन्हें सांत्वना दी। बीते गुरुवार को बदायूं के दातागंज स्थित एचपीसीएल प्लांट परिसर में आरोपी द्वारा की गई फायरिंग में कंपनी के दो अधिकारियों की मौत हो गई थी। इस घटना के बाद से पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है, जबकि प्लांट की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी कई तरह के सवाल उठ रहे है।

# अभिषेक शर्मा टी-20 वर्ल्डकप जीत के बाद वैष्णों देवी पहुंचे

● फोटोज शेयर कीं, फाइनल में खेली थी 52 रन का पारी



**कटरा (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के युवा ओपनर अभिषेक शर्मा टी-20 वर्ल्ड कप जीतने के बाद माता के दरबार में हाजिरी लगाने पहुंचे। उन्होंने जम्मू-कश्मीर में स्थित वैष्णो देवी मंदिर में जाकर माता रानी के दर्शन किए। अभिषेक शर्मा हाल ही में भारतीय टीम के साथ टी-20 वर्ल्ड कप जीतने वाली टीम का हिस्सा रहे।

टी-20 इंटरनेशनल रैंकिंग में नंबर-1 बल्लेबाज अभिषेक ने अपनी यात्रा की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर साझा कीं और कैप्शन लिखा जय माता दी। फोटोज में वे सफेद कुर्ता-पायजामा पहने, माथे पर तिलक लगाए और हाथ जोड़कर दर्शन करते नजर आए।

**फाइनल में 52 रन की पारी खेली-** अभिषेक ने टी-20 वर्ल्ड कप फाइनल में अहम भूमिका निभाई थी। फाइनल से पहले के मैचों में उनका प्रदर्शन कुछ खास नहीं रहा था और लगातार 3 बार शून्यू पर आउट हुए। हालांकि खिताबी मुकाबले में उन्होंने शानदार वापसी की। अहमदाबाद में खेले गए फाइनल में उन्होंने महज 21 गेंदों में 52 रन की पारी खेली।

**कोच-कप्तान ने मुझ पर भरोसा किया-** भारत की जीत के बाद अभिषेक ने कहा, कोच और कप्तान ने मुझ पर भरोसा किया। मैं खुद भी खुद पर शक कर रहा था क्योंकि यह टूर्नामेंट मेरे लिए आसान नहीं था। मैंने इससे पहले कभी ऐसा अनुभव नहीं किया था। अपना पहला वर्ल्ड कप खेल रहा था।


**अभिषेक नंबर-1 टी-20 बैटर-** टॉप-10 टी-20 बैटर्स की लिस्ट में 4 भारतीय शामिल हैं। इनमें अभिषेक नंबर-1, ईशान नंबर-2, तिलक वर्मा नंबर-7 और सूर्यकुमार यादव नंबर-9 पर हैं। तिलक वर्मा को एक और सूर्या को दो स्थान का नुकसान हुआ।

# जिम्बाब्वे के ब्लेसिंग मुजरबानी केकेआर की टीम में शामिल

● फ्रेंचाइजी ने आईपीएल 2026 से पहले साइन किया

**हरारे (एजेंसी)।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने आईपीएल-2026 से पहले जिम्बाब्वे के तेज गेंदबाज ब्लेसिंग मुजरबानी को अपनी टीम में शामिल किया है। फ्रेंचाइजी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

29 साल के इस तेज गेंदबाज ने टी-20 वर्ल्ड कप में जिम्बाब्वे की ओर से 13 विकेट झटके थे। वे अपनी टीम के टॉप विकेट टेकर्स रहे हैं। जिम्बाब्वे की टीम सुपर-8 स्टेज तक पहुंची थी।



**एक्स्ट्रा बाउंस से परेशान करते हैं मुजबानी-** 6 फीट 8 इंच लंबे दाएं हाथ के इस तेज गेंदबाज के आने से कोलकाता का पेसर बॉलिंग अटैक मजबूत होगा। उन्हें टी-20 में उनकी बाउंस और विकेट लेने के लिए जाना जाता है। मुजरबानी अपनी लंबाई और तेज गति के कारण एक्स्ट्रा बाउंस हासिल करते हैं, जिससे बल्लेबाजों के लिए उन्हें खेलना चुनौतीपूर्ण हो जाता है।

**मुजरबानी ने 89 मैच में 106 विकेट झटके-** जिम्बाब्वे के इस तेज गेंदबाज के पास टी20 इंटरनेशनल का अच्छा अनुभव है। उन्होंने 89 टी-20 इंटरनेशनल मैचों में 106 विकेट झटके हैं। उनका गेंदबाजी औसत करीब 21 का है। इस फॉर्मेट में उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 4 विकेट पर 17 रन है।

**अब तक कोई आईपीएल मैच नहीं खेला-** ब्लेसिंग मुजरबानी पहली बार भारतीय लीग के किसी मैच में हिस्सा लेंगे। उन्होंने अब तक आईपीएल का कोई भी मैच नहीं खेला है। उन्हें पिछले साल की रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने आखिरी के कुछ मैचों के लिए अपने साथ जोड़ा था, लेकिन उन्हें प्लेइंग-11 में हिस्सा नहीं मिला।

# गंभीर 2 आईसीसी ट्रॉफी जीतने वाले पहले भारतीय कोच

● गांगुली बोले-असली परीक्षा 2027 वर्ल्ड कप में होगी, टेस्ट क्रिकेट में पिच का मोह छोड़ना होगा

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने हाल ही में टी-20 वर्ल्ड कप 2026 जीतकर अपना दूसरा आईसीसी खिताब हासिल किया। इससे पहले उनकी कोचिंग में टीम इंडिया ने 2025 में चैंपियंस ट्रॉफी भी जीती थी। हालांकि पूर्व कप्तान सौरव गांगुली का कहना है कि गंभीर की असली परीक्षा 2027 के वनडे वर्ल्ड कप में होगी।

● **साउथ अफ्रीका की कंडीशन में होगी असली परीक्षा-** गांगुली ने एक इंटरव्यू में कहा कि 2027 का वर्ल्ड कप साउथ अफ्रीका में खेला जाएगा और वहां की परिस्थितियां टीम और कोच दोनों को चुनौती देंगी। उन्होंने भरोसा जताया कि गंभीर मौजूदा टीम के साथ वहां भी अच्छा प्रदर्शन कर सकते हैं। 2023 के वनडे वर्ल्ड कप में भारत ने फाइनल तक अजेय सफर तय किया था, लेकिन फाइनल में ऑस्ट्रेलिया से हार का सामना करना पड़ा था। गंभीर ने 2011 में बतौर खिलाड़ी वर्ल्ड कप जीता था, अब उन पर बतौर कोच भारत को वनडे का विश्व विजेता बनाने का दबाव है।

● **रोहित-विराट के लिए आखिरी मौका हो सकता है 2027 वर्ल्ड कप-** 2027 का वनडे वर्ल्ड कप भारत के दो दिग्गज खिलाड़ियों रोहित शर्मा और विराट कोहली के लिए भी बेहद अहम माना जा रहा है। कयास लगाए जा रहे हैं कि यह इन दोनों दिग्गजों



के करियर का आखिरी वर्ल्ड कप हो सकता है। ऐसे में गंभीर के कंधों पर इन दिग्गजों को एक यादगार विदाई दिलाने की जिम्मेदारी भी होगी।

## टेस्ट क्रिकेट में पिच को लेकर गांगुली की सलाह

गांगुली ने रेड बॉल यानी टेस्ट क्रिकेट में प्रदर्शन सुधारने को लेकर भी गंभीर को खास सलाह दी है। उन्होंने कहा कि गंभीर को पिच के बारे में सोचना कम करना होगा। गांगुली ने कहा, उन्हें विकेट की चिंता अपने दिमाग से निकालनी होगी। इंग्लैंड सीरीज को ही देख लीजिए, वह पिच के बारे में कुछ नहीं कर सके और नतीजे सबके सामने हैं।

**टर्नर्स की जरूरत नहीं-** उन्होंने आगे कहा कि भारत को घरेलू मैदानों पर स्पिन की मददगार (टर्नर्स) पिचों पर खेलने की जरूरत नहीं है। अच्छी पिचें ही अच्छे नतीजे देंगी।

## गंभीर को थोड़ा समय दें, वह बेहतरीन कोच हैं-गांगुली

सौरव गांगुली ने गंभीर का समर्थन करते हुए कहा कि वह एक बहुत अच्छे कोच हैं। उन्होंने याद दिलाया कि बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी से पहले भी उन्होंने कहा था कि गंभीर को थोड़ा समय देने की जरूरत है। गांगुली के मुताबिक, व्हाइट बॉल कोच के रूप में वह बहुत अच्छे हैं, खासकर भारतीय परिस्थितियों में। उनके पास एक शानदार टीम है। आईपीएल 2026 के सीजन के बाद गंभीर का पूरा ध्यान टेस्ट और वनडे क्रिकेट पर रहेगा।

# टी-20 को नया मॉडल दे रही इंडिया

● लगातार जीत, कड़े फैसले, प्रयोग, कई मैच विनर, इससे बनी दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टी-20 टीम



**नईदिल्ली (एजेंसी)।** टी-20 क्रिकेट का स्वभाव हमेशा से अनिश्चित रहा है। यह वह फॉर्मेट है, जहां एक दिन की खराब बल्लेबाजी या एक ओवर की खराब गेंदबाजी पूरी कहानी बदल सकती है। यही वजह है कि टी-20 में लगातार दबदबा बनाना बेहद मुश्किल माना जाता है। लेकिन पिछले दो वर्षों में भारतीय टीम ने इस धारणा को चुनौती दी है। साल 2024 में भारत ने बारबाडोस में दक्षिण अफ्रीका को हराकर दूसरी बार टी20 वर्ल्ड कप जीता था। उस जीत को कई विशेषज्ञों ने भारतीय टी20 क्रिकेट की नई शुरुआत बताया था। लेकिन असली कहानी दो साल बाद लिखी गई। मार्च 2026 में अहमदाबाद में खेले गए फाइनल में भारत ने न्यूजीलैंड को 96 रन से हराकर लगातार दूसरा टी20 वर्ल्ड कप जीत लिया। वर्ल्ड कप बचाने वाला और तीसरी बार ट्रॉफी जीतने वाला भारत पहला देश बना। लेकिन इन दो ट्रॉफियों से भी बड़ी कहानी यह है कि भारत ने पिछले दो वर्षों में टी20 क्रिकेट में एक ऐसा सिस्टम तैयार किया है, जिसमें जीत किसी एक खिलाड़ी या एक मैच पर निर्भर नहीं रहती। यह टीम प्रयोग करती है, हर सीरीज में खिलाड़ियों को बदलती है, रणनीति में बदलाव करती है, लेकिन जीत का पैटर्न नहीं बदलता।

● **लगातार जीत का पैटर्न- दो वर्ल्ड कप के बीच सभी द्विपक्षीय सीरीज जीतीं-** भारत ने सभी 8 सीरीज और एशिया कप भी जीता। भारत ने 2024 टी20 वर्ल्ड कप कोई मैच हारे बिना जीता था। यह लगातार जीत का पैटर्न उस टूर्नामेंट के बाद भी जारी रहा। पिछले वर्ल्ड कप से हाल ही में खत्म हुए वर्ल्ड कप के बीच भारत ने सभी आठों ?द्विपक्षीय सीरीज जीती। एशिया कप भी अपने नाम किया।इस दौरान टीम इंडिया ने 50 में से 41 टी-20 जीते हैं जबकि सिर्फ 7 हारे हैं। भारत ने ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड और न्यूजीलैंड जैसी बड़ी टीमों के अलावा जिम्बाब्वे, श्रीलंका, बांग्लादेश जैसी छोटी टीमों को भी द्विपक्षीय सीरीज में धूल चटाई।

● **कड़े और स्मार्ट फैसले- मैनेजमेंट ने 'नाम' के बजाय 'इम्पैक्ट' को चुना-** साल 2024 की जीत के बाद जब रोहित-विराट जैसे दिग्गज हटे, तो लगा कि वैक्यूम पैदा होगा। लेकिन टीम मैनेजमेंट ने 'नाम' के बजाय 'फॉर्म' और 'इम्पैक्ट' को ज्यादा तरजीह दी।कप्तानी के दावेदार माने जा रहे गिल को 2026 वर्ल्ड कप टीम से बाहर रखना दर्शाता है कि टीम अब 'टैक्टिकल फिट' और 'स्ट्राइक रेट' को ज्यादा तवज्जो दे रही है।गिल की जगह सैमसन को लाना व इशान की फॉर्म को स्वीकार करना इसका सबूत है। वर्ल्ड कप में जब टॉप ऑर्डर में

## द्रविड़ ने रखी नींव और लक्ष्मण की टैलेंट पाइपलाइन

इस डॉमिनेंस की नींव राहुल द्रविड़ और वीवीएस लक्ष्मण के समय रखी गई। गौतम गंभीर और सूर्यकुमार यादव को एक सेट टीम मिली, जिसमें उन्होंने अभिषेक शर्मा और तिलक वर्मा जैसे युवाओं को शानदार तरीके से फिट किया। द्रविड़ ने टीम में एक विनिंग टेम्पलेट सेट किया और सीनियर खिलाड़ियों को निडर होकर खेलने की आजादी दी।लक्ष्मण ने एनसीए में बेंच स्ट्रेंथ तैयार की। अब भारत की 'बी' टीम भी इंटरनेशनल टीम को हराने का माद्दा रखती है। कोच गंभीर ने वर्ल्ड चैम्पियन बनने के बाद द्रविड़-लक्ष्मण को इस जीत का श्रेय भी दिया।

# इंडियन विमेंस हॉकी टीम वर्ल्ड कप क्वालिफायर के फाइनल में

● इटली को 1-0 से हराया, अब खिताब के लिए इंग्लैंड से भिड़ंत



**नईदिल्ली (एजेंसी)।** एफआईएच हॉकी वर्ल्ड कप क्वालिफायर 2026 में भारतीय महिला टीम फाइनल में पहुंच गई है। हैदराबाद के जीएमसी बालयोगी हॉकी ग्राउंड में खेले गए सेमीफाइनल में भारत ने इटली को 1-0 से हराया।

मैच का एकमात्र गोल मनीषा चौहान ने 40वें मिनट में किया। फाइनल में भारत का सामना इंग्लैंड से होगा। मुकाबला शनिवार शाम 7:30 बजे खेला जाएगा।

**शुरुआती क्वार्टर में दोनों टीमों के बीच रही कांटे की टक्कर-** मैच की शुरुआत काफी रोमांचक रही। पहले क्वार्टर में दोनों ही टीमें मिडफील्ड में पोजीशन बनाने के लिए संघर्ष करती दिखीं।

- दूसरे क्वार्टर में भारत को मिले 3 पेनल्टी कॉर्नर, पर गोल नहीं हुआ
- दूसरे क्वार्टर में टीम इंडिया ने मैच पर अपनी पकड़ मजबूत की। मेजबान टीम ने मैदान के किनारों का इस्तेमाल करते हुए गेंद को आगे बढ़ाया और इटली के डी में लगातार हमले किए।
- 18वां मिनट में भारत को मैच का पहला पेनल्टी कॉर्नर मिला। नवनीत कौर ने सीधा शॉट लिया, जिसे इटली की गोलकीपर लूसिया इनेस कारुसो ने शानदार तरीके से बचा लिया।
- 27वां मिनट में भारत को दूसरा पेनल्टी कॉर्नर मिला। टीम ने अलग वेरिएशन अपनाते हुए गेंद कप्तान सलीमा टेटे को दी, लेकिन उनका शॉट इटली के डिफेंडर ने गोल लाइन पर रोक दिया।

# ब्राजील की बंपर सप्लाई से दुनिया भर में सस्ती हुई चीनी

एजेंसी समाचार

**नई दिल्ली।** ब्राजील में चीनी की अधिक आपूर्ति के चलते वैश्विक बाजार में इसकी कीमतों में तेज गिरावट आई है। लेकिन भारत के चीनी उद्योग का परिदृश्य फिलहाल स्थिर बना हुआ है। रेटिंग एजेंसी आईसीआरए लिमिटेड की ताजा रिपोर्ट में यह बात कही गई है। रिपोर्ट के मुताबिक, शुगर सीजन 2026 में अंतरराष्ट्रीय चीनी कीमतें मौजूदा उत्पादन लागत और भारत के घरेलू चीनी मूल्यों से नीचे बनी हुई हैं। इसकी मुख्य वजह ब्राजील से वैश्विक बाजार में बढ़ी हुई आपूर्ति है। आईसीआरए ने कहा कि ब्राजील के अधिशेष उत्पादन ने वैश्विक कीमतों पर दबाव बढ़ाया है। आंकड़ों के अनुसार, फरवरी 2026 में कच्ची चीनी की कीमत घटकर 313 डॉलर प्रति मीट्रिक टन रह गई। वहीं फरवरी 2025 में यह 445 डॉलर प्रति मीट्रिक टन थी। इसी तरह, सफेद चीनी की कीमत भी एक साल पहले के 532 डॉलर प्रति मीट्रिक टन से गिरकर फरवरी 2026 में 408 डॉलर प्रति मीट्रिक टन पर आ गई। वहीं, सफेद और कच्ची चीनी के बीच प्रीमियम फरवरी 2026 में 95 डॉलर प्रति मीट्रिक टन रहा, जो फरवरी 2025 में 87 डॉलर प्रति मीट्रिक टन था। चीनी उत्पादन को लेकर क्या अनुमान? रिपोर्ट के मुताबिक, वैश्विक चीनी उत्पादन शुगर सीजन 2025-2026 में 189.3 मिलियन मीट्रिक टन रहने का अनुमान है, जो पिछले साल की तुलना में करीब 5 फीसदी अधिक है। इसके मुकाबले वैश्विक खपत 178.1 मिलियन मीट्रिक टन रहने का अनुमान है, जो सालाना आधार पर लगभग 1 फीसदी अधिक है। यानी उत्पादन और खपत के बीच अंतर बढ़ने से वैश्विक बाजार में आपूर्ति अधिशेष की स्थिति बनी हुई है।

# इंडियन वेल्स के फाइनल में सबालेंका

● सेमीफाइनल में लिंडा नोस्कोवा को 6-3, 6-4 से हराया, खिताब के लिए रायबकिना से होगी भिड़ंत

**यूक्रेन (एजेंसी)।** इंडियन वेल्स टेनिस टूर्नामेंट में वर्ल्ड नंबर-1 आर्यना सबालेंका फाइनल में पहुंच गई हैं। उन्होंने सेमीफाइनल में लिंडा नोस्कोवा को 6-3, 6-4 से हराया। यह मुकाबला 1 घंटा 28 मिनट तक चला।

सबालेंका पिछले चार साल में तीसरी बार इंडियन वेल्स के फाइनल में पहुंची हैं। इससे पहले वह यहां दो बार उपविजेता रह चुकी हैं।

अब फाइनल में उनका सामना कजाकिस्तान की एलिना रायबकिना से होगा। दूसरे सेमीफाइनल में रायबकिना ने यूक्रेन की एलीना स्वितोलिना को 7-5, 6-4 से हराया।

**ऑस्ट्रेलियाई ओपन की हार का बदला लेने का मौका-** सबालेंका के लिए यह फाइनल बेहद अहम है। साल 2026 में सबालेंका ने अब तक 13 मैच खेले हैं, जिनमें से 12 में उन्हें जीत मिली है। उनकी एकमात्र हार इसी साल ऑस्ट्रेलियाई ओपन के फाइनल में एलिना



रायबकिना के खिलाफ आई थी। ऐसे में रविवार को सबालेंका के पास न सिर्फ उस हार का बदला लेने का मौका होगा, बल्कि इंडियन वेल्स में अपने 0-2 के फाइनल रिकॉर्ड (दो बार रनर-अप रहना) को सुधारने की भी चुनौती होगी।

एलिना रायबकिना ने आर्यना सबालेंका को ऑस्ट्रेलिया ओपन के फाइनल में हराकर पहली बार खिताब जीता था।

## सबालेंका ने ज्यादा मुकाबले जीते हैं

आर्याना सबालेंका और एलिना रायबकिना के बीच अब तक कुल 15 मुकाबले हुए हैं। इनमें सबालेंका का पलड़ा भारी है और उन्होंने 8 मैचों में जीत दर्ज की है। हालांकि, पिछले दो मुकाबलों में बाजी रायबकिना के हाथ लगी है।

## सबालेंका बोलीं-संडे के लिए पूरी तरह तैयार हूं

फाइनल को लेकर सबालेंका ने कहा, मैं यह सुनिश्चित करूंगी कि रविवार के मैच के लिए मैं पूरी तरह तैयार रहूं। मैं अपना बेस्ट टेनिस खेलूंगी और पूरी कोशिश करूंगी कि यह साल मेरा हो।

उद्योगों को बड़ी राहत: सरकार ने बदले कैप्टिव पावर जनरेशन के नियम

# ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को मिलेगी रफ्तार

एजेंसी समाचार

**नई दिल्ली।** भारत के ऊर्जा क्षेत्र और औद्योगिक विकास को नई दिशा देने के लिए केंद्र सरकार ने एक बड़ा नीतिगत कदम उठाया है। 'इलेक्ट्रिसिटी (अमेंडमेंट) रूल्स, 2026' को अधिसूचित करते हुए ऊर्जा मंत्रालय ने कैप्टिव पावर जनरेशन के नियमों में अहम बदलाव किए हैं। हितधारकों के साथ व्यापक विचार-विमर्श के बाद तैयार किए गए इन संशोधनों का मुख्य उद्देश्य उद्योगों के लिए नियामक अस्पष्टता को खत्म करना और भारत के ऊर्जा परिवर्तन लक्ष्यों को हासिल करना है।

नए नियमों के तहत कैप्टिव पावर प्लांट्स के स्वामित्व की परिभाषा को स्पष्ट किया गया है। अब इसमें उस इकाई की सहायक कंपनियों, होल्डिंग कंपनियों और होल्डिंग कंपनी की अन्य सहायक कंपनियों को भी शामिल किया गया है, जो कैप्टिव जनरेटिंग प्लांट स्थापित करती हैं। यह स्पष्टीकरण आधुनिक कॉर्पोरेट संरचनाओं को मान्यता देता है, जहां बिजली संपत्तियों को अक्सर समूह संस्थाओं या स्पेशल पर्पस व्हीकल के माध्यम से विकसित किया जाता है।



इस नीतिगत बदलाव से यह सुनिश्चित होगा कि कॉरपोरेट समूहों के वैध कैप्टिव निवेश को केवल उनकी संगठनात्मक संरचना के कारण कैप्टिव दर्जे से वंचित न किया जाए। इसके अलावा, नियमों के अनुपालन को आसान बनाने के लिए कई प्रावधानों को सरल किया गया है।

# इंडियन ऑयल की श्रीलंकाई इकाई का आश्वासन, पड़ोसी देश की ऊर्जा सप्लाई में नहीं पड़ेगा खलल

एजेंसी समाचार

**नई दिल्ली।** लंका इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन (एलआईओसी) ने पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बीच श्रीलंका को निरंतर ईंधन आपूर्ति और ऊर्जा सुरक्षा प्रदान करने का आश्वासन दिया है। कंपनी के एक शीर्ष अधिकारी ने कहा कि एलआईओसी देश की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है। यह बयान श्रीलंका के विदेश मंत्री विजिता हेराथ द्वारा अपने भारतीय समकक्ष डॉ. एस. जयशंकर से ऊर्जा आपूर्ति श्रृंखला बनाए रखने के अनुरोध के बाद आया है।

एलआईओसी के प्रबंध निदेशक के. रघु ने शनिवार को कोलंबो में प्रबंधन छात्रों की एक




सभा को संबोधित करते हुए कहा कि लंका आईओसी के प्रबंध निदेशक के रूप में, मैं लोगों से केवल इतना कहना चाहता हूं कि आप सभी सुरक्षित हाथों में हैं। उन्होंने आगे कहा कि हम ईंधन आपूर्ति बनाए रखेंगे और देश को ऊर्जा सुरक्षा प्रदान करेंगे, जो बहुत महत्वपूर्ण है।

**एलआईओसी की श्रीलंका में भूमिका**

एलआईओसी श्रीलंका में एक महत्वपूर्ण ऊर्जा प्रदाता है, जो पूरे देश में 200 ईंधन स्टेशनों का संचालन करता है। कंपनी की बाजार में 20 फीसदी हिस्सेदारी है। एलआईओसी पहली बार 2003 में 20 साल के अनुबंध के तहत श्रीलंका आया था, जिसे 2023 में नवीनीकृत किया गया है। कंपनी ने मध्य 2022 में देश को आर्थिक संकट का सामना करने पर भी श्रीलंकाई लोगों की सहायता की थी, जब लोगों को ईंधन स्टेशनों पर लंबी कतारों में इंतजार करना पड़ा था।

# मौसम ने बदला मिजाज, लखनऊ समेत कई जिलों में तेज हवा और बूंदाबांदी

कार्यालय जागरण मोर्चा

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में राजधानी लखनऊ समेत तराई और पश्चिमी इलाकों में रविवार को मौसम ने अचानक करवट ले लिया। राजधानी में सुबह बूंदाबांदी के साथ धूलभरी आंधी चली। कुछ समय के लिए आसमान घने काले बादलों से घिर गया।

सुबह काम पर निकलने वाले कई लोग एहतियात के तौर पर रेनकोट पहने नजर आए। वहीं प्रदेश के पश्चिमी जिलों और एनसीआर के नोएडा, गाजियाबाद, मेरठ, मुजफ्फरनगर तथा अयोध्या समेत करीब 15 शहरों में तेज हवा के साथ हल्की बारिश हुई।

अभी मौसम का मिजाज इसी तरह बदलता रहेगा



मौसम विभाग ने प्रदेश के 35 जिलों में गरज-चमक के साथ बारिश और 10 जिलों में ओलावृष्टि की चेतावनी जारी की है। विभाग का अनुमान है कि अगले 48 घंटे तक प्रदेश में मौसम का मिजाज इसी तरह बदलता रहेगा। बारिश और तेज हवाओं का असर खेती किसानी पर भी दिखा। कई इलाकों में खड़ी फसलें झुक गईं, जिससे किसानों की चिंता बढ़ी है। हालांकि तापमान में आई गिरावट से लोगों को उमस और बढ़ती गर्मी से कुछ राहत जरूर मिली है।

**पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने की संभावना**

आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के अनुसार, सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ के कारण प्रदेश के कई जिलों में हल्की बारिश का दौर शुरू हो गया है। अगले दो दिनों तक पूर्वी और पश्चिमी क्षेत्रों में बारिश की संभावना है और 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं। कुछ स्थानों पर ओले गिरने की भी आशंका है। इसके अलावा 19 मार्च से एक और पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने की संभावना है। इसका असर प्रदेश के मौसम पर व्यापक रूप से पड़ सकता है।

## सचिव सामान्य प्रशासन बनाए गए आईएएस अभिषेक प्रकाश, नियुक्ति विभाग ने जारी किया था बहाली आदेश

कार्यालय जागरण मोर्चा

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने आईएएस अभिषेक प्रकाश को बहाल कर दिया है। इन्हें सचिव सामान्य प्रशासन बनाया गया है। शनिवार को बहाली को लेकर नियुक्ति विभाग ने आदेश जारी कर दिया था। आज यानी 15 मार्च से वह बहाल हो गए हैं।

बताते चलें कि इन्वेस्ट यूपी के पूर्व सीईओ और 2006 बैच के आईएएस अधिकारी अभिषेक प्रकाश को रिश्वत मांगने के गंभीर आरोप में निलंबित किया गया था। उन पर सोलर कंपनी से प्रोजेक्ट मंजूरी के बदले घूस मांगने का आरोप था। इसके बाद प्रदेश सरकार ने उन्हें 20 मार्च 2025 को निलंबित कर दिया था। हालांकि, फरवरी 2026 में हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने इस मामले में साक्ष्य के अभाव में चार्जशीट रद्द कर दी थी।

## दिल्ली जेल में बंद कैदी ने दी दरोगा भर्ती परीक्षा, साइबर फ्रॉड मामले में है आरोपी

कार्यालय जागरण मोर्चा

**लखनऊ।** मोहनलालगंज कस्बे में स्थित काशीश्वर इंटर कॉलेज में बनाए गए दरोगा भर्ती परीक्षा केंद्र पर रविवार को एक बंदी ने पुलिस सुरक्षा के बीच परीक्षा दी। बंदी को विशेष अनुमति के बाद दिल्ली से लाकर परीक्षा में शामिल कराया गया। पुलिस के अनुसार प्रयागराज निवासी अंकित त्रिपाठी साइबर फ्रॉड के मामले में दिल्ली सेंट्रल जेल में बंद है। उसने उत्तर प्रदेश पुलिस की सब-इंस्पेक्टर (दरोगा) भर्ती परीक्षा के लिए आवेदन किया था। न्यायालय की अनुमति मिलने के बाद रविवार को दिल्ली पुलिस आरोपी बंदी को कड़ी सुरक्षा में लेकर मोहनलालगंज पहुंची। यहां निर्धारित परीक्षा केंद्र पर उसे परीक्षा में बैठाया गया। परीक्षा समाप्त होने के बाद पुलिस बंदी को वापस दिल्ली ले गई।

यूपी एसआई भर्ती परीक्षा में प्रश्न पत्र बेचने का झांसा देकर अभ्यर्थियों से ठगी और भ्रामक सूचनाएं फैलाने के मामले में चार और प्राथमिकी दर्ज की गई हैं। भर्ती बोर्ड के सोशल मीडिया प्रकोष्ठ में तैनात निरीक्षक सतेंद्र कुमार ने हुसैनगंज थाने में ये प्राथमिकी दर्ज कराई हैं।

## पुलिस भर्ती परीक्षा में ब्राह्मण के सवाल पर शिवपाल बोले- समाज को बांट रही सरकार

कार्यालय जागरण मोर्चा

**इटावा।** कांशीराम जयंती को सपा ने पीडीए दिवस के रूप में रविवार को एक गेस्ट हाउस में मनाया। यहां कार्यक्रम में शामिल होने के बाद पत्रकारों से वार्ता करते हुए सपा के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव ने सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि सरकार समाज को बांटने का काम कर रही है।



कहा कि पुलिस भर्ती परीक्षा में पंडित वाले प्रश्न पर शिवपाल यादव बोले- छह माह से लगातार ब्राह्मणों को अपमानित करने का काम सरकार कर रही है। शिवपाल सिंह यादव ने कहा कि बाबा साहब के बनाए गए संविधान का सम्मान होना चाहिए और सभी वर्गों को उनके अधिकार मिलने चाहिए। बोले कि अगर संविधान के अनुसार काम हो तो पीडीए और बहुजन समाज के लोग पीछे नहीं रहेंगे। उन्होंने कहा कि कांशीराम के आंदोलन को आगे बढ़ाने का काम नेताजी ने किया था और अब इसे आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी सभी कार्यकताओं की है।

शिवपाल सिंह ने 1992 के चुनाव का जिक्र करते हुए कहा कि उस समय कुछ नारे दिए गए थे। इनमें गलतियां भी हुईं। उन्होंने कहा कि उस समय कांशीराम की जीत के बाद एक नारा दिया गया था, जिसका आगे का हिस्सा वह नहीं लेना चाहते क्योंकि भगवान राम को वह भी मानते हैं। कार्यक्रम में सांसद जितेंद्र दोहरे, जिला पंचायत अध्यक्ष अभिषेक अंशुल यादव, विधायक राघवेंद्र गौतम, पूर्व राज्यमंत्री रामसेवक यादव, राष्ट्रीय प्रवक्ता अशोक यादव, पूर्व मंत्री केपी सिंह शाक्य, पूर्व एमएलसी रामनरेश यादव, सपा जिलाध्यक्ष प्रदीप शाक्य बबलू, जिला महामंत्री वीरू सिंह भदौरिया, सर्वेश शाक्य, जिला मीडिया प्रभारी विकास गुप्ता विक्की आदि मौजूद रहे।

सपाइयों ने मंच से पीडीए का मतलब पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक बताया। कहा कि समाज को एकजुट रहना चाहिए। कार्यकताओं से कहा गया कि वे गांव-गांव जाकर लोगों को जोड़ें और समाज के कमजोर वर्गों को सम्मान दिलाने के लिए काम करें।

## कांशीराम जयंती: मायावती ने किया नमन

### बोलीं- सपा का पीडीए प्रेम छलावा; विरोधी पार्टियों की कथनी-करनी में अंतर

कार्यालय जागरण मोर्चा

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी के संस्थापक कांशीराम की 92वीं जयंती पर पार्टी अध्यक्ष मायावती ने श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद विपक्ष पर जोरदार हमला बोला। उन्होंने कहा कि भाजपा और कांग्रेस की तरह समाजवादी पार्टी भी बहुजन समाज की हितकारी नहीं है। इन दलों से बहुजन समाज के हित व कल्याण की आशा करना रेगिस्तान में पानी तलाशने जैसा है। इन पार्टियों के छलावा व दिखावा से सावधान रहना जरूरी है।

बसपा सुप्रीमो ने मॉल एवेन्यू स्थित केंद्रीय कैंप कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में आह्वान किया कि बहुजन समाज के लोग बसपा मूवमेंट से जुड़कर मिशनरी अंबेडकरवादी बनें। अपने वोटों की शक्ति से सत्ता की मास्टर चाबी हासिल करें। बसपा ही डॉ. अंबेडकर के नक्शे-कदम पर चलने वाली असली पार्टी है। सपा व अन्य विरोधी दलों की कथनी व करनी में बड़ा अंतर है। सांसदी और विधायकी आदि का प्रलोभन देकर बहुजन समाज के वोट की शक्ति को कमजोर करने वाले इन दलों के साथ निजी लाभ व स्वार्थ के लिए पार्टी व मूवमेंट से दगा करने वालों से भी दूरी रखनी जरूरी है।

मायावती ने कहा कि दलितों, अन्य पिछड़ों व मुस्लिम समाज आदि का शोषण करने वाली पार्टियों में से खासकर सपा का पीडीए प्रेम छलावा है। इनको इन वर्गों व इनके महापुरुषों की याद केवल चुनाव के समय में ही आती है। सरकार बन जाने के बाद वह भी दूसरी पार्टियों की इन वर्गों का तिरस्कार कर देती है। यह कोई आरोप नहीं, बल्कि इन पार्टियों का इतिहास है। मुस्लिम समाज का इन पार्टियों से अलग होना तथा ब्राह्मण समाज के भी बसपा से जुड़ने से सपा का राजनीतिक व जातिवादी बैर बढ़ता जा रहा है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस की तरह वर्तमान भाजपा सरकार भी कांशीराम को भारत रत्न से सम्मानित करने में और देरी ना करे। समतामूलक समाज तैयार करने में कांशीराम का योगदान ऐतिहासिक है। इसी वजह से वह लोगों के दिलों में बसते हैं। उन्होंने बहुजन समाज को बसपा के बैनर तले एकजुट करके राजनीतिक शक्ति बनाई और यूपी जैसे महत्वपूर्ण राज्य में मुझे मुख्यमंत्री बनाया।

## दिल्ली पब्लिक स्कूल जानकीपुरम में कैंसर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया

कार्यालय जागरण मोर्चा

**लखनऊ।** दिल्ली पब्लिक स्कूल (डीपीएस) जानकीपुरम शाखा में केयरिंग सोल्स फाउंडेशन, लखनऊ की ओर से कैंसर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को कैंसर जैसी गंभीर बीमारी के प्रति जागरूक करना और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना था।कार्यक्रम के दौरान फाउंडेशन से जुड़े मानवी महेश्वरी और शाश्वत मिश्रा ने विद्यार्थियों को कैंसर के शुरूआती लक्षण, इसके संभावित कारणों तथा समय रहते उपचार के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि संतुलित आहार, नियमित व्यायाम, तंबाकू व नशे से दूरी और सकारात्मक जीवनशैली अपनाकर कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों के खतरे को काफी हद तक कम किया जा सकता है।वक्ताओं ने बच्चों को यह भी समझाया कि कई बार कैंसर के शुरूआती संकेतों को लोग नजरअंदाज कर देते हैं, जिससे बीमारी गंभीर रूप ले लेती है। इसलिए शरीर में किसी भी असामान्य परिवर्तन को हल्के में न लेते हुए समय पर डॉक्टर से परामर्श लेना बेहद जरूरी है। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने भी कई सवाल पूछे, जिनका विशेषज्ञों ने सरल और प्रभावी ढंग से जवाब दिया।इस अवसर पर स्कूल की प्रिंसिपल नीरू भास्कर ने केयरिंग सोल्स फाउंडेशन की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के जागरूकता कार्यक्रम विद्यार्थियों को स्वास्थ्य के प्रति सजग बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि यदि बचपन से ही बच्चों को स्वस्थ आदतों के बारे में जानकारी दी जाए तो भविष्य में कई गंभीर बीमारियों से बचाव संभव है।कार्यक्रम के समापन पर केयरिंग सोल्स फाउंडेशन के राज्य संवाददाता मनीष मिश्रा ने प्रिंसिपल नीरू भास्कर को स्मृति चिन्ह भेंट कर आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं और बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।



## रेलवे वर्कशॉप में कार्यरत अभियंता की सड़क हादसे में मौत

कार्यालय जागरण मोर्चा

**लखनऊ।** आलमबाग के फतेहअली में शनिवार सुबह स्कूटी से ड्यूटी जा रहे रेलवे के सेक्शन इंजीनियर सड़क हादसे में गंभीर रूप से चोटिल हो गए ।पीजीआई के ट्रामा टू में रविवार तड़के इलाज दौरान मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मूलरूप से राजस्थान के रहने वाले इंद्रजीत मीणा (32) पुत्र बाबूलाल मीणा लखनऊ के सिंगार नगर में किराए के मकान में रहकर रेलवे वर्कशॉप में टेक्नीशियन अस्सिटेंट सेक्शन इंजीनियर के पद पर कार्यरत थे ।शनिवार सुबह 9:30 बजे वह बाइक से ड्यूटी पर जा रहे थे तभी रास्ते फतेह अली तालाब के पास अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में पीछे से टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए थे इलाज के लिए पुलिस द्वारा पीजीआई के ट्रामा टू में भर्ती करा परिजनों को घायल की मोबाइल से जानकारी दी। वहीं इलाज दौरान रविवार तड़के रेलवे कर्मी की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है परिवार में पत्नी मनीषा और बेटी निशु है जोकि लखनऊ में ही रहती है।

## कांशीराम साहब की 92वीं जयंती पर बसपा ने दी श्रद्धांजलि

कार्यालय जागरण मोर्चा

**लखनऊ।** रविवार को बामसेफ, डी.एस.-4 एवं बहुजन समाज पार्टी के संस्थापक मान्यवर कांशीराम साहब की 92वीं जयंती के अवसर पर पुरानी जेल रोड, आलमबाग स्थित कांशीराम स्मारक स्थल पर बहुजन समाज पार्टी द्वारा श्रद्धांजलि समारोह आयोजित किया गया।

कार्यक्रम की शुरूआत भन्तेगणों द्वारा बुद्ध वंदना से हुई। इसके बाद अतिथियों ने भन्तेगणों को चीवर दान प्रदान किया और कांशीराम साहब की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में बसपा के प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल उपस्थित रहे। कार्यक्रम में पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं पूर्व प्रतिपक्ष नेता गयाचरन दिनकर, सूरज सिंह जाटव, पूर्व सांसद घनश्याम चन्द्र खरवार, पूर्व विधान परिषद सदस्य नौशाद अली, डॉ. विजय प्रताप, दिनेश चन्द्रा, डॉ. सुशील कुमार मुन्ना, मौजी लाल गौतम, एडवोकेट विनय कश्यप, गंगाराम गौतम, रामनाथ रावत, बृजेश चौधरी सहित 12 मंडलों के मंडल प्रभारी, मुस्लिम भाईचारा के संयोजक, ओबीसी समाज के संयोजक, जिलाध्यक्ष एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

समारोह में बहुजन समाज पार्टी के हजारों कार्यकताओं एवं शुभचिंतकों ने कांशीराम साहब की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए और कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
जागरण मोर्चा
क्लासीफाइड
विज्ञापन दर
रू. 400/*- Size 40 Sqcm (Colour)
* नियम एवं शर्तें लागू
विज्ञापन बुकिंग हेतु सम्पर्क करें
7579849555, 9627739857, 9411916020, 9997745413

## गृहकर जमा करने के लिए नगर निगम की जागरूकता रैली,समय पर भुगतान की अपील

कार्यालय जागरण मोर्चा

**लखनऊ।** नगर निगम द्वारा गृहकर जमा करने के प्रति नागरिकों को जागरूक करने के उद्देश्य से रविवार को जोन-3 में एक व्यापक जागरूकता अभियान चलाया गया। जोनल अधिकारी के नेतृत्व में बाइक एवं वाहन रैली निकालकर विभिन्न वार्डों में नागरिकों को गृहकर समय से जमा करने के लिए प्रेरित किया गया।



यह जागरूकता रैली अलीगंज, महाकवि जयशंकर प्रसाद, भारतेन्दु हरिश्चन्द्र, लाला लाजपत राय, महानगर, विवेकानन्दपुरी तथा डालीगंज निराला नगर वार्डों में निकाली गई। रैली के माध्यम से नगरवासियों को गृहकर जमा करने के महत्व के बारे में बताया गया तथा समय सीमा के भीतर कर जमा करने के लिए प्रेरित किया गया।

अभियान के दौरान यह भी जानकारी दी गई कि गृहकर जमा करने की अंतिम तिथि 31 मार्च 2026 निर्धारित की गई है। नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए नगर निगम के कार्यालय अवकाश के दिनों में भी खुले रहेंगे, जहां गृहकर जमा किया जा सकेगा। इसके साथ ही जीआईएस सर्वे के अंतर्गत भवन स्वामियों द्वारा दर्ज कराई गई आपत्तियों का भी निस्तारण किया जाएगा।

इस जागरूकता रैली में जोनल अधिकारी मनोज यादव के साथ राजस्व निरीक्षक अमित शंकर, राहुल यादव, वीरेन्द्र कुमार, विशाल श्रीवास्तव, उदय त्रिपाठी, मोहज्जिब तथा शिब्ते रजा सहित नगर निगम की टीमें शामिल रहीं। इसके अतिरिक्त स्वास्थ्य विभाग की लखनऊ स्वच्छता अभियान टीम भी 6 वाहनों, 296 कर्मचारियों और 19 बाइकों के साथ रैली में सहभागी बनी।

नगर निगम अधिकारियों ने नागरिकों से अपील की कि वे समय रहते अपना गृहकर जमा कर नगर के विकास में सहभागिता निभाएं।

## खेल के दौरान मासूम चोटिल, मौत

कार्यालय जागरण मोर्चा

**आलमबाग ।** आशियाना के औरंगाबाद जागीर में रविवार शाम खेल खेल के दौरान एक मासूम के चेस्ट पर बैट लग गया जिससे मासूम गंभीर चोटिल हो गई आनन फानन में परिजन लोकबंधु अस्पताल ले गए जहां डॉक्टरों ने मासूम को मृत घोषित कर दिया। आशियाना के औरंगाबाद में रहने वाली वैष्णवी (13)पुत्री सूरज राजपूत रविवार शाम अपने घर के बाहर दोस्तो के साथ खेल रही थी खेल के दौरान ही

बैट बॉल पर लगने के बजाए मासूम के चेस्ट पर लग गया और मासूम गंभीर चोटिल हो गई। परिजन बेटी की हालत देख आनन फानन में लोकबंधु अस्पताल ले गए जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद मासूम को मृत घोषित कर दिया। मृतक के पिता के अनुसार उनकी पुत्री चौथी क्लास की छात्रा थी । दो बहनों में बड़ी थी और एक चार माह का छोटा भाई है। फिलहाल पुलिस ने शव मचुर्री में रख दिया है।

मेडिकेयर हॉस्पिटल
Medicare Hospital
हमारे यहाँ आयुष्मान से सभी प्रकार के मुफ्त आपरेशन/भर्ती की सुविधा उपलब्ध है।
डा. अंशू अग्रवाल
क्रिटिकल रोग विशेषज्ञ
डा. शिवानी के. अग्रवाल
रोबोटिक सर्जरी विशेषज्ञ
डा. सूरज सिंह
नेत्र रोग विशेषज्ञ
गम्भीर रोग विशेषज्ञ
जहर खायें मरीजों का सफल इलाज
हार्ट स्पेशलिस्ट
सांस की समस्या सफल इलाज
डेंगू, मलेरिया, पीलीया का सफल इलाज
फैटी लिवर का सफल इलाज
किडनी एवं डायबीटिज का सफल इलाज
माइग्रेन का सफल इलाज
मोतियाबिन्द की अब तक 5000 + सफल सर्जरी फेको विधि द्वारा आँखों के ऑपरेशन
मोतियाबिन्द का ऑपरेशन
नाखूना का ऑपरेशन ? फ्री चश्मा
नासूर का ऑपरेशन ? फ्री आना-जाना
पलक बंदी का ऑपरेशन
बच्चेदानी का ऑपरेशन
हार्निया, हाइड्रोसील का ऑपरेशन
ब्रेस्ट लैम्प का सफल ऑपरेशन
अपैनडिक्स का सफल ऑपरेशन
गुर्दे एवं पित्त की थैली में पथरी का दूरबीन द्वारा सफल आपरेशन
आई.सी.यू. एवं वेन्टीलेटर की सुविधा उपलब्ध है।
डायबीटिज् एवं हृदय रोगियों का विशेष केयर यूनिट
मरीज को एम्बुलेंस से लाने व ले जाने की फ्री सुविधा
पं. राजेन्द्र प्रसाद स्मारक कॉलेज ऑफ फार्मेसी
2026 ADMISSION OPEN
B.Pharm | D.Pharm Courses Available
Call to : 9548012113, 8882912291
ग्राम कजरी निरंजनपुर, पूरनपुर (पीलीभीत)

जागरण मोर्चा राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक स्वामी, किरन दीक्षित के लिए प्रकाशक, मुद्रक, मनोज कुमार दीक्षित द्वारा लक्ष्य प्रिन्टर्स 158/ 4 भानमती चौराहा मॉडल हाउस हुसैनगंज लखनऊ, ( उ०प्र० ) से मुद्रित एवं मीडिया हाउस 20ए शिवाजीमार्ग हुसैनगंज लखनऊ, ( उ०प्र० ) से प्रकाशित । सम्पादक योगेश कुमार वर्मा मो0- 7579849555,9627739857 E-mail: www.jagranmorchadaily@gmail.com RNI.No.-UPHIN/2022/82743 समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा ।